e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
वर्ष 11, अंक 46

# प्रभात मंत्र

शुक्रवार
16.02.2024
RNI No. - JHAHIN/2014/59110

ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**

जिस तरह से बूंद-बूंद से घड़ा भरता है, उसी तरह रोज थोड़ा-थोड़ा पढ़ने से ही सफलता प्राप्त होती है।

## क्विक न्यूज

### न्यायिक हिरासत में बिरसा कारागार भेजे गए पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन

**रांची** : प्रवर्तन निदेशालय ने पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की 13 दिनों की रिमांड अवधि खत्म होने पर गुरुवार को कड़ी सुरक्षा के बीच ईडी कोर्ट में पेश किया। ईडी के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत ने उन्हें न्यायिक हिरासत में 22 फरवरी तक के लिए बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार भेज दिया। अब उनकी पेशी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए होगी।उल्लेखनीय है कि ईडी ने हेमंत सोरेन को 31 जनवरी की रात गिरफ्तार किया था। इसके बाद एक फरवरी को हेमंत सोरेन को ईडी ने कोर्ट में पेश किया था। कोर्ट ने मामले में सुनवाई के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था। इससे पूर्व हेमंत से ईडी तीन बार में 13 दिनों की रिमांड ले चुकी थी। कोर्ट ने ईडी को पुलिस रिमांड के दौरान हेमंत सोरेन का मेडिकल चेकअप कराते रहने का निर्देश दिया था। साथ ही किसी तरह की शारीरिक और मानसिक प्रताड़ना नहीं देने को भी कहा था। इसके अलावा कोर्ट ने पूछताछ के दौरान हेमंत सोरेन को परिवार के सदस्य और वकील से मुलाकात करने की छूट दी थी। मुलाकात की अवधि 30 मिनट निर्धारित की थी।

### बीजापुर में पुलिस कैंप पर नक्सलियों ने बैरेल ग्रेनेड लॉन्चर दागे

**रायपुर** : छत्तीसगढ़ के बीजापुर-सुकमा के सीमावर्ती इलाके गढ़ गुंडम में गुरुवार को पुलिस फोर्स का नया कैंप स्थापित किया गया है। कैंप स्थापित करने के पहले ही दिन नक्सलियों ने वहां हमला कर दिया। बड़ी संख्या में कैंप पर नक्सलियों ने बैरेल ग्रेनेड लॉन्चर दागे हैं। जवानों की जवाबी कार्रवाई में नक्सली भाग निकले। मौके से 5-5 किलो के छह आईईडी बरामद हुए हैं। हमले में किसी जवान को नुकसान की खबर नहीं है। इस मौके पर बीजापुर के सारे आला अधिकारी मौजूद हैं। गुंडम घोर नक्सल प्रभावित इलाका है। अभी तक फोर्स यहां जाने में डरती थी, क्योंकि यहां नक्सलियों की बटालियन काम करती है। डीएसपी तुलसी लेकाम ने बताया कि यह मुठभेड़ कैंप समीप हुई है। नक्सलियों द्वारा यूजीबीएल से हमला करने पर जवानों ने जवाबी कार्रवाई की है, जिससे नक्सली भागने में सफल रहे। डीएसपी ने बताया कि गुंडम कैंप काफी दूरस्थ इलाके में है, जहां का नेटवर्क सही नहीं है, इससे पूरी जानकारी अभी नहीं मिल पाई है।

### काशी में 15 हजार करोड़ से अधिक का निवेश करेंगे 124 निवेशक

**वाराणसी** : आगामी 19 फरवरी को उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4.0 की तैयारी चल रही है। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की नीतियों से यूपी की तरफ निवेशक आकर्षित हो रहे हैं। निवेशकों की रुचि से पूर्वांचल में अब आर्थिक उदय होता दिख रहा है। मुख्यमंत्री की उत्तर प्रदेश को 1 ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी बनाने की मुहिम में काशी भी अग्रणी भूमिका निभाती दिख रही है। वाराणसी में 124 निवेशक 15 हजार करोड़ से अधिक के निवेश के लिए ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी-4.0 में शामिल होंगे। इस निवेश से वाराणसी में 43 हजार से अधिक लोगों को रोजगार का अवसर मिलेगा। योगी सरकार उत्तर प्रदेश को ब्रांड यूपी के रूप में विकसित कर रही है। प्रधानमंत्री 19 फरवरी को लखनऊ में जीबीसी का उद्घाटन करेंगे।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 26° |
| न्युनतम | 12° |

## संयुक्त किसान मोर्चा व केन्द्रीय ट्रेड यूनियनों ने किया ऐलान

# आज भारत बंद

*** किसान आंदोलन 17 फरवरी तक हरियाणा के 7 जिलों में बंद रहेगी इंटरनेट सेवा**

एजेंसी

**चंडीगढ़** : संयुक्त किसान मोर्चा और केन्द्रीय ट्रेड यूनियनों ने शुक्रवार को किसानों और श्रमिकों के मुद्दों को लेकर ग्रामीण भारत बंद का आह्वान किया है। एसकेएम ने गुरुवार को अपने बयान में कहा कि वह चाहते हैं कि किसानों को सभी फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी दी जाए। इसके साथ ही पंजाब सीमा पर किसानों पर पुलिस कार्रवाई पर रोक लगाई जाए। स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों को लागू किया जाए।एसकेएम के एक पदाधिकारी ने कहा कि किसान चाहते हैं कि सरकार ने जो वादे आंदोलन के समय किए थे, उन्हें पूरा करे।

उधर, केन्द्रीय ट्रेड यूनियनों की मांग है कि सभी मजदूरों का न्यूनतम वेतन 26,000 हजार रुपये प्रति माह किया जाए।किसान आंदोलन के चलते हरियाणा के 7 जिलों में इंटरनेट बंद रहने की समय सीमा बढ़ा दी गई है. अब 17 फरवरी तक इंटरनेट सेव बंद रहेगी. आदेश में कहा गया,राज्य के वर्तमान हालातों को देखते हुए, अंबाला, कुरुक्षेत्र, कैथल, जींद, हिसार, फतेहाबाद और सिरसा में कानून-व्यस्था की चुनौतीपूर्ण स्थिति को देखते हुए मोबाइल इंटरनेट सेवा, एसएमएस सर्विस और अन्य डोंगल सेवा को प्रतिबंधित किया जा रहा है ताकि इंटरसेवा का इस्तेमाल करके भ्रामक संदेशों,अफवाहों से सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने में न किया जा सके. दिल्ली कूच के लिए निकले पंजाब के किसान तीसरा दिन भी हरियाणा के शंभू बॉर्डर पर डटे रहे. किसानों ने पंजाब के 6 जिलों में 4 घंटे तक रेल रोको आंदोलन किया.

पंजाब के कई इलाकों में टोल नाके फ्री कराए.

### 20 से शुरू होने वाली कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की सभी परीक्षाएं स्थगित

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के परीक्षा शाखा द्वारा गुरुवार को किसान आंदोलन के चलते जारी अलर्ट और सड़कों के बंद होने के कारण 20 फरवरी से शुरू होने वाली सेंटर फॉर डिस्टेंस और ऑनलाइन एजूकेशन (दूरवर्ती शिक्षा) के पाठ्यक्रमों व अन्य कोर्सेज की परीक्षाएं स्थगित कर दी गई हैं। इस संबंध में परीक्षा शाखा द्वारा अधिसूचना जारी कर दी गई है।




### पंजाब के तीन जिलों में नेट बंद

किसान आंदोलन के बीच गृह मंत्रालय ने अब पंजाब पर सख्ती करते हुए प्रदेश के तीन जिलों में इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी हैं। पंजाब सरकार ने गृह मंत्रालय को पत्र लिखकर इस पर कड़ी आपत्ति दर्ज कराई है।

### हरियाणा के किसानों ने भी भरी हुंकार

पंजाब के किसानों के समर्थन में हरियाणा के किसानों ने भी हुंकार भर ली है. फतेहाबाद में पगड़ी संभाल जट्टा किसान संगठन के द्वारा मीटिंग करके बड़ा फैसला लिया गया. 16 फरवरी को पूरे हरियाणा में दोपहर 12:00 बजे से लेकर 3:00 बजे तक सभी टोल फ्री करवाए जाएंगे. हरियाणा के किसान संगठनों ने चेतावनी दी है.

## सुप्रीम कोर्ट ने चुनावी बॉन्ड योजना को किया रद्द



एजेंसी

**नई दिल्ली** : सुप्रीम कोर्ट ने चुनावी बॉन्ड योजना को रद्द कर दिया है. चुनावी बॉन्ड योजना की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान फैसला सुनाते हुए सीजेआई ने कहा,यह स्कीम मनमानी है और नागरिकों के सूचना के अधिकार का उल्लंघन है. उन्होंने कहा, काले धन को रोकने के लिए इलेक्टोरल बॉन्ड के अलावा भी दूसरे तरीके हैं.चुनावी बांड योजना, 2 जनवरी, 2018 को सरकार द्वारा शुरू की गई थी, इसे कैश डोनेशन को रिप्लेस करने और राजनीतिक फंडिंग में पारदर्शिता बढ़ाने के समाधान के रूप में देखा गया था.

**सुप्रीम कोर्ट ने क्या कहा:** सुप्रीम कोर्ट एक सर्वसम्मत फैसले पर पहुंचा, जिसमें चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ और जस्टिस संजीव खन्ना दोनों चुनावी बॉन्ड योजना की असंवैधानिक प्रकृति पर सहमत हुए. याचिकाओं में उठाए गए मुख्य मुद्दे संविधान के अनुच्छेद 19(1)(ए) के तहत सूचना के अधिकार के संभावित उल्लंघन, स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों के सिद्धांतों से समझौता करने वाली असीमित कॉर्पोरेट फंडिंग पर चिंता पर केंद्रित थे.सुप्रीम कोर्ट ने माना कि चुनावी बॉन्ड योजना काले धन पर लगाम लगाने का एकमात्र तरीका नहीं है. अदालत ने राजनीतिक दलों को वित्तीय सहायता से उत्पन्न होने वाले बदले की व्यवस्था की संभावना को स्वीकार किया.फैसले में इस बात पर प्रकाश डाला गया कि चुनावी बॉन्ड की व्यवस्था सीधे तौर पर नागरिकों के सूचना के अधिकार का उल्लंघन करती है.सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि सूचना के अधिकार के किसी भी उल्लंघन को सिर्फ काले धन पर लगाम लगाने के उद्देश्य से उचित नहीं ठहराया जाना चाहिए.फैसले में कहा गया कि केवल कुछ कॉन्ट्रिब्यूशन के वैकल्पिक उद्देश्यों की वजह से राजनीतिक योगदानों को गोपनीयता से वंचित करना अस्वीकार्य है.सुप्रीम कोर्ट ने पर्सनल कॉन्ट्रिब्यूशन की तुलना में राजनीतिक प्रक्रिया पर कंपनियों के संभावित गंभीर प्रभाव पर जोर दिया.अदालत ने कंपनी अधिनियम में संशोधन की आलोचना करते हुए कहा कि राजनीतिक फंडिंग में कॉर्पोरेट डोनेशन पूरी तरह से व्यावसायिक लेनदेन है. सुप्रीम कोर्ट ने बैंकों द्वारा चुनावी बॉन्ड जारी करने पर तत्काल रोक लगाने के निर्देश जारी किए. सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश जारी कर कहा, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (स्क्छ) चुनावी बॉन्ड के जरिए अब तक किए गए कॉन्ट्रिब्यूशन की सभी जानकारी 6 मार्च तक चुनाव आयोग को दे. साथ ही अदालत ने चुनाव आयोग को निर्देश दिया कि वह 13 मार्च तक अपनी वेबसाइट पर जानकारी साझा करे.

## जन समस्याओं का समाधान सरकार की प्राथमिकता : चम्पाई



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची** : जन समस्याओं का समाधान सरकार की प्राथमिकता है। हमारी सरकार का हमेशा से प्रयास रहा है कि जनता की परेशानियों का निदान कर सकें। मुख्यमंत्री श्री चम्पाई सोरेन ने सरायकेला-खरसांवा जिला के गम्हरिया प्रखंड स्थित अपने पैत्रिक गांव जिलिंगगोड़ा में मुलाकात करने आए लोगों से यह कहा। इस मौके पर लोगों ने अपनी समस्याओं और परेशानियों से मुख्यमंत्री को अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने लोगों को भरोसा दिलाया कि उनकी समस्याओं का त्वरित और यथोचित निराकरण होगा। इसके लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दे दिए गए हैं। मुख्यमंत्री ने लोगों से कहा कि उनके सुख- दुःख में सरकार उनके साथ हमेशा खड़ी है । यही वजह है कि आपकी योजना- आपकी सरकार- आपके द्वार कार्यक्रम के तहत अधिकारियों का दल आपके दरवाजे पर पहुंचा और आपकी समस्याओं को पूरी संवेदनशीलता के साथ सुनकर उसका समाधान किया। यह सिलसिला आगे भी जारी रहेगा, क्योंकि यह आपकी सरकार है।

हम सभी को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से काम कर रहे हैं, क्योंकि आपकी भागीदारी से ही राज्य का विकास संभव है।

**मुख्यमंत्री ने लोगों से कहा कि उनके सुख- दुःख में सरकार उनके साथ हमेशा खड़ी है । यही वजह है कि आपकी योजना- आपकी सरकार- आपके द्वार कार्यक्रम के तहत अधिकारियों का दल आपके दरवाजे पर पहुंचा और आपकी समस्याओं को पूरी संवेदनशीलता के साथ सुनकर उसका समाधान किया।**

## अगले सात दिनों में प्रधानमंत्री देश को देंगे 7 एम्स की सौगात



एजेंसी

**नई दिल्ली** : आगामी एक हफ्ते में देश को सात अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान की सौगात मिलने वाली है। शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रेवाड़ी एम्स का शिलान्यास करेंगे। इसके साथ 20 फरवरी को वे जम्मू एम्स का उद्घाटन करेंगे और 25 फरवरी को देश को पांच एम्स अस्पताल का उद्घाटन करेंगे। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने बताया कि पिछले 60 सालों में देश में सिर्फ 6 एम्स थे। लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार में एक हफ्ते में सात एम्स देश को समर्पित किया जा रहा है। 10 हजार करोड़ की लागत से तैयार सभी सात एम्स देश के स्वास्थ्य प्रणालियों को मजबूती देंगे और लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करेंगे। गुरुवार को मीडिया से बातचीत में डॉ. मांडविया ने बताया कि 25 फरवरी को देश में पांच एम्स राष्ट्र को समर्पित किया जाएगा, जिसमें राजकोट एम्स (गुजरात), मंगलगीरी एम्स (आंध्रप्रदेश), रायबरेली एम्स (उत्तर प्रदेश), कल्याणी (पश्चिम बंगाल) एम्स और भटिंडा एम्स शामिल है।

असर्फी हॉस्पीटल, धनबाद
अब हृदय का बाईपास सर्जरी, वाल्व रिप्लेसमेंट, फेफड़े इत्यादि का ऑपरेशन
आयुष्मान भारत कार्ड से हो रहा है
78083 68888 www.asarfihospital.com
असर्फी हॉस्पीटल, बारामुड़ी, बिशुनपुर, धनबाद -828130



### नवगढ़ विद्यालय में मातृ-पितृ पूजन कार्यक्रम का आयोजन

# प्रयोगशालाएं व यज्ञशालाएं दोनों समाज की जरूरत : आशा साहू



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पंडवा (पलामू)।** एक ओर जहां पूरा देश पश्चिमी सभ्यता से प्रभावित हो कर वेलेंटाइन डे मना रहा था वहीं दूसरी ओर पलामू जिले के उंटारी प्रखंड में स्थित राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय अपने बच्चों में संस्कारों को समाहित करने के उद्देश्य से 14 फरवरी को मातृ -पितृ पूजन दिवस मना रहा था।कार्यक्रम के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए विद्यालय के शिक्षक राजेश कुमार मिश्र ने प्रेस को बताया कि वर्तमान में समाज का हो रहे नैतिक पतन और चारित्रिक ह्रास को देखते हुए विद्यालय द्वारा यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इस कार्यक्रम का उद्घाटन उंटारी प्रखंड के वीडियो आशा साहू तथा विश्रामपुर विधान सभा क्षेत्र के प्रमुख समाज सेवी राम नरेश सिंह,ऊंटारी प्रखंड के उपप्रमुख खोखन राम तथा लुम्बा सतबहिनी पंचायत के मुखिया शकुंतला देवी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।अपने उद्घाटन भाषण में उंटारी प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी आशा साहू ने कहा कि मुझे विद्यालयों से विशेष लगाव रहा है और मैं अक्सर विद्यालयों में जाती रहती हूँ।लेकिन यह विद्यालय उन विद्यालयों से अलग है।इस विद्यालय के शैक्षणिक व्यवस्था निजी विद्यालयों की तरह दिख रही है। एक सरकारी विद्यालय में इस तरह की हाउस व्यवस्था और ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन सोच से परे है।ऐसी व्यवस्था और इस कार्यक्रम के लिए विद्यालय के शिक्षकों की जितनी प्रशंसा की जाय वह कम होगा।मातृ-पितृ पूजन का यह कार्यक्रम वर्तमान समाज की जरूरत है।जरूरत है कि विद्यालयों में प्रयोगशालाओं के साथ-साथ यज्ञशालाओं पर भी बातें हो,तभी बच्चें अपनी संसस्कृति से अवगत होगें।अवगत होगें कि हमारे संस्कृति में माता पिता को कैसे देवताओं के समतुल्य माना गया है। तभी समाज को संस्कारित और चरित्रवान युवा मिलेंगे। वहीं समाजसेवी रामनरेश सिंह ने कहा कि युवाओं में हो रहे चारित्रिक पतन के परिपेक्ष्य में इस तरह के कार्यक्रमों का आयोजन प्रसांगिक है।इस विद्यालय द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम से मैं भावविह्वल हूँ। यह कार्यक्रम यहाँ के शिक्षकों की सोच को दर्शाता है।दर्शाता है कि यहाँ के शिक्षक समाज को उच्च कोटि के नागरिक प्रदान करेंगें। लेकिन जरूरत है कि अभिभावक और समाज भी इसमें इनका सहयोग करें। मैं एक सामाजिक कार्यकर्ता हूँ,और सभी जानते है कि मैं अपने कमाई का 25 प्रतिशत सामाजिक कार्यों पर खर्च करने को प्रतिबद्ध हूँ।मैं शपथ तो नही लेता लेकिन यह घोषणा करता हूँ कि हमसे जितना बन पाएगा मैं इस विद्यालय को सहयोग करूँगा।शैक्षणिक सत्र 2023-24 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को इस कार्यक्रम में सम्मानित भी किया गया। बीडीओ ने विद्यालय के बेस्ट बॉय ऑफ द ईयर शैलेश प्रजापति और बेस्ट गर्ल ऑफ द ईयर सिमा कुमारी को प्रमाण पत्र और कप दे कर सम्मानित किया। वहीं गांधी हाउस के हाउस कैप्टन पारो कुमारी तथा हाउस टीचर कृष्णा राम को विजेता तथा स्वामी विवेकानंद हाउस के हाउस कैप्टन रामा कुमारी तथा हाउस शिक्षिका ममता कुमारी को उपविजेता के सम्मान से समाज सेवी राम नरेश सिंह ने सम्मानित किया। विद्यालय की शिक्षिका ममता कुमारी, प्रधानाध्यापक कृष्णा राम और बाल संसद के प्रधानमंत्री कार्तिक कुमार,उप प्रधानमंत्री सिमा कुमारी तथा बाल संसद के मंत्री रौशन कुमार, मनीष कुमार, प्रीति कुमारी, रिंकी कुमारी,पुष्पा कुमारी ने आगत अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ प्रदान कर तथा तिलक लगा कर और आरती उतार कर किया।

## हुसैनाबाद : मातृ सम्मेलन का आयोजन



**हुसैनाबाद :** मां शिव कुमारी देवी सेवा संस्थान द्वारा संचालित श्री मां बाल विकास विद्यालय की गम्हरिया होलिया रोड स्थित शाखा में मातृ सम्मेलन का आयोजन किया गया. इस अवसर पर नृत्य व संगीत का रंगारंग कार्यक्रम, वर्ग दशम के बच्चो, वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया.विद्यालय के बच्चों द्वारा अतिथियों के सम्मान में स्वागत गीत पेश किया गया.सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना भक्ति गीत पर बच्चों द्वारा नृत्य से की गयी. इसके बाद पौष्टिक आहार पर जागरूकता कार्यक्रम की प्रस्तुति की गयी. इसके बाद माता का प्यार, नागपुरी नृत्य, बाल नृत्य आदि की प्रस्तुति की गयी.अतिथियों द्वारा प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता निदेशक जीतेन्द्र प्रसाद ने की. संचालन विद्यालय की छात्रा पुनम व श्रेया ने संयुक्त रूप से किया. कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए जीतेन्द्र प्रसाद ने कहा कि बच्चों की सही परवरिश, शिक्षण व संस्कार में माताओं की अहम भूमिका होती है. सभी माताओं को अपने पाल्यो की शैक्षणिक विकास के लिए जागरूक होना की जरुरत है. शिक्षकों व माताओं में शिक्षा के प्रति विचार विमर्श व आकलन अति जरूरी है. कार्यक्रम को सफल बनाने में रविन्द्र कुमार मेहता, धीरेंद्र प्रसाद, विक्रम विशाल, आलोक कुमार, राहुल कुमार, आदर्श कुमार पाल, काजल सिंह,आरती सिंह, ज्योति कुमारी, गुलाफ्शां, रिया राज आदि सक्रिय रहे कार्यक्रम में मुख्य रूप से पुनम देवी, इरजत खातून, रिजवान खान, अनिल कुमार वर्मा, जयंती देवी, नीलम देवी, बेबी देवी, राकेश विश्वकर्मा, रंजना सिंह, राकेश सिंह, मयंक मिश्रा, उदय सिंह, निरंजन पासवान, दुर्गेश मिश्रा, विकास कुमार सिंह, मुकेश कुमार मेहता, हेना खातून, रजनीश सिंह, बंटेश सिंह, सुनीता देवी, नजिना आरा खातून,रूबी देवी समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे.

# संत मरियम स्कूल में गुरु चरण पूजा सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

1

मेदिनीनगर। संत मरियम छात्रावास परिसर के प्रांगण में बुधवार को बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर संध्या 07 बजे गुरु चरण पूजा व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां बतौर मुख्य अतिथि पलामू अपर समाहर्ता कुन्दन कुमार, एसडीपीओ मणि भूषण प्रसाद, एसडीपीओ के रीडर सुहैल खान, व्यवसायी संघ के अध्यक्ष प्रभात अग्रवाल, सेवानिवृत्त सैनिक ब्रिजेश शुक्ला, भाजपा नेता अविनाश वर्मा, लिलिपुट विद्यालय के निदेशक राजीव गोयल, सेवानिवृत्त शिक्षक जटाधारी गुरुजी, डॉ. राजीव, एडवोकेट ओंकारनाथ तिवारी, कवि एम. जे. अजहर, संत मरियम किड्स स्कूल, चैनपुर के डायरेक्टर आनंद कुमार, पिंकी कुमारी समेत सभी अतिथियों को विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव ने पुष्पगुच्छ व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। तत्पश्चात सभी अतिथियों ने विद्यालय परिसर में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम का फीता काटकर शुभारंभ किया। देश के संस्कृति व सभ्यता में सुसज्जित छात्रों का नृत्य, सुरीली आवाज में संगीत, शिव का रूप धारण किये शिव तांडव कर रहे बच्चों का विकराल रूप, सचमुच में रोंगटे खड़े कर दिए, वहीं अलग-अलग बच्चों की प्रतिभाओं ने इस कार्यक्रम में मौजूद अतिथियों समेत सभी लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। मौके पर उपस्थित अपर समाहर्ता कुन्दन कुमार ने विद्यालय परिवार को बसंत पंचमी की शुभकामनाएं दी। साथ ही, उन्होंने कहा कि संत मरियम स्कूल के नाम के अनुकूल ही इस विद्यालय के बच्चों में प्रतिभा भी निहित है। मैं खुद गौरवांवित महसूस कर रहा हूं कि आज मैं आप सबों के बीच मौजूद हूं। आगे उन्होंने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि मैं उम्मीद करूंगा कि आप जब इस विद्यालय से पढ़कर निकलेंगे तो निःसंदेह ही इस विद्यालय के नाम सहित पूरे देश का नाम विश्व भर में रोशन करेंगे, वहीं विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देने बताया कि जब भी विद्यालय में इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है तो उसका उद्देश्य सिर्फ यह नहीं होता है कि बच्चों को या अतिथियों का मनोरंजन हो सके, बल्कि उसका मुख्य उद्देश्य होता है कि छात्रावास में अध्ययन कर रहे बच्चों का तनाव व अपने परिवार से दूर रहने की मायूसी कम हो सके। साथ ही, बच्चे देश की संस्कृति व सभ्यता से भी रूबरू हो सकें। मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक कुमार आदर्श, छात्रावास अधीक्षक उत्कर्ष देव, शिक्षक, छात्र-छात्राओं समेत समस्त कर्मचारीगण भी मौजूद थे।




# ग्रामीणों ने की डीलर के खिलाफ कार्रवाई की मांग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** झामुमो नेता ताहिर अंसारी के नेतृत्व में गुरुवार को प्रखंड के सरहस्ताल खुर्द, बारोडीह तथा पिपरडीह ग्राम के ग्रामीणों ने अनुमंडल पदाधिकारी रतन कुमार सिंह को आवेदन देकर डीलर प्रणय कुमार पर विगत सात माह से राशन वितरण नहीं करने का आरोप लगाते हुये जांचोपरांत डीलर पर कार्रवाई करने की मांग किया है। एसडीओ को दिये गये आवेदन में ग्रामीणों ने कहा है कि उक्त ग्राम के डीलर प्रणय कुमार के द्वारा विगत सात माह से राशन वितरण नहीं किया गया है। ग्रामीणों ने कहा है कि इस संबंध में डीलर के विरुद्ध प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी नगर उंटारी एवं जिला खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी गढ़वा को आवेदन दिया गया था। लेकिन अभी तक किसी भी लाभुक को राशन नहीं मिल पाया है और न ही डीलर पर अभी तक कोई कार्रवाई ही किया गया है।ग्रामीणों ने कहा है कि इसके विरुद्ध आवाज उठाने पर डीलर के पिता शिवधारी राम ने सभी सात पंचायत प्रतिनिधियों पर स्थानीय थाना में प्राथमिकी दर्ज कराया है। ग्रामीणों ने डीलर प्रणय कुमार की जगह डीलर रविन्द्र प्रताप देव के द्वारा राशन वितरण कराने,डीलर प्रणय कुमार पर प्राथमिकी दर्ज कराने,डीलर से राशन रिकवरी कराकर लाभुकों को राशन उपलब्ध कराने, डीलर प्रणय कुमार का अनुज्ञप्ति रद्द कराने की मांग किया है।इधर अनुमंडल पदाधिकारी ने ग्रामीणों को समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया है।उन्होंने कहा कि बीडीओ को जांच करने के लिए कहा गया है। आवेदन पर हस्ताक्षर करने वालों में मुखिया प्रतिनिधि भगवान राम,बीडीसी प्रतिनिधि कृष्णा राम,उप मुखिया असगर अंसारी, लालती देवी, मीना कुमारी, फूलकुमारी, मुनी देवी,पूनम देवी, प्रमिला देवी, समिला देवी, रिंकी कुमारी, मंजू भारती, कलावती कुँवर, नसीमा बीबी, प्रदीप कुमार श्रीवास्तव, चम्पा देवी, राजमती देवी, मोती देवी, प्रतिमा देवी आदि ग्रामीण महिला-पुरुष के नाम शामिल है।

## एक नजर

### किसानों को मुआवजा व गिरे मकानों की जगह मिले अबुआ आवास : विधायक



**हुसैनाबाद (पलामू):** हुसैनाबाद हरिहरगंज विधानसभा क्षेत्र में तीन दिनों की बारिश ओलावृष्टि व आंधी से रब्बी फसल को भारी क्षति हुई है। साथ ही कई गांव में कच्चे मकान गिर गए हैं। इस संबंध में हुसैनाबाद हरिहरगंज विधायक कमलेश कुमार सिंह ने कहा है कि आंधी बारिश व ओलावृष्टि से हुसैनाबाद हरिहरगंज विधानसभा क्षेत्र के पांचों प्रखंडों में भारी क्षति हुई है। किसानों की गेहूं चना सरसों के अलावा सब्जी की फसल को भी भारी नुकसान हुआ है। साथ ही कई कच्चे घरों को भी गिरने की जानकारी मिली है। उन्होंने कहा कि वर्षा के अभाव में विधानसभा क्षेत्र में धान की फसल नहीं हो पाई थी। किसानों ने रब्बी पर उम्मीद लगाई थी, वह भी आंधी बारिश व ओलावृष्टि की भेंट चढ़ गई। किसान पूरी तरह से टूट गए हैं। विधायक श्री सिंह ने झारखंड सरकार के मुख्यमंत्री को पत्र लिख कर किसानों की फसलों की जांच कराकर उचित मुआवजा अविलंब देने की मांग की है।उन्होंने पत्र में कहा है कि विभिन्न गांव में गिरे कच्चे मनान के मालिकों को चिन्हित कर उन्हें प्राथमिकता के आधार पर अबूआ आवास का निर्माण कराने की मांग की है। उन्होंने कहा है कि क्षतिग्रस्त हुए घरों की जगह आवास नहीं बना तो प्रभावित गरीब परिवार के लोग खुले आकाश के नीचे रहने को बाध्य होंगे।

### युवा शक्ति क्लब ने किया मूर्ति विसर्जन



**हुसैनाबाद।** बसंत पंचमी के अवसर पर प्रखंड के लंगर कोट गांव युवा शक्ति क्लब के तत्वाधान में गुरुवार को गांजे बाजे के साथ रंग अबीर गुलाल एक दूसरे को लगाते हुए हंसवाहिनी पुस्तक धारणी विद्या वाहणी को जय कारें लगाते हुए समस्त गांव में मां सरस्वती मूर्ति को भ्रमण कराया गया गया और विर्सजन के दौरान लंगर कोट गांव से चल कर नहर मोड़ होते हुए जेपी चौक हरिहर चौक के रास्ते देवरी सोन नदी के तट पर मूर्ति विसर्जन किया गया। मौके पर सिंटू कुमार पटेल विकी कुमार पटेल जितू शर्मा पटेल रजनीश पटेल मनीष कुमार पटेल गोलू पटेल गोलू ठाकुर दिनेश ठाकुर राहुल ठाकुर लच्छू पटेल सूरज कुमार पासवान अंगद कुमार पासवान सहित काफी संख्या ग्रामीण मौजूद थे।

### अबुआ आवास का लाभ जल्द मिले : पवन



**पड़वा(पलामू):** पड़वा प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत के ग्राम सखुआ में बिजली लाइन के शॉर्ट सर्किट होने से अचानक दलित गरीब परिवार शियावती देवी पति महेश राम की घर आग से जल गई इस घटना में परिवार के सदस्य बाल बाल बच गए अब इनके पास रहने के लिए दूसरा कोई जगह नहीं है आग लगने से घर में रखें कपड़ा, चौकी, लोन भरने के लिए रखा हुआ दो हजार रूपए जल गया मौके पर पहुंचे पूर्व वार्ड सदस्य सह भाकपा माले पलामू जिला कमिटी सदस्य सह इंकलाबी नौजवान सभा पलामू जिला सचिव पवन विश्वकर्मा ने प्रखंड विकास पदाधिकारी को लिखित आवेदन वाटसप के माध्यम से फोन करके घटना की जानकारी देकर पीड़ित परिवार को तत्काल सहायता राशि और आबूआ आवास मुहैया कराने की मांग किया है।

### सड़क हादसे में चार लोग घायल

**भवनाथपुर:** टाउनशिप मुख्य पथ स्थित देवी धाम के समीप ललकी माटी नामक स्थान पर दो बाइकों के आमने-सामने टक्कर होने से चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार घायलो में सुदेश्वर यादव पिता विकाऊ यादव मुरमा खूर्द विश्रामपुर थाना,तथा बादल सिंह पिता बिनोद सिंह, अरविन्द सिंह पिता राजेंद्र सिंह अधौरा भवनाथपुर थाना और विकास सिंह मनातु थाना निवासी का नाम शामिल हैं। गंभीर रूप से घायल सुदेश्वर यादव, विकास सिंह को प्राथमिक उपचार कर गढ़वा रेफर कर दिया गया है। समाचार के अनुसार सुदेश्वर यादव बुका गांव से अपने रिश्तेदार के घर से वापस घर जा रहा था कि विपरीत दिशा से एक ही बाइक पर सवार होकर बादल सिंह, अरविंद सिंह तथा रिश्तेदार विकास सिंह के साथ टाउनशिप से शराब पी कर अधौरा गांव जा रहें थे कि देवी धाम स्थित ललकी माटी के समीप आमने-सामने से टक्कर हो गया। टक्कर इतना जोरदार था कि सुदेश्वर यादव के मोटरसाइकिल का अगला चक्का क्षतिग्रस्त हो गया। घटना की सुचना मिलते ही थाना प्रभारी रामेश्वर उपाध्याय घटना स्थल पहुंचे। पहल कर 108 से घायलों को अस्पताल भेजवाया। घटनास्थल से दोनों मोटरसाइकिल पुलिस ने जब्त कर लिया है।

# बूढ़ीवीर में भगवान राम का मंदिर तैयार : अर्जुन पांडेय



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर(पलामू):** चैनपुर प्रखंड के बूढ़ीवीर ग्राम के राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम चल रहा है,जहां बनारस से पुरोहित द्वारा मंदिर में 13 देवी-देवताओं की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा होनी है. इसके लिए 11 फरवरी को कलश यात्रा के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हो गई है. वहीं, 19 फरवरी को मंदिर परिसर में प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी.आयोजन समिति के संरक्षक अर्जुन पांडेय ने बताया कि पलामू के लिए गर्व की बात है कि भगवान राम का भव्य मंदिर बूढ़ीवीर में बनकर तैयार है, जहां 13 देवी देवताओं की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम चल रहा है. यहां 14 फरवरी से बनारस से आए श्रीश्री 1008 गंगापुत्र महाराज जी द्वारा प्रवचन का कार्यक्रम आयोजित है. दोपहर 1 बजे से 3 बजे तक प्रवचन कार्यक्रम होगा. यह कार्यक्रम 21 फरवरी तक चलेगा.भक्ति जागरण भी होगा वहीं,19 फरवरी को मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के लिए एक कुंडिया प्राण प्रतिष्ठात्मक यज्ञ मंडप बनाया गया है. वहीं कार्यक्रम के अंतिम दिन हवन, नगर भ्रमण के साथ भक्ति जागरण का आयोजन होगा.200 साल पुराने मंदिर परिसर में बना नया मंदिर मंदिर के पुजारी चंद्रशेखर ने बताया कि यहां एक पुराना राम मंदिर है, जो 200 वर्ष पुराना है. उसकी जीर्ण-शीर्ण अवस्था के कारण परिसर में नया मंदिर बनाया गया है. यह मंदिर 1 करोड़ से अधिक की लागत से बना है. इसमें ग्रामीणों ने सहयोग किया है. पुराना मंदिर यहां के राजा अवध बिहारी सिंह ठाकुराई के द्वारा बनाया गया था. जहां राम दरबार, शिव मंदिर और गणेश जी की प्रतिमा स्थापित है. वहीं अब नए मंदिर में राम दरबार, शिव परिवार, राधा कृष्ण, माता दुर्गा और हनुमानजी की प्रतिमा स्थापित होगी.

### विशुनपर पंचायत में प्राधिकार समिति सह प्रशासनिक की बैठक

**नौड़ीहा बाजार (पलामू):** नौड़ीहा बाजार प्रखंड के विशुनपुर पंचायत कार्यलाय परिसर 15 फरवरी 2024 दिन गुरूवार के प्रशासनिक सह अनुशासनिक समिति की बैठक पंचायत के मुखिया जितेंद्र कुमार भारती की अध्यक्षता मे सभी सदस्यों के साथ बैठक किया गया। बैठक मे नौड़ीहा बाजार प्रखंड के अवैध 210 सहायक अध्यापक मे से विशुनपुर पंचायत की सभी सहायक अध्यापक के संदर्भ मे निर्णय लिया गया और प्राधिकार समिति ने सभी सहायक अध्यापक की घटनोतर स्वीकृति प्रदान किया ।

### 30 मार्च से लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का आयोजन

**विश्रामपुर (पलामू) :** विश्रामपुर प्रखंड के सिगसिगी ग्राम पंचायत में श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का आयोजन होना है. इसी महायज्ञ को लेकर गुरुवार को धार्मिक अनुष्ठानों के बीच हनुमत पूजन,भूमि पूजन तथा देव आमंत्रण सहित कई कार्यक्रम का आयोजन किया गया. देव आमंत्रण की शुरुआत भाजयुमो ग्रामीण मंडल अध्यक्ष सह महायज्ञ समिति अध्यक्ष अनुज कुमार चौधरी ने भगवा झंडा के साथ यज्ञ परिसर से किया.जो पंचायत भ्रमण करते हुए सभी ग्राम देवी-देवताओं के स्थल पर जाकर विशेष पूजा-अर्चना के बीच आमंत्रण दिया गया. यज्ञ समिति के अध्यक्ष अनुज कुमार चौधरी ने बताया कि सिगसिगी में श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का आयोजन किया गया है,जो 30 मार्च से शुरू होगा।

# एम के इंटरनेशनल स्कूल में धूमधाम से मनाया गया दूसरा वार्षिकोत्सव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर (गढ़वा):** अनुमंडल मुख्यालय स्थित जंगीपुर स्टेशन रोड संचालित एम के इंटरनेशनल स्कूल में दूसरा वार्षिक उत्सव बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। वार्षिक उत्सव में स्कूली बच्चों ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर वहां उपस्थित लोगों का मंत्रमुग्ध कर दिया। वार्षिक उत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि अनुमंडल न्यायालय के सीनियर जज मनोज कुमार त्रिपाठी, वाराणसी बीएचयू विश्वविद्यालय के प्रो0 डॉ बी एन राय, विशिष्ट अतिथि सिविल जज रवि चौधरी, एसडीजएम बंकिम चंद्र चटर्जी, जज इंचार्ज अमित खन्ना, डॉ मनीष सिंह एवं आलोक प्रियदर्शी ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्वलित कर किया। कक्षा नवम के विद्यार्थियों द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत किया गया। इस दौरान अतिथियों ने प्रतिभावान बच्चों को पुरस्कृत भी किया।कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि मनोज त्रिपाठी ने कहा कि बच्चों को अच्छा नागरिक बनने में माता-पिता के बाद शिक्षण संस्थाओं का अहम योगदान होता है। शिक्षकों को बच्चों को संस्कारवान बनाने के लिए गुणवत्ता पूर्वक शिक्षा देनी चाहिए। उन्होंने छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें आशीर्वाद दिया। बीएचयू विश्वविद्यालय के प्रो0 डॉ बी एन राय ने कहा की शिक्षा के साथ-साथ छात्र-छात्राओं के कौशल विकास के लिए इस तरह की सांस्कृतिक गतिविधियां समय-समय पर होते रहना चाहिए। छात्रों को अपने जीवन में ऊंचे लक्ष्य निर्धारित जरूर करना चाहिए और उसे लक्ष्य की प्राप्ति के लिए मेहनत अति आवश्यक है। उन्होंने कहा कि प्रबंधन जहां विद्यालय की स्थापना कर विद्यालय को मूलभूत सुविधाओं से सुसज्जित करता है। वही विद्यालय में पढ़ने आने वाले बच्चों को शिक्षक शिक्षा देकर गढ़ने का काम करता है। उन्होंने कहा कि अच्छी शिक्षा एवं संस्कार इस जीवन को एक नया रूप देते हैं। छात्र-छात्राओं ने एकल नृत्य और सामूहिक नृत्य करके दर्शकों का मन लुभाया और उपस्थित लोगों को झूमने पर विवश कर दिया। कई छात्र-छात्राओं ने ड्रामा,नाटक प्रस्तुत करके समाज के लोगों को जागरूक किया। हिंदू मुस्लिम एकता, देश भक्तों की वीरता, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ जैसे संदेश संगीत और नाटक के माध्यम से छात्र-छात्राओं छोटे-छोटे बच्चों ने दिया। वही पुलवामा हमले में शहीद जवानों को याद करते हुए बच्चों ने कार्यक्रम प्रस्तुत की तो एक अलग ही उत्साह नजर आया।मौके पर विद्यालय के संस्थापक मुनेश्वर सिंह गुरुजी,डायरेक्टर मनीष कुमार सिंह, डिप्टी डायरेक्टर जर्नलिस्ट प्रीति सिंह, प्रिंसिपल डॉ राय रॉस, कोऑर्डिनेटर कृषाणु परुवा, प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर अमृता सिंह, राजेश कुमार द्विवेदी, विजय कुमार गुप्ता,कुमारी कंचन गुप्ता, मंगल पाल, रेणुका सिंह, सुनील कुमार, सौरव यादव, जितेंद्र प्रताप यादव, हरेंद्र कुमार यादव, खुशबू प्रजापति, खुशबू कुमारी, पप्पू पटेल, पूनम शर्मा,प्रीति कुमारी काजल तिवारी सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

### संक्षिप्त खबरें

## झारखंड कैबिनेट की बैठक स्थगित, मंत्रिमंडल विस्तार के बाद होगी अगली बैठक

रांची : राज्य मंत्रिपरिषद की गुरुवार शाम पांच बजे होने वाली बैठक अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दी गई है। इस संबंध में गुरुवार को मंत्रिमंडल सचिवालय एवं संबंध में विभाग ने आदेश जारी कर दिया है। अब यह माना जा रहा है की मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के मंत्रिमंडल विस्तार के बाद ही कैबिनेट की अगली बैठक होगी। मंत्रिमंडल का विस्तार शुक्रवार तीन बजे से होगा।

## रांची में लगा हेमंत सोरेन का झारखंड झुकेगा नहीं लिखा पोस्टर

रांची : प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) रिमांड खत्म होते ही शहर में अचानक कई स्थानों पर पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के पोस्टर लगाये गये हैं। गुरुवार सुबह तक यह पोस्टर नहीं थे। लेकिन दोपहर में ये पोस्टर हरमू बाई पास रोड के कई स्थानों पर देखा गया। इसमें झारखंड के प्रमुख आंदोलनकारी, शहीदों के साथ शिबू सोरेन, मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के साथ हेमंत सोरेन की फोटो बड़े आकार में लगे हैं। पोस्टर में लिखा है झारखंड झुकेगा नहीं।

## कार्यशाला का आयोजन

रांची : एमएचटी और क्राई अमेरिका के सहयोग से रांची, झारखंड में तीव्र शहरी विकास में आवास और भूमि अधिकार चुनौतियों को नेविगेट करना एक कार्यशाला का आयोजन कर रहा है। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य आवास और भूमि अधिकारों का पता लगाना, पीएमएवाई के प्रभाव का आकलन करना, रांची की भूमि स्वामित्व चुनौतियों से निपटना और सर्वोत्तम प्रथाओं की पहचान करना है। एक समावेशी कार्यशाला सरकारी अधिकारियों, सामुदायिक नेताओं, शोधकर्ताओं और लाभार्थियों को सहयोगात्मक समाधान के लिए आमंत्रित करती है।

# बहुत चला यातायात जागरूकता अभियान, अब नहीं सुधरेंगे तो होगी कार्रवाई : प्रमोद केशरी

परवेज़ कुरैशी@प्रभात मंत्र

**रांची।** लंबे समय से अखबारों के माध्यम से और ऐसे भी देखते रहे हैं कि रांची शहर और इसके आसपास में यातायात व्यवस्था में सुधार लाने के लिए लगातार तत्कालीन यातायात पुलिस अधीक्षक, तत्कालीन यातायात पुलिस उपाधीक्षक एवं सामाजिक संगठनों , एनजीओ जैसी संस्थाओं के द्वारा लगातार जागरूकता अभियान चलाया जाता है, ताकि यातायात व्यवस्था में सुधार हो सके। रांची शहर जाम मुक्त हो सके, इधर-उधर बेतरतीब तरीके से वाहनों की पार्किंग ना करें,ओवर टेकिंग,ट्रीपल राइड न करें , तेज रफ्तार में वाहन न चलाएं, बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट लगाए वाहन चलाने से बचें। इसके अलावा भी कई बातों को समझाया और बताया जा चुका है । कुछ सुधार हुआ है लेकिन और सुधार की जरूरत है। यातायात पुलिस पदाधिकारी का मकसद यही है यातायात नियमों का पालन कराना, बावजूद इसके व्यवस्था में सुधार होता नहीं दिख रहा है , अब जागरूकता अभियान से ज्यादा जरूरी है कार्रवाई करना, उक्त बातें प्रभात मंत्र संवाददाता परवेज़ कुरैशी से नवनियुक्त यातायात पुलिस उपाधीक्षक प्रमोद कुमार केशरी ने कहीं ।

**यातायात नियमों का पालन कराना हम पुलिस पदाधिकारियों का कर्तव्य :** यातायात पुलिस उपाधीक्षक प्रमोद केशरी ने कहा कि यातायात नियमों का पालन करना और कराना हम पुलिस पदाधिकारियों का कर्तव्य है। चौक चौराहों पर यातायात पुलिस तैनात किए गए हैं उनका भी यही उद्देश्य होता है कि यातायात नियमों का पालन करायी जाए , लेकिन हम देखते हैं कि कई चीजों को बार-बार बोलने के बाद भी इसमें सुधार नहीं हो रहा है, या नहीं कर रहे हैं । ऑटो स्टैंड है लेकिन जैसे तैसे ऑटो खड़ी कर सड़क को संकीर्ण बना देते हैं। मॉल, कम्प्लेक्स , दुकान जो है इसके बाहर नो पार्किंग जोन में भी वाहनों को लगा दिया जाता है। मेन रोड के मुख्य मार्ग पर सफेद लाइन के बाहर फुटपाथ दुकान लगा रहे हैं । यातायात पुलिस और रांची नगर नगर कई बार संयुक्त रूप से अभियान चला चुके हैं। लेकिन स्थिति आज भी जब की तस है।

**सभी से अपील है :** यातायात पुलिस उपाधीक्षक ने कहा कि मैं सभी ऑटो चालकों , फुटपाथ दुकानदारों, ठेला खोमचे वाले से अपील करते हैं कि दस दिनों के अंदर इन सभी व्यवस्थाओं में सुधार कर लें, क्योंकि पहले बहुत बार जागरूकता अभियान चला कर आपको समझा दिया गया है। अब सीधे कार्रवाई करनी होगी । नगर निगम और यातायात पुलिस संयुक्त रूप से अभियान चलाएगी और किसी की पैरवी नहीं सुनी जाएगी।

**सभी ऑटो चालक पहनेंगे युनिफोर्म :** फिलहाल सबसे पहले



यह शुरुआत किया जा रहा है कि जितने भी रांची शहर में ऑटो चालक हैं, वे सभी यूनिफॉर्म पहनेंगे । सभी ऑटो चालक आइडी कार्ड अपने गले में टांग कर रखेंगे। अब ऑटो के दाहिने तरफ सवारी नहीं उतारेंगे, इसके लिए दाहिने तरफ रॉड लगाये, ताकि ऑटो में बैठे सवारी बाएं तरफ से ही उतर और चढ़ कर सकेंगे। इन नियमों का पालन 10 दिनों के अंदर शुरू होगी, जो नहीं मानेंगे कार्रवाई होगी, कोई पैरवी भी नहीं सुनी जाएगी।

**जुर्माना जमा करें :** करीब 2023 से जनवरी 2024 तक करीब 2 लाख वाहन चालकों का चालान काटा गया है , लेकिन इनमें से करीब 30 हजार लोगों ने ही अपना जुर्माना भरा है, बाकी लोग जुर्माना नहीं भरा रहे हैं या फिर वाहन चालक या वाहन मालिक को चालान काटे जाने की जानकारी नहीं है । यदि और विलंब करेंगे तो कोर्ट से नोटिस जाएगा और आपका लाइसेंस भी रद्द होगा, इसलिए एक बार अपना मोबाइल का मैसेज बॉक्स जरूर चेक करें।

### कौन है प्रमोद केशरी

फोर्थ जेपीएससी 2012 के बैच के हैं और हजारीबाग के रहने वाले हैं । पहली पोस्टिंग खलारी पुलिस उपाधीक्षक के रूप में, स्पेशल ब्रांच ,मुख्यमंत्री सुरक्षा, सिंदरी एसडीपीओ ,एसटीएफ और नगर ऊंटरी एसडीपीओ और इसके बाद रांची यातायात पुलिस उपाधीक्षक के पद पर तैनात किए गए।

**आगे इस पर काम करना जरूरी है :** शहर में जितने भी वैध और अवैध ऑटो स्टैंड है इसको चिन्हित करना चाहिए। सभी ऑटो स्टैंड में सीसीटीवी कैमरे की व्यवस्था की जानी चाहिए , ताकि यह पता चले कि कोई भी ऑटो चालक अपना ऑटो बेतरतीब तरीके से ना लगा सके। किस ऑटो में कौन बैठ रहा है यह भी स्पष्ट हो जायेगा। जितने परमिट वाले ऑटो है वहीं शहर में चलाएं , कोशिश करें जिनके पास परमिट नहीं है वे परमिट बनवा लें। यदि परमिट नहीं मिल रहा है , परमिट फेल हो चुका है या परमिट नहीं है तो वैसे ऑटो चालकों एवं मालिक अपने ऑटो को सड़क पर न चलाएं। वहीं जहां तहां गड्ढे खोदे गये हैं वहां पर सुरक्षा की दृष्टिकोण से सावधानी पूर्वक बोर्ड नहीं लगाया गया है। ओवर ब्रिज बन रहा है इसलिए भी जाम की स्थिति रहती है इसके लिए वैकल्पिक मार्ग की व्यवस्था जरुरी है। ई रिक्शा वाले के लिए मुख्य मार्ग की बजाए गली मोहल्ले वाले मार्ग चिन्हित करने से सड़क पर से बोझ कम होगा।स्कूल, कॉलेज के आस पास तेज रफ्तार से वाहन न चलाएं इसके लिए सूचना पट लगाई जाये। कांटाटोली खादगढ़ा बस स्टैंड से जो बसे निकलती है वे जगह जगह रोक सवारी उठाती है, इस रुट में आये दिन कई बड़ी छोटी दुर्घटनाएं हो चुकी है जाने भी गई है, इसमें सुधार कराने की जरूरत है। आम लोगों के पैदल चलने के लिए व्यवस्था जरुरी है।

## भारत और इंग्लैंड टेस्ट मुकाबला मैच 23 फरवरी से जेएससीए स्टेडियम में



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची:** 23 फरवरी से 27 फरवरी तक भारत और इंग्लैंड के बीच चौथा टेस्ट मुकाबला जेएससीए स्टेडियम में खेला जाएगा । बताया गया कि जमशेदपुर में 19 फरवरी को और रांची में 20 फरवरी से मैच के टिकट उपलब्ध हो जाएंगे। रांची के खेल प्रेमी 20 फरवरी से काउंटर से टिकट ले सकेंगे।

**कुछ इस तरह है टिकट की दरें :** ए विंग लोअर : 400 रुपए प्रतिदिन, ए विंग लोअर टियर : 400 रुपए प्रतिदिन, बी विंग : 500 रुपए प्रतिदिन, सी विंग लोअर टियर : 400 रुपए प्रतिदिन, डी विंग लोअर टियर : 400 रुपए प्रतिदिन रखा गया है। वहीं अमिताभ चौधरी पवेलियन : 700 रुपए प्रतिदिन, प्रेसिडेंट एंक्लोजर : 2000 रुपए प्रतिदिन, हॉस्पिटैलिटी ब्लॉक : 1500 रुपए प्रतिदिन, कॉर्पोरेट लाउन्ज : 1200 रुपए रखा गया है।

## ट्रैफिक पुलिस धर्मेंद्र ने 5 साल के खोए हुए बच्चे को उसकी मां से मिलाया

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** गुरुवार को एक बच्चा जिसकी उम्र करीब 5 वर्ष है, वह किसी तरह से अपनी मां से बिछड़ गया था और वह बहुत रो रहा था। घटना बूटी मोड़ के पास की थी। बूटी मोड़ ट्रैफिक पोस्ट पर तैनात ट्रैफिक पुलिस सह प्रक्षेत्रीय मंत्री झारखंड पुलिस एसोसिएशन रांची प्रक्षेत्र के धर्मेंद्र सिंह की नजर उस रोते हुए बच्चे पर पड़ी । जिसे ट्रैफिक पुलिस धर्मेंद्र सिंह ने बिस्किट पानी वगैरह दिया और फिर सोशल साइट पर बच्चे की फोटो वायरल किया। पत्रकार परवेज़ कुरैशी ने भी अपने कांटा टोली एरिया के व्हाट्सएप ग्रुप में इस वायरल मैसेज को वायरल कर दिया और इसके बाद कांटा टोली लोअर बाजार थाना क्षेत्र की सुल्तान लेन की रहने वाली सुबी परवीन पति जावेद अंसारी को पता चला या फिर किसी ने उन्हें व्हाट्सएप का मैसेज दिखाया। इस माध्यम से उसे पता चला तो वह फौरन बूटी मोड़ चौक पहुंची और एक लिखित आवेदन



देकर अपने बच्चों को सकुशल बरामद कर ली। बच्चे मिलने के बाद सुल्तान लेन और कांटा टोली क्षेत्र के रहने वाले सभी गणमान्य लोगों ने धर्मेंद्र सिंह की एक बार फिर प्रशंसा की। बता दे कि इससे पहले भी ट्रैफिक पुलिस धर्मेंद्र सिंह ने कई उल्लेखनीय कार्य कर चुके हैं।

## बैंक ऑफ इंडिया रांची अंचल ने लगाया ऋण पाओ शिविर

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** बैंक ऑफ इंडिया रांची अंचल की ओर से 15 फरवरी 2024 को टांगर, मांडर, एवं कुडू शाखा के द्वारा लुंडरी पंचायत में केसीसी से सम्बंधित ऋष्ा चुकाओ एवं ऋष्ा पाओ शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में हमारे बैंक के कार्यपालक निर्देशक एम कार्तिकेयन सर, एन बी जी झारखण्ड के महाप्रबंधक मनोज कुमार, रांची अंचल के आंचलिक प्रबंधक संजीव कुमार सिंह, एस एल बी सी झारखण्ड के उपमहाप्रबंधक अनिल जाधव एवं उप आंचलिक प्रबंधक (वसूली विभाग) सुनीत कुमार आदि उपस्थित थे। बैंक के कार्यपालक महोदय एवं महाप्रबंधक मनोज कुमार ने उपस्थित कृषको को बैंक द्वारा दी जा रही योजनाओ को विस्तार से अवगत कराया. साथ ही कृषको को विस्तार से यह भी बताया की कैसे वे समय पर ऋष्ा चूका कर ब्याज दर पर सरकार द्वारा दी जा रही छुट का लाभ उठा सकते हैं। शिविर में काफी संख्या में कृषको के साथ स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज करायी। शिविर में बड़ी संख्या में ऋष्ा का समायोजन किया एवं नए केसीसी हेतु आवेदन जमा किये गए।

## माउंट हेरा स्कूल का नौवा वार्षिक उत्सव धूमधाम से मनाया गया

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** इरबा स्थित माउंट हेरा स्कूल में धूमधाम से नौवा वार्षिकोत्सव मनाया गया। इस वार्षिक उत्सव में विद्यालय के बच्चों के साथ-साथ अभिभावकों एवं बड़ी संख्या में शहर के गणमान्य लोग उपस्थित थे। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुप्रियो भट्टाचार्य, झारखंड मुक्ति मोर्चा महासचिव ,स्थानीय विधायक राजेश कच्छप थे। कार्यक्रम को लेकर पूरे विद्यालय परिसर को दुल्हन की तरह सजाया गया ।सभी मुख्य अतिथियों का स्वागत माउंट हेरा विद्यालय प्रबंधन की ओर से विद्यालय के सचिव अंजुम परवीन ने बुके ,शॉल और मोमेंटो देकर किया स्वागत किया । स्वागत कार्यक्रम के बाद तिलवाते कुरान से शुरआत हुआ।अपने संबोधन में विद्यालय की प्रशंसा करते हुए मुख्य अतिथि सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास में यह स्कूल एक मील का पत्थर साबित होगा। बच्चों को किताबी शिक्षा के साथ-साथ तकनीकी और व्यावहारिक शिक्षा भी यह विद्यालय दे रहा है । विशिष्ट अतिथि स्थानीय विधायक राजेश कच्छप ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में बेहतर अंग्रेजी माध्यम से शिक्षा देने के लिए स्कूल प्रबंधन के सचिव और शिक्षकों की सराहना किया। स्कूल के वार्षिक उत्सव मौके पर स्कूली बच्चों ने रंगारंग संस्कृतिक कार्यक्रम पेश कर उपस्थित सभी लोगों का मन मोह लिया। बच्चों ने हिंदी, उर्दू, अंग्रेजी, अरबी में भाषण , नात,ड्रामा समेत कई रंगारंग कार्यक्रम किया। अपने स्वागत भाषण में सचिव अंजुम परवीन ने सभी अभिभावकों को आभार प्रकट किया और बच्चों के सुनहरे भविष्य की कामना की। सचिव अंजुम परवीन ने बेहतर शिक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए आगामी सत्र में और बेहतर सुविधा देने का वादा किया ।उन्होंने कहा कि इतने कम समय में विद्यालय का जो आपने विकास देखा है आने वाले समय में और भी बेहतर यह होगा। इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिता के विजेता बच्चों को मेडल देकर सम्मानित भी किया गया। जिन बच्चों ने विभिन्न प्रतियोगिता में भाग लेकर विद्यालय का मान सम्मान और विद्यालय का गौरव बढ़ाया है उन बच्चों को विद्यालय ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

## ओलावृष्टि से प्रभावित गाँवो का निरीक्षण करने पहुंची शिल्पी नेहा तिर्की

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची ।** वृहपतिवार को सुबह मांडर विधानसभा क्षेत्र की विधायक शिल्पी नेहा तिर्की को ग्रामीणों एवं कार्यकर्ता द्वारा जानकारी हुआ, कि बीते दिन 14.02.2024 को चान्हो प्रखंड अंतर्गत तीन पंचायत मुरतो, सिलागाई, बैयासी के लगभग 13 गांवो में जोरदार बारिश के साथ ओलावृष्टि हुई।

किसानो को भारी नुकसान हुआ। विधायक सभी गाँवो का निरीक्षण किया। किसानो से मुलाकात की और जानकारी लिया तो किसानों ने



बताया कि ओलावृष्टि के कारण फसल भारी क्षतिग्रस्त हुई है और किसानों को बहुत नुकसान का सामना करना पड़ा रहा है। तत्पश्चात विधायक ने ग्रामीणों और किसानों को बतलाया कि इस समस्याओ के निदान के लिए ब्लॉक के अंचलाधिकारी से मुआवजा को लेकर बात किया हूं। विधायक ने यह भी कहा है कि इस विषय को लेकर जिला के पदाधिकारी से भी बात किया हूं।

विधायक ने किसानो से कहा जिन किसानो के फसल को नुकसान पहुंचा है वे आवेदन एवं कागज पत्र के साथ ब्लॉक मे जमा करें ,ताकि जल्द आप सभी को मुआवजा दिला सकूँ। मौके पर विधायक प्रतिनिधि, पार्टी कार्यकर्ता एवं अन्य उपस्थित रहे।

## अल्पसंख्यक एवं ओबीसी वर्ग के छात्र-छात्राओं को निशुल्क मिलेगी साइकिल : डीसी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** निःशुल्क साइकिल वितरण योजना उन्नति का पहिया के अंतर्गत सभी सरकारी विद्यालयों के वर्ग-8 में अध्ययनरत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग के छात्र-छात्राओं को निःशुल्क साइकिल वितरित किया जाना है। वर्तमान वित्तीय वर्ष 2023-24 में रांची जिला में योजना के क्रियान्वयन को लेकर उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने जिला के सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी और प्रखंड कल्याण पदाधिकारी, सदर को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। प्रखंड स्तर पर सुव्यवस्थित तरीके से साइकिल वितरण का कार्य संपादन के लिए सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी और रांची सदर के लिए प्रखंड कल्याण पदाधिकारी रांची, सदर को नोडल पदाधिकारी बनाया गया है। प्रखंड में निर्धारित क्लस्टर पॉइंट/डिलीवरी प्वाइंट पर टेक्नीशियन द्वारा साइकिल पार्ट्स को असेंबल कर साइकिल तैयार किया जाएगा तथा ट्रकों के माध्यम से साइकिल पार्ट्स की आपूर्ति की जानी है। नोडल पदाधिकारियों को व्यवस्थित तरीके से साइकिल वितरण कार्य संपादन का निर्देश दिया गया है। उपायुक्त द्वारा क्लस्टर/डिलीवरी प्वाइंट से सभी विद्यालयों के कक्षा-8 के सुयोग्य छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल वितरण के लिए समय और तिथि का निर्धारण कर सूचना प्रधानाध्यापक को देने का निर्देश सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को दिया गया है। सभी बीडीओ को स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में साइकिल वितरण सुनिश्चित करने हेतु निदेशित किया गया है।

## वेंडर मार्केट की 11 दुकानों की नीलामी 27 को



**रांची :** रांची कचहरी रोड स्थित अटल स्मृति वेंडर मार्केट में स्थित 11 दुकानों को किराये पर देने के लिए 27 फरवरी को ऑक्शन होगा। रांची नगर निगम ने ई-ऑक्शन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। सभी दुकानों का नंबर के साथ क्षेत्रफल और रिजर्व प्राइस की घोषणा कर दी गई है। रिजर्व प्राइस 5520 रुपए से 5760 रुपए प्रति माह तय की गई है।

## अगरबत्ती निर्माण और डेयरी फार्मिंग कर ग्रामीण महिलाएं बनेंगी आत्मनिर्भर

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** इंडियन बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान जामा, दुमका के तत्वाधान में महिलाओं एवं पुरुषों के लिए 10 दिवसीय अगरबत्ती निर्माण एवं डेयरी फार्मिंग एवं वर्मी कम्पोस्ट प्रशिक्षण का समापन समारोह आयोजित कर 66 प्रशिक्षणर्थियों को प्रमाण पत्र आरसेटी के निदेशक पंकज कुमार चौधरी एवं संकाय सदस्य के द्वारा दिया गया। आरसेटी के निदेशक ने सभी महिलाओं को उज्जवल भविष्य एवं सफल उद्यमी बनने के लिए अपनी तरफ से ईमानदारी के साथ कड़ी मेहनत और लगन के साथ अगरबत्ती निर्माण कर रोजगार करने एवं डेयरी फार्मिंग एवं वर्मी



कम्पोस्ट सीख कर जीवन में आगे बढ़ने की बात को कहा।साथ ही उन्होंने कहा कि आप लोगों के लिए एक ब?ा अवसर है अपने क्षेत्र में काम करके अपने आप को आगे बढ़ाना साथ ही साथ दूसरों के लिए भी रोजगार सृजन करना। साथ ही उन्होंने सभी प्रशिक्षुओं को कहा कि रोजगार शुरू करने के लिए जरुरतमंदो को मदद की जाएगी। बैंकों के माध्यम से उन्हें ऋष्ा दिलवाने का प्रयास किया जायेगा ताकि वे अपना खुद का स्वरोजगार कर सके। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में सम्मलित सभी 66 प्रशिक्षुओं को बिहेवियर गेम, जोखिम लेने की क्षमता, उधमशीलता की दक्षताएं, स्वप्रेरणा, वितीय साक्षरता आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। अंत में आरसेटी के कार्यालय सहायक अभिषेक कुमार ने बताया कि आने वाले दिनों में संस्थान द्वारा महिला सिलाई कटाई,सेल फोन रिपेयरिंग, पॉली हाउस और शेड नेट फार्मिंग, कृषि उद्यमी, वाणिज्यिक फूलों की खेती, दो पहिया मरम्मती आदि का प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण प्राप्त करने के इच्छुक युवक एवं युवतियां इंडियन बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान जामा के कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं। इस मौके पर आरसेटी के संकाय उत्पल कुमार लाहा,अमरदीप कुमार,कार्यालय सहायक अभिषेक कुमार, मनोज कुमार सिंह, परिमल सिंह एवं संजय सोरेन उपस्थित थे।

# घुरन राम का भाजपा में शामिल होना हुआ नीरस

### * समर्थन में कमी को लेकर उठ रहे सवाल

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** पूर्व राजद नेता घुरन राम के भाजपा में शामिल होने पर आयोजित कार्यक्रम में निराशाजनक भीड़ जुटी। जिससे उनके समर्थन और जुटाने की क्षमताओं पर सवाल खड़े हो गए हैं। इस शामिल होने की काफी समय से योजना बनाई जा रही थी। आयोजकों को भारी संख्या में लोगों के आने की उम्मीद थी। लेकिन प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, केवल लगभग 300 लोग ही आए, जो लगभग 60 वाहनों से पहुंचे।राँची में भाजपा कार्यालय में आयोजित इस कार्यक्रम में ऐसे राजनीतिक कार्यक्रमों से जुड़ी सामान्य ऊर्जा और उत्साह का अभाव था। तस्वीरों और वीडियो में एक विरल सभा को दर्शाया गया है। जिसमें उपस्थित लोग निर्दिष्ट स्थान पर बिखरे हुए हैं। जो भाजपा द्वारा आयोजित ऐसे कार्यक्रमों के लिए एक बड़ा अंतर है। बताया जाता है कि पूरे कार्यक्रम के दौरान वातावरण निराशा जनक रहा। घुरन राम 2019 के लोकसभा चुनाव में विष्णु दयाल



राम से हार गए थे, जो वर्तमान में पलामू लोकसभा क्षेत्र से सांसद हैं। घूरन राम राजद के टिकट पर चुनाव लड़ने और 4.77 लाख से अधिक के बड़े अंतर से वीडी राम से चुनाव हरे थे। 2014 में उन्होंने जेवीएम के टिकट पर चुनाव लड़ा और तीसरे स्थान पर रहे। यह घटना नेता की लोकप्रियता के बारे में चल रही चर्चाओं को और हवा देगी और निश्चित रूप से इस सवाल पर जोर देती है कि भाजपा को घूरन राम के शामिल होने से क्या हासिल होगा ? घुरन राम मूलतः गढ़वा जिला के निवासी हैं। इस जिले में भी उनका कोई खास जनाधार नहीं है। पलामू जिले में इनका जनाधार तो नहीं के बराबर है। ऐसे में इन्हें भाजपा में आने से पार्टी को कोई विशेष लाभ मिलता नहीं दिख रहा है।

# हेमंत सोरेन से मिलीं कल्पना विनोद पहुंचे ईडी कार्यालय

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के करीबी विनोद सिंह गुरुवार को एयरपोर्ट रोड स्थित ईडी के क्षेत्रीय कार्यालय पहुंचे। ईडी के अधिकारियों ने उनसे पूछताछ शुरू कर दी है। दूसरी ओर, कल्पना सोरेन ने ईडी ऑफिस में पति हेमंत सोरेन से आधे घंटे मुलाकात की है। इसके बाद हेमंत सोरेन के रूटीन चेकअप के लिए मेडिकल टीम ईडी ऑफिस पहुंची है। जांच के बाद उन्हें कोर्ट लाया जाएगा। ईडी ने बीते तीन जनवरी और 13 फरवरी को विनोद सिंह के कई ठिकानों पर छापेमारी की थी। इस दौरान ईडी को विनोद सिंह और हेमंत सोरेन के बीच हुए




व्हाट्सएप चैट का पूरा ब्योरा मिला था, जिसमें बरियातू की उक्त 8.5 एकड़ जमीन पर बैंक्वेट हाल बनाने का मैप मिला था। इसके अलावा अधिकारियों के ट्रांसफर-पोस्टिंग और प्रतियोगी परीक्षाओं के परीक्षार्थियों के लिए अनुशंसा और आग्रह भी था। हेमंत सोरेन और विनोद सिंह के बीच 201 पन्नों का नया चैट निकाला गया है।

# देश की एक सौ चालीस करोड़ की जनता धरती आबा को भगवान के रुप में पुजती है : सुदेश महतो

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**अड़की :** खुंटी जिला अंतर्गत भगवान बिरसा मुंडा की धरती अड़की प्रखंड क्षेत्र के खुबसूरत घने जंगलों के बीच बसे सारगेया पंचायत के कोटा गांव झारखंड के पुर्व उप मुख्यमंत्री और वर्तमान सिल्ली के विधायक सुदेश महतो के कर कमलों से धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के आदमकद प्रतिमा का अनावरण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इससे पुर्व जगह - जगह पारंपरिक ढ़ोल नगाड़ो की थाप नृत्य गीत संगीत के साथ सुदेश और



अतिथियों का भव्य स्वागत किया गया।

प्रतिमा अनावरण के बाद सुदेश महतो ने डीजे चौक के समीप हजारों ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि हाड़ मांस से बना एक मनुष्य अड़की के सूदूरवर्ती जंगलों से अंग्रेजी हुकूमत के दमन और शोषण के विरुद्ध उलगुलान का बिगुल फुंका और देखते ही देखते अपने कर्मो से अपने बलिदान से वह मनुष्य हम सब के लिए भगवान बन गया आज भारतवर्ष की एक सौ चालीस करोड़ की जनता उन्हें भगवान के रुप में पुजती है ये कितनी गौरव की बात है कि हमारे अड़की के वीर सपूत की धरती उलिहातु में देश की प्रथम महिला महामहिम राष्ट्रपति और देश प्रधानमंत्री आकर पवित्र मिट्टी को नमन करते हैं उनके आदर्शो पर उनके पदचिन्हों पर चलने का आह्वान करते हैं।पर राज्य के लिए ये कितनी अजीब बात है अबुवा दिशुम अबुवा राज की परिकल्पना करने धरती आबा की धरती में अबुवा दिशुम अबुवा राज का सपना दिखाकर सत्ता पर काबिज होने वालों के राज बाबुओं का राज चल रहा है।मैं पांच परगना का बेटा पांच परगना भाई ये आपसे कहने आया हुं हम सब और मेरे तमाम कार्यकर्ता मिलकर जल जंगल जमीन को संरक्षित करते हुए विकास की इबारत लिखेंगे।उन्होंने आगे कहा कि 2012 के बाद 2024 तक मैं सरकार में मंत्री नहीं हुं पर आपकी समस्या चाहे वो सड़क की हो या फिर टूटे हुए सेतु की हर समस्या के लिए आपका पैरवीकार राज्य के विकास के ब्लू प्रिंट बनाने वाले हर दरवाजे पर बनुंगा।

# बचरा साईडिंग के असंगठित मजदूर अपनी मांगों को लेकर आज से करेगे हड़ताल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा साइडिंग में कार्यरत असंगठित मजदूर अपनी विभिन्न मांगों को लेकर आज से हड़ताल पर जाएंगे।श्रमिक संगठन यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन के नेतृत्व में बचरा साईडिंग मे कार्यरत सभी असंगठित मजदूर आज से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर रहेंगे।हड़ताल से पूर्व गुरुवार को सभी असंगठित मजदूरों ने बचरा साइडिंग में बैठक कर अपना विरोध प्रदर्शन किया।इस दौरान असंगठित मजदूरों ने जमकर विरोध प्रदर्शन किया।इस संबंध में असंगठित मजदूरों ने बताया कि बचरा साइडिंग में कार्यरत ऑपरेटर,मुंशी,लेबलिंग,



मजदूर एवं हेल्पर सभी हड़ताल पर रहेंगे।मजदूरों ने बताया कि साइडिंग में काम करने वाले मजदूरों को न्यूनतम मजदूरी भी नहीं मिल रही है,जिसके कारण उनके समक्ष भुखमरी की समस्या उत्पन्न हो गई है।हाई पावर कमेटी के सिफारिश को अभी तक लागू नहीं किया गया है।बचरा साइडिंग में हेम्स नामक कंपनी मजदूरों को न्यूनतम मजदूरी सहित अन्य सुविधा से वंचित रखा है।सीसीएल प्रबंधन के अलावे कंपनी को भी कई बार आवेदन देकर न्यूनतम मजदूरी भुगतान करने की मांग की गई है,लेकिन इस पर कोई पहल नहीं की गई है। सीसीएल प्रबंधन से दो चरणों में वार्ता भी हुई,लेकिन वार्ता बिना किसी नतीजे के विफल साबित हुई,जिसके कारण मजदूरों ने साइडिंग को अनिश्चितकाल के लिए बंद करने की घोषणा की है। मजदूरों ने कहा कि बचरा साइडिंग को शांतिपूर्ण तरीके से बंद किया जाएगा।सभी मजदूर शांति के साथ अपना विरोध प्रदर्शन करेंगे।

# बचरा ठाकुर महतो चौक मे गुनगुन बेकरी एवं स्वीटस का हुआ उद्घाटन

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा पेट्रोल पंप स्थित ठाकुर महतो चौक में गुरुवार को गुनगुन बेकरी एंड स्वीट्स का उद्घाटन किया गया।दुकान के संचालक रघुवीर केसरी की पुत्री गुनगुन केसरी



ने विधिवत पूजा अर्चना के बाद फीता काटकर दुकान का उद्घाटन किया।इस संबंध मे संचालक निखिल केसरी ने बताया कि पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र में इस तरह के दुकान खुलने से यहां के लोगों को बेहतर एवं स्वादिष्ट मिठाई,केक,नमकीन सहित अन्य सामग्री मिलेगी।उन्होंने कहा कि इससे पूर्व एक ब्रांच खलारी के डकरा में चल रहा है।उद्घाटन के बाद सभी लोगों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया।इस मौके पर रघुवीर केशरी,नीलम देवी,गुनगुन केशरी,निखिल केशरी,मुनिता देवी,पम्मी केशरी,रेखा केशरी, खुशबु, ज्योति,अमन,अभिषेक केशरी,मोहन पण्डित,अर्जुन महतो,डेगन प्रजापति,इमरान अंसारी,सुरैन्द्र राम,सुमन्तो दास,आनन्द सिंह,उगन महतो सहित काफी संख्या में स्थानीय ग्रामीण मौजूद थे।

# ठाकुर गांव में धूमधाम से हो रही मां सरस्वती की पूजा

**ठाकुरगांव (प्रभात मंत्र संवाददाता):** ठाकुरगांव में बुधवार से ही मां सरस्वती की पूजा अर्चना धूमधाम से मनाई जा रही है। सरकारी व निजी शिक्षण संस्थाओं में मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित कर विद्यार्थियों एवं अभिभावकों ने पूजा अर्चना कर क्षेत्र में सुख शांति व समृद्धि की कामना की। साथ में ठाकुर गांव से बुढ़मू तक दुल्हन सा सजाया गया है ऐसा लगता है मानो ठाकुर गांव में सवर्ग उतार गया हो हर तरफ



लाइट बजा बड़े बड़े मां सरस्वती का पंडाल और मां सरस्वती की भव्य मूर्ति स्थापित किए हैं, साथ में भक्ति सागर में डूबे ग्रामीण सभी के चेहरे खुशी से झूम रहे हैं, लेकिन साथ में बेवक्त बारिश ने लोगों का मनोबल तोड़ा है पर ठाकुर गांव निवासी हार नही माने और मां के भक्ति में डूबे हैं। हर जगह अलग अलग पंडाल बनाया गया है, जो लोगों को अपनी और आकर्षित कर रहा है, लाखों रुपए खर्चे कर लोग एक महीने से सुरू करते हैं पंडाल निर्माण के साथ साथ लाइट भी लगाया जाता है ताकि लोगों का मन मोहा जाय,यहां एक से बढ़ कर एक पंडाल का बनाया गया है बस स्टैंड में केदार नाथ का पंडाल बनाया गया है, तो विष्णु चौक पर काल्पनिक मंदिर जो लोगों का मन मोह रहा है, जैसे दुर्गा पूजा रांची परचलित हैं वैसे ही ठाकुर गांव में सरस्वती पूजा परचालित है, लोग दूर दूर से देखने के लिए आते हैं और आनंद लेते हैं, मांडाटांड में लगाया जाता है झूला ताकि बच्चे मां सरस्वती का दर्शन करने के साथ साथ झूला भी लुत्त उठा सके, ठाकुर गांव में बुधवार के साथ गुरुवार को भी मां सरस्वती का दर्शन कर सकते हैं, और शुक्रवार को गाजा बाजा के साथ मां सरस्वती का विसर्जन किया जाएगा ।

# भगवान बिरसा मुंड की पावन धरती उलीहातु में झामुमो कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन

**खूंटी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड योद्धा आदिवासी जन नेता लोकप्रिय नेता पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खिलाफ केंद्र सरकार द्वारा षडयंत्र पूर्वक कार्रवाई के विरोध में



झामुमो खूंटी ने झामुमो केंद्रीय समिति के निर्देशानुसार खूंटी जिला अड़की प्रखंड उलीहातु में पदयात्रा कर न्याय मार्च निकाला गया ।झामुमो जिलाध्यक्ष जुबैर अहमद के अध्यक्षता में उलीहातु में भगवान बिरसा मुंडा का पूजा अर्चना कर मालायर्पण करके पदयात्रा पुरे गाँव मे किया गया आदिवासी बहुल बुजुर्ग नौजवान युवा युवाती बच्चों में काफी आक्रोश देखने को मिला उनके लोकप्रिय नेता को झूठा केस मे जेल भेजनें से ग्रामीण काफ़ी नाखुश और नराज है उनके चेहरे पर झलक रहा था। भगवान बिरसा मुंडा के वंसज और पहान राजा ने आज के बैठक को सम्बोधित किया और सभी आदिवासी-मुलवासी को भाजपा के झूठे चाल से बचने और उनके चलबाज-धोकेबाज को सभी ग्रामीण को बतलाया।झामुमो जिलाध्यक्ष जुबैर अहमदआज की बैठक आंदोलन करते हुए विस्तार से किस तरह हमारे मुख्यमंत्री को फसाया गया किस तरह से उनके ऊपर कारवाई किया जा रहा है उसके बारे में बताया। बिना वजह के झूठा केस बना के बिना सबूत के एक आदिवासी-मुलवासी के नेता को प्रताड़ित किया जा रहा है ।बार-बार उन्हें बिना कारण का नोटिस, समन भेज के झूठा आरोप मे गिरफ्तार किया उसे बतलाया।

# माँ सरस्वती की पूजा धूमधाम से की गई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नामकुम :** एक्यूप्रेशर परिषद झारखंड शाखा कार्यालय में जगत जननी मां शारदे का पूजन धूमधाम से किया गया। इस अवसर पर एक्यूप्रेशर परिषद झारखंड शाखा के सचिव डॉक्टर मधुसूदन पांडे ने कहा की बीमारी रूपी अज्ञानता को दूर करने के लिए हम सभी डॉक्टर को मां सरस्वती प्राकृतिक चिकित्सा प्रदान करें ताकि हम हमारा समाज महंगी दवाइयां जांच से छुटकारा मिल सके। पूरे समाज को अंधकार से निकाल कर प्रकाश दिखाएं मां शारदा से यही प्रार्थना है। इस



अवसर पर डॉक्टर बलराम महतो, डॉक्टर रुकमणी कुमारी ,डॉक्टर सरस्वती, डॉक्टर ललित, डॉक्टर पूजा, डॉक्टर नरेश महतो साथी ही साथ समाजसेवी पुनीत कुमार, अशोक मिश्रा एवं विजय लिंडा अखिल पाठक, दीपक कुमार पांडे संदीप कुमार पांडे व परिषद के छात्र-छात्राएं उपस्थित हुए। मां सरस्वती का पूजन हरातु मंदिर के पुजारी मधुसूदन जी के द्वारा किया गया।

# देशव्यापी हड़ताल को लेकर पिपरवार में संयुक्त मोर्चा ने झोंकी ताकत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के अशोक परियोजना, पिपरवार पीट ऑफिस और सीएचपी/सीपीपी परियोजना मे संयुक्त मोर्चा के बैनर तले गेट मिटिंग की गई।मिटिंग मे 16 फरवरी को देशव्यापी हड़ताल को पिपरवार मे सफल बनाने को लेकर मजदूर से अपील की गई।मिटिंग में मुख्य रूप से सीटु के इस्लाम अंसारी एवं एटक के अरविंद शर्मा उपस्थित थे।सभा को संबोधित करते हुए इस्लाम अंसारी ने कहा कि भारत सरकार के द्वारा मजदूर और किसान विरोधी कानून बनाकर भारत सरकार पूंजीपतियों को इस देश के सभी कल कारखाना एवं सरकारी उद्योग को बेच रही है,जिसे हम मजदूर संगठन कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे।अब आर-पार की लड़ाई मजदूरों को लड़नी होगी।देश के किसान मजदूर आक्रोशित होकर 16 फरवरी को देशव्यापी हड़ताल का आहवान किया है।भारत सरकार एवं कोल इंडिया प्रबंधन से मजदूरों के हक एवं अधिकार के लिए इस हड़ताल में कई मांगे शामिल है।भारत सरकार देश के



बड़े-बड़े पूंजीपतियों के हाथ में कोयला खदान को बेच रही है और कामगारों को छटनी कर रही है।प्रमुख मांगो मे कोल इंडिया में सीधी बहाली करने,महिला के बदले उनके आश्रित को नौकरी देने,चार लेबर कोर्ट वापस लेने,श्रम कानून में परिवर्तन करना बंद करने सहित अन्य मांगे शामिल है।मिटिंग में इस्लाम अंसारी,अरविंद शर्मा,धनेश्वर गंझु,मोहम्मद रहमतुल्लाह, रियाज अंसारी,रामू गोप, बिजेंद्र सिंह,मोहम्मद जुल्फान,नुरुल हुदा,सेवक गंझु,मुन्ना ठाकुर,रविंद्र कुमार, निरंजन प्रजापति,मुस्तकीम अंसारी सहित सैकड़ो मजदूर उपस्थित थे।

# खुशी-सकारात्मकता आपको योद्धा बनाता है, हर जंग जीत जाते हैं आप : चौहान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिल्ली :** सिल्ली के कस्तूरबा आवासीय विद्यालय और आरटीसी पब्लिक स्कूल में आयोजित हुआ खुशी क्लास, छात्रओं की गूंजी आवाज- खुशियों के साथ हम पाएंगे मंजिल। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय सिल्ली और आरटीसी पब्लिक स्कूल सिंगपुर में गुरुवार को खुशी क्लास का आयोजन किया गया। विद्यालय की वार्डन चंद्रिका कुमारी ने कार्यक्रम का संचालन किया। लाइफ केयर हॉस्पिटल, रांची और खुशी क्लास के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित खुशी क्लास को संबोधित करते हुए खुशी क्लास के संस्थापक मुकेश सिंह चौहान ने कहा कि मुश्किल और झंझावत का मुकाबला आप कभी भी तनाव में रहकर नहीं कर सकते। तनाव मुश्किलों को और बढ़ा देती है। खुशी-सकारात्मकता में इतनी ताकत है कि यह आपको हर झंझावतों से उबार कर मंजिल तक पहुंचा देगी। चौहान ने सकारात्मकता को स्थापित करती एक कहानी भी सुनाई-- मनोज और श्याम, दोनों फैक्ट्री संचालक थें। दोनों की फैक्ट्री एल्मुनियम के समान बनाते थें। श्याम की फैक्ट्री का टर्नओवर मनोज की फैक्ट्री से बहुत ज्यादा था। मनोज की नजर हमेशा श्याम की फैक्ट्री पर रहता। सोचता रहता- वह भी वही सामान बनाता है, जो में बनाता हूं ; फिर उसका टर्नओवर ज्यादा क्यों होता है। यह सोच-सोच कर अंदर से कुढ़ता रहता। एक बार वह बौद्धिक सेमिनार में गया। वहां बौद्धिक प्रवक्ता ने सभा में कहा- आप सभी ÷ विश्व ÷ पर 10 मिनट में निबंध लिखें। सभी ने लिखना शुरू किया। कुछ 3 मिनट में रुक कर सोचने लगते, कुछ 6-7, मिनट में रुक जाते। कुछ सिर झुकाए बिना रुके 10 मिनट तक लिखते चले गएं। 10 मिनट के बाद बौद्धिक प्रवक्ता ने बीच में रुकने वाले लोगों से पूछा- आप लिखते-लिखते रुक क्यों गएं। लोगो ने कहा- दिमाग में एकबारगी जितना आया, लिख दिया। फिर सोचना पड़ा कि अब क्या लिखूं। जो लगातार 10 मिनट तक लिखते गएं, उन्होंने कहा- जब दिमाग में फुल स्टॉक था ही, तो फिर रुकता क्यों ? लिखता चला गया। अब बौद्धिक प्रवक्ता बोलें- कुछ समझें ! सभी को पहले खुद से प्रतिस्पर्धा करनी चाहिए। अपने अंदर का बेस्ट निकाल लें, तब सामने नजर दौड़ाएं ; सकारात्मक राह खुद दिखेगी। लेकिन खुद को बिना नापे-तोले किसी से भी प्रतिस्पर्धा करेंगे, असफल ही होंगे। सफलता का मूलमंत्र- ÷ आई एम द बेस्ट ÷। अंत में लाइफ केयर हॉस्पिटल, रांची के खुशी दूत संदीप शाह ने धन्यवाद ज्ञापन देते हुए आयुष्मान भारत की सार्थकता पर भी प्रकाश डाला। इस मौके पर प्रनाध्यापक तुलसी महतो, सुषमा देवी,धर्मेंद्र पांडे ,शिव चरण महतो,बिरेंद्र कुमार, कस्तूरबा विद्यालय के चंद्रिका कुमारी समेत काफी संख्या में शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थी।


## झारखण्ड सरकार

## अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग

## (उप निदेशक कल्याण, कार्यालय, दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल, राँची)

### प्रवेश परीक्षा/ नामांकन सबंधी सूचना

### वर्ष–2024–2025

दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल, अन्तर्गत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा संचालित निम्न अनुसूचित जाति, अनुसूचित जन–जाति, पिछड़ी जाति आवासीय विद्यालय में वर्ष 2024–2025 के रिक्ति के अनुसार वर्ग षष्ठम, सप्तम एंव अष्टम ( वर्ग 6,7,8) में नामांकन हेतु इच्छुक छात्र/छात्राओं से विहित प्रपत्र में आवेदन पत्र 07.03.2024 तक आमंत्रित किये जाते हैं।

**दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल अन्तर्गत संचालित विद्यालय**

| क्रम सं0 | जिला | विद्यालय का नाम | कक्षा वार रिक्तियाँ | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | कक्षा 6 | कक्षा 7 | कक्षा 8 |
| 1 | राँची | एकलव्य मॉडल बालक आवासीय विद्यालय सलगाडीह तमाड़, राँची। | 60 | 00 | 00 |
| 2 | गुमला | आश्रम आवासीय बालिका उच्च विधालय सिसई, गुमला । | 40 | 00 | 01 |
| 3 | गुमला | एकलव्य मॉडल आवासीय बालक विद्यालय बसिया, गुमला। | 60 | 04 | 00 |
| 4 | लोहरदगा। | एकलव्य मॉडल आवासीय बालिका विधालय कुजरा, लोहरदगा । | 60 | 02 | 01 |
| 5 | लोहरदगा। | आश्रम बालक विधालय परहेपाट किस्को, लोहरदगा । | 40 | 00 | 00 |
| 6 | राँची | पिछडी जाति बालिका आवासीय+2 उच्च विधालय जेल रोड, राँची। | 40 | 00 | 00 |
| 7 | राँची | अनुसूचित जाति आवासीय बालक उच्च विद्यालय, कमड़े राँची। । | 06 | 24 | 00 |
| 8 | राँची | अनुसूचित जाति आवासीय बालक उच्च विद्यालय, बुण्डू राँची। | 00 | 17 | 00 |
| 9 | राँची | टाना भगत अनुसूचित जन–जाति आवासीय बालक उच्च विद्यालय, सोनचीपी, राँची। | 00 | 23 | 00 |
| 10 | राँची | अनुसूचित जन–जाति आवासीय बालक उच्च विद्यालय, बारीडीह, राँची। | 00 | 43 | 23 |
| 11 | राँची | अनुसूचित जन–जाति आवासीय बालिका उच्च विद्यालय, तमाड, राँची। | 00 | 34 | 03 |
| 12 | खूँटी | अनुसूचित जन–जाति आवासीय बालिका उच्च विद्यालय, कुन्दी, खूँटी। | 00 | 23 | 00 |
| 13 | खूँटी | अनुसूचित जन–जाति आवासीय बालक उच्च विद्यालय, हूँट, अड़की, खूँटी। | 05 | 08 | 02 |
| 14 | खूँटी | बिरसा आवासीय बालक उच्च विद्यालय, उलीहातु, खूँटी। | 17 | 09 | 08 |
| 15 | गुमला | अनुसूचित जन–जाति आवासीय बालक उच्च विद्यालय, सखुआपानी, गुमला। | 00 | 34 | 16 |
| 16 | गुमला | अनुसूचित जन–जाति आवासीय बालक उच्च विद्यालय, जोभीपाट, गुमला । | 00 | 30 | 15 |
| 17 | गुमला | अनुसूचित जन–जाति आवासीय बालक उच्च विद्यालय, कान्दापाट, गुमला। | 40 | 20 | 10 |
| 18 | गुमला | टाना भगत अनुसूचित जन–जाति आवासीय बालिका उच्च विद्यालय, चापाटोली, गुमला। | 00 | 28 | 01 |
| 19 | गुमला | टाना भगत अनुसूचित जन–जाति बालक आवासीय उच्च विद्यालय, घाघरा, नवडीहा, गुमला। | 00 | 32 | 00 |
| 20 | लोहरदगा। | अनुसूचित जन–जाति आवासीय बालक उच्च विद्यालय, किस्को, लोहरदगा। | 00 | 10 | 00 |

1. वर्ग 06, 07 एवं 08 में नामांकन हेतु आवेदन प्रपत्र संबंधित जिला कल्याण कार्यालय, संबंधित प्रखण्ड विकास पदाधिकारी का कार्यालय एवं संबंधित विद्यालय से प्रत्येक कार्य दिवस में प्रातः 10.00 से अपराह्न 4.00 बजे तक निःशुल्क वितरण एंव निःशुल्क प्राप्त किया जायेगा।
2. अनुसूचित जाति के विद्यालय में अस्वच्छ कार्य में लगे परिवार के बच्चों के लिए 25 प्रतिशत तथा मुसहर एवं भुईया जाति के बच्चों के लिए 25 प्रतिशत स्थान नामांकन में सुरक्षित रहेगा।
3. अनुसूचित जन जाति की सभी उपजातियों के लिए संचालित आवासीय विद्यालयों में आदिम जनजातियों के लिए नामांकन में 25 प्रतिशत स्थान सुरक्षित रहेगा। यदि उक्त कोटि की आरक्षित सीटों के लिए छात्र/छात्राएँ उपलब्ध नहीं होते हैं तो प्रमंडलीय उप निदेशक, कल्याण का अनुमोदन लेकर मेधा सूची से ही अन्य अनुसूचित जाति एवं जन जाति की अन्य उपजातियों के बच्चों/बच्चियों का नामांकन आरक्षित सीट के विरूद्ध किया जायेगा।
4. टानाभगत के लिए संचालित आवासीय विद्यालय (सोनचीपी, चापाटोली एवं घाघरा) में टानाभगत समुदाय के ही छात्र/छात्राओं का आवेदन–पत्र स्वीकार किये जायेंगे।
5. वर्ग 06, 07 एवं 08 में नामांकन हेतु लिखित जाँच परीक्षा ली जाएगी, जिसके लिए छात्रों को क्रमशः 05, 06 एंव 07 वर्ग उर्तीण होना आवश्यक है।
6. नामांकन हेतु चयनित छात्र/छात्राओं की सूची विद्यालय एवं जिला कल्याण पदाधिकारी के सूचना पट पर प्रकाशित की जायेगी।
7. नामांकन हेतु आवेदन पत्र जमा करने की अन्तिम तिथि 07.03.2024 निर्धारित है।
8. वर्ग 06, 07, एवं 08 में नामांकन हेतु जाँच परीक्षा दिनांक 17.03.2024 को संबंधित जिला के उपायुक्त/जिला कल्याण पदाधिकारी के द्वारा निर्धारित केन्द्र पर प्रातः 11:00 बजे 2:00 बजे अपराह्न तक होगी।
9. नामांकन के समय चयनित छात्र/छात्राओं को आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, आवासीय प्रमाण पत्र एवं बी० पी० एल० या आय प्रमाण पत्र मूल रूप में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
10. गरीबी रेखा से नीचे आय वाले परिवार के बच्चों को ही नामांकित किया जायेगा इसके लिये बी० पी०एल० की सूची में नाम/आय प्रमाण पत्र के आधार पर नामांकन की पात्रता निर्धारित की जायेगी।
11. जिन छात्र/छात्राओं के माता पिता सरकारी सेवा में कार्यरत है, उनके बच्चों का नामांकन हेतु आवेदन स्वीकार नहीं किया जायेगा। इस आशय का घोषणा पत्र आवेदक के माता पिता/अभिभावक के द्वारा आवेदन पत्र के साथ जमा करना अनिवार्य होगा। असत्य/फर्जी घोषणा देने वाले अभिभावक के विरूद्ध आवश्यक कानुनी कारवाई की जायेगी।
12. पिछड़ी जाति बालिका आवासीय विद्यालय जेल रोड, राँची में केवल बर्ग षष्ठम (6ठा) में ही नामांकन ली जाएगी।
13. चयनित छात्र/छात्राओं को दिनांक 15.04.2024 तक नामांकन कराना अनिवार्य होगा। प्रतीक्षा सूची से नामांकन 25.04.2024 तक किया जायेगा।
14. वर्ग 06, 07 एवं 08 में नामांकन हेतु प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित होने वाले छात्र/छात्राओं को सरकारी मान्यता प्राप्त विद्यालय जहाँ वे अध्यनरत है, के प्रधानाध्यापक उनके नामांकन आवेदन पत्र में अंकित छात्र/छात्रा का नाम जन्म तिथि वर्ग 05, 06, एवं 07 में अध्यनरत/उर्त्तीण होने के तथ्यों को अपने विद्यालय की मुहर एंव अपना पुर्ण हस्ताक्षर से अभिप्रमाणित करते हुए आवेदन पत्र अग्रसारित करेगें।
15. आवेदक को बी० पी० एल० परिवार के होने का प्रमाण पत्र या आय प्रमाण पत्र अपने आवेदन पत्र में जमा करना अनिवार्य होगा।
16. प्रवेश पत्र संबंधित जिला कल्याण कार्यालय से जिला कल्याण पदाधिकारी के हस्ताक्षर से निर्गत किया जायेगा।
17. परीक्षा का विषय हिन्दी, गणित, विज्ञान, अंग्रेजी एंव समाजिक विज्ञान होगा जो बहुविकल्पीय (objective) होगा।
18. नामांकित होने वाले सभी छात्र/छात्राओं को सरकार के द्वारा भोजन, पठन पाठन सामग्री, चिकित्सा सुविधा एंव अन्य सारी सुविधाएँ निःशुल्क दी जाती है।
19. सिलेबस में वर्ग 6, 7 एंव 8 में नामांकन हेतु क्रमशः 5, 6 एंव 7 वर्ग स्तर का प्रश्न पुछा जायेगा।
20. परीक्षाफल प्रकाशन तक रिक्तियों की संख्या में घट बढ़ भी हो सकता है।
21. आवेदक को झारखण्ड राज्य का मूल निवासी होना अनिवार्य है।
22. सरकार द्वारा प्राप्त निर्देश के आलोक में परीक्षा तिथि में परिवर्तन हो सकता है।
23.

| क्रम संख्या | कक्षा | न्यूनतम उम्र सीमा (नामांकन वर्ष के 31 मार्च को) | अधिकतम उम्र सीमा (नामांकन वर्ष के 31 मार्च को) |
|---|---|---|---|
| 1 | कक्षा 6 | 10 वर्ष | 13 वर्ष |
| 2 | कक्षा 7 | 11 वर्ष | 14 वर्ष |
| 3 | कक्षा 8 | 12 वर्ष | 15 वर्ष |

24. इस विज्ञापन को किसी भी समय रद्द करने का अधिकार कल्याण विभाग/अधोहस्ताक्षरी को होगा।

उप निदेशक, कल्याण,
दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल, राँची।

PR.NO.318990 Welfare(23-24):D



प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## नूपुर गोस्वामी को सारस्वत कला साधक शिरोमणि सम्मान 2024



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** वसंत पंचमी सरस्वती पूजा के अवसर पर सिंहभूम जिला हिन्दी साहित्य सम्मेलन, तुलसी भवन की प्रबुद्ध कार्यकारिणी ने जमशेदपुर महानगर की वरिष्ठ सुर साधिका, सुप्रसिद्ध संगीतज्ञ नूपुर गोस्वामी को सारस्वत कला साधक शिरोमणि सम्मान 24 प्रदान करने का निर्णय लिया है। नूपुर गोस्वामी को झारखण्ड के अग्रणी सम्मान से सम्मानित होने पर कार्यकारिणी ने उनका अभिनन्दन किया है। पिछले वर्ष यह सम्मान वरिष्ठ संगीत गुरु पंडित सरदार त्रिलोचन सिंह, सुप्रसिद्ध तबला वादक पंडित मिहिर बनर्जी को प्रदान किया गया। सम्मान बसन्तोत्सव 24 में 17 फरवरी को प्रदान किया जाएगा।

## झारखण्ड में 21 शाखाओं के साथ उज्जीवन एसएफबी का विस्तार



**जमशेदपुर/धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** उज्जीवन स्मॉल फाइनैंस बैंक लिमिटेड (उज्जीवन एसएफबी/बैंक) ने धनबाद के बैंक मोड़ झारखण्ड में अपनी नई शाखा खोली है। बैंक का उद्देश्य डिजिटल बैंकिंग एवं राजस्व के विविधीकरण पर ध्यान केन्द्रित करते हुए बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं को अपने साथ जोड़ना है। झारखण्ड में 21 शाखाओं के साथ बैंक 2 लाख से अधिक उपभोक्ताओं को अपनी सेवाएं प्रदान कर रहा है। इस अवसर पर इत्तिरा डेविस, एमडी एवं सीईओ, उज्जीवन स्मॉल फाइनैंस बैंक ने कहा कि धनबाद, झारखण्ड में अपनी नई शाखा खोलते हुए हमें बेहद खुशी का अनुभव हो रहा है। हमारे पर्सनलाइज़्ड बैंकिंग प्रोडक्ट एवं सेवाएं तथा बचत एवं डिपोज़िट पर प्रतिस्पर्धी ब्याज़ दरें क्षेत्र के लोगों के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव उत्पन्न करेंगी।

## बनकुंचिया में दो दिवसीय लोक संस्कृति उत्सव 17 से

**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** करीब पांच साल बाद पटमदा के कमलपुर थाना अंतर्गत बनकुंचिया गांव में इस वर्ष फिर से दो दिवसीय लोक संस्कृति उत्सव का आयोजन किया जाएगा। टैगोर सोसायटी फॉर रूरल डेवलपमेंट पटमदा प्रोजेक्ट के सहयोग से लोक संस्कृति उत्सव कमेटी के तत्वावधान में 17 फरवरी की शाम 4 बजे उद्घाटन होगा। इसके बाद शाम 5 बजे से पाता नाच (एभेन अखाड़ा क्लब गोलकाटा), 6 बजे से रामकृष्ण शारदा मिशन विद्यामंदिर केंदा के छात्र-छात्राओं द्वारा नृत्य की प्रस्तुति, 7 बजे से पुरुलिया मूक बधिर स्कूल के बच्चों द्वारा मूक अभिनय की प्रस्तुति, 8 बजे से बांकुड़ा के टीके बनर्जी द्वारा हरबोला कार्यक्रम की प्रस्तुति, साढ़े 8 बजे से बांकुड़ा इमन कल्याण द्वारा संगीत की प्रस्तुति, 9 बजे से बांकुड़ा के ? मंगलम डांस ग्रुप द्वारा ग्रुप डांस, साढ़े 11 बजे से झाड़ग्राम की रानी महतो द्वारा झुमुर गीत एवं स्थानीय कलाकारों द्वारा रात्रि 2 बजे से छऊ नृत्य की प्रस्तुति दी जाएगी। इस संबंध में टैगोर सोसाइटी के नंदलाल बॉक्सी ने बताया कि कोरोना काल में यह उत्सव बंद हो गया था इसके बाद स्थानीय लोगों की लगातार मांग के कारण इस वर्ष 17वां समारोह का आयोजन होगा।

## आईडीटीआर के 43 छात्रों को मारुति सुजुकी ने किया लॉक



**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** औद्योगिक क्षेत्र स्थित आईडीटीआर जमशेदपुर में मारूती सुजुकी कंपनी की ओर से चार वर्षीय टूल एंड डाई मेकिंग, तीन वर्षीय मेकाट्रोनिक्स और तीन वर्षीय प्रोडक्शन इंजीनियरिंग के पास आउट छात्र-छात्राओं के लिए कैंपस ड्राईव चलाया गया। इस दौरान 5.20 लाख रूपए के पैकेज के साथ जमशेदपुर आईडीटीआर और टीआरटीसी पटना के कुल 43 छात्र-छात्राओं को लॉक किया। इस बावत संस्थान के प्लेसमेंट प्रभारी सुमित सिंह ने बताया कि प्रत्येक वर्ष जुलाई माह में बच्चों का सेशन समाप्त होने के बाद प्लेसमेंट की प्रक्रिया प्रारंभ होती है। इस बार कंपनियों के आग्रह पर यह प्रक्रिया पहले ही प्रारंभ की गई है। उन्होंने बताया कि मारूती सुजुकी में आईटीटीआर जमशेदपुर के 28 छात्र-छात्राओं का चयन हुआ है, जिसमें टूल एंड डाई मेकिंग के 16 तथा मेकाट्रोनिक्स के 12 छात्र-छात्राएं शामिल हैं। जबकि टीआरटीसी पटना के टूल एंड डाई मेकिंग के 09, मेकाट्रोनिक्स के 04 एवं प्रोडक्शन इंजीनियरिंग के 02 छात्रों का चयन हुआ है।

## खगेन महतो ने ईचागढ़ का किया दौरा



**ईचागढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र का कुटाम, बारूणा,नारो, पिलीद सहित दर्जनों गांवों का समाजसेवी खगेन महतो ने दौरा कर सरस्वती पूजा पंडालों में माथा टेककर मां सरस्वती से क्षेत्र की सुख समृद्धि व सद्बुद्धि देने का कामना किया। वहीं समाज सेवी खगेन महतो अपने समर्थकों के साथ एलडीएम पब्लिक स्कूल मे सरस्वती विसर्जन में शामिल होकर बच्चों का हौसला अफजाई किया। उन्होंने बच्चों को शिक्षा के साथ ही संस्कार को भी ग्रहण करने करने का अपील किया। मौके पर प्राचार्य लम्बोदर महतो, सुभाष चन्द्र महतो, मनोज कुमार महतो, प्रल्हाद महतो, अम्बिका प्रसाद महतो, दिवाकर गोप आदि उपस्थित थे।

## मधुसूदन पब्लिक स्कूल में नई शिक्षा नीति के तहत प्रशिक्षण का आयोजन



**चक्रधरपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** चक्रधरपुर के आसनतलिया स्थित मधुसूदन पब्लिक स्कूल में गुरुवार को नई शिक्षा नीति के तहत प्रशिक्षण का आयोजन किया गया।इसका शुभारंभ स्कूल के प्राचार्य के नागराजू,उप प्राचार्या आरती कोड़वार,विद्यालय प्रशिक्षण नोडल अधिकारी दिनेश कुमार चक्रवर्ती एवं संसाधनसेवी महादेव हानरा, रंजन गोराई ने दीप जलाकर किया।प्रशिक्षण के दौरान नई शिक्षा नीति के बारे में बताया गया। साथ ही विषयों को बच्चों के समक्ष किस प्रकार प्रस्तुत किया जाए, ताकि साक्षरता, संख्या ज्ञान, तार्किकता, समस्या समाधान, नैतिक, सामाजिक, भावनात्मक मूल्यों के विकास द्वारा विद्यार्थियों के व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास हो, इस बारे में भी जानकारी दी गई। विद्यालय के प्राचार्य के. नागराजू एवं विद्यालय के उप प्राचार्या आरती कोड़वार द्वारा संसाधन सेवी महादेव हानरा एवं रंजन गोराई को पारितोषिक देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर स्कूल के शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद थे।

# इलेक्ट्रोल बॉन्ड अनैतिक कार्य को असंवैधानिक करार दिया : कांग्रेस

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**जमशेदपुर :** पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में आज पीएम नरेंद्र मोदी का पुतला दहन किया गया। जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा के नरेंद्र मोदी सरकार ने विगत 2017 में कुछ अनैतिक कार्यों को पार्टी हित में लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से इलेक्ट्रोल बांड विधेयक को पारित कराया। जिस पर सुप्रीम कोर्ट ने संज्ञान लेते हुए भाजपा सरकार और नरेंद्र मोदी को झटका दिया, निजी लाभ पार्टी हित में करने के लिए इलेक्ट्रोल बांड के माध्यम से हजारों करोड़ रूपया उगाही करने को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने कड़ा एतराज करते हुए इसे असंवैधानिक करार दिया है। इससे यह साबित होता है कि भाजपा सरकार और इसको नेतृत्व करने वाले नरेंद्र मोदी किसी भी स्तर पर संविधान का परवाह नहीं कर रहे हैं। आज कांग्रेस पार्टी सुप्रीम कोर्ट के फैसले का समर्थन करती है तथा काला धन रूपांतरण योजना जो भाजपा सरकार के नरेंद्र मोदीजी के अगुवाई में लाया गया था। उसका भ्रत्सना की जा रही है। यह सरकार बिल्कुल ही जनहित में नहीं है, हमें सावधान होना ही होगा, आज अन्नदाता किसानो को आतंकवादियों की तरह घेरा जा रहा, पिटा जा रहा है, आंसू गैस छोड़े जा रहे हैं, ड्रोन का इस्तेमाल हो रहा है। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे, सुखदेव सिंह मल्ली, के के शुक्ल, अमरजीत नाथ मिश्र, जितेन्द्र सिंह, मनोज उपाध्याय, संजय यादव, अपर्णा गुहा, संजय तिवारी,मो सलीम, ज्योति मिश्र, कुमार गौरव, सुरेन्द्र शर्मा, नलिनी कुमारी, गुरदीप सिंह, इंतिखाब वास्ती, अजय मंडल, जीतेन, राज कुमार दास, अमर कुमार मिश्र, सन्नी सिंह, प्रशेनजीत सेन शामिल हुए।

## सीजन का आखिरी जैम@स्ट्रीट कदमा में रविवार को

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**जमशेदपुर :** टाटा स्टील यूआईएसएल, टाटा स्टील और टाटा स्टील फाउंडेशन के सहयोग से, विभिन्न प्रकार की गतिविधियों को प्रदर्शित करने वाला एक समावेशी और विविध कार्यक्रम सहित, रोमांचकारी जैमञ्चस्ट्रीट का आयोजन कर रहा है । इस बार यह कार्यक्रम 18 फ़रवरी 2024 (रविवार) को सुबह 6:30 बजे कदमा (कदमा गणेश पूजा गोलचक्कर से रंकिणी मंदिर गोलचक्कर) में होने जा रहा है । इस रविवार को कदमा मेन रोड पर बैडमिंटन खेलने, जुम्बा के साथ कसरत करने और स्वास्थ्यवर्धक व्यंजनों का आनंद लेने के लिए तैयार हो जाइए । जैम@स्ट्रीट केवल एक आयोजन नहीं है; यह विभिन्न रुचियों को पूरा करने वाली विभिन्न गतिविधियों का मिश्रण है। योग सत्रों की शांति से लेकर साहसिक खेलों की भीड़ तक, हर किसी के लिए कुछ न कुछ है । चाहे आप फिटनेस के प्रति उत्साही हों, कला प्रेमी हों, या पारिवारिक मनोरंजन के दिन की तलाश में हों, Jam@Street में यह सब है । साथ ही संगीत बैंड प्रदर्शन का आनंद लें, विविध खाद्य स्टालों का भ्रमण करें, रोमांचक बास्केटबॉल और कराटे प्रदर्शन देखें और साहसिक खेलों के रोमांच में डूब जाएं । पेंटिंग सत्र के साथ कलात्मक प्रयासों में संलग्न रहें और अस्थायी टैटू बनवाने की खुशी में शामिल हों । इस कार्यक्रम में जुंबा भी शामिल है, जो एक जीवंत नृत्य सत्र है जो दिन में एक लयबद्ध स्पर्श से जोड़ता है ।

## जमशेदपुर विंटेज क्लासिक कार व बाइक रैली गोपाल मैदान में 24-25 फरवरी को

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**जमशेदपुर :** जमशेदपुर विंटेज और क्लासिक कार एवं बाइक रैली का बहुप्रतीक्षित तीसरा संस्करण 24-25 फरवरी, 2024 को सड़कों पर जलवा बिखेरने के लिए तैयार है, जो शहर के जीवंत अतीत और हलचल भरे वर्तमान के माध्यम से एक रोमांचक अनुभव प्रदान करने का वादा करता है। टाटा स्टील द्वारा आयोजित, यह कार्यक्रम कालातीत सुंदरता, इंजनों की घरघराहट और जमशेदपुर की चिरस्थायी भावना का उत्सव है। इस साल की रैली की थीम रेट्रो राइड्स एंड मॉडर्न वाइब्स है। रैली के इस संस्करण में झारखंड, ओडिशा, पश्चिम बंगाल और पंजाब से आने वाले 100 से अधिक लोग भाग लेंगे। लगभग 70 विंटेज और क्लासिक कारों और 100 बाइक्स को 24 फरवरी, 2024 को गोपाल मैदान में प्रदर्शित किया जाएगा, जिसके बाद रविवार (25 फरवरी) की सुबह रैली को हरी झंडी दिखाई जाएगी। रैली में साल 1920 से लेकर 1985 तक की विंटेज और क्लासिक कारें और बाइक हिस्सा लेंगी। रैली शहर के प्रमुख स्थलों जैसे रीगल सर्कल, भरूचा मेंशन, केएस लिंक रोड, मरीन ड्राइव, जुबली पार्क आदि से गुजरते हुए लगभग 23 किलोमीटर का रास्ता तय करेगी और यूनाइटेड क्लब में आकर समाप्त होगी।

## जिला स्तरीय रसोइया माताओं की कुकिंग प्रतियोगिता में ईचागढ़ की टीम अव्वल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**सरायकेला :** प्रखंड संसाधन केंद्र सरायकेला में गुरुवार को जिला स्तरीय रसोईया माताओं का कुकिंग कंपटीशन का आयोजन किया गया। ईचागढ़ प्रखंड से उ उ वि चिपरी की रसोइया सरस्वती रोहिदास एवं टीम को प्रथम पुरस्कार एवं राजनगर की के उउवि नेटो की रसोइया सुलोचना देवी एंड टीम को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। प्रतियोगिता में विजेता रहने वाली टीम को प्रथम पुरस्कार 5000 रुपए का तथा द्वितीय पुरस्कार 2500 रुपए का चेक एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी प्रकाश कुमार,जिला चिकित्सा पदाधिकारी एवं सभी प्रखंड के प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी उपस्थित थे। इस प्रतियोगिता में जिले के सभी नौ प्रखंड से प्रखंड स्तर पर विजेता रसोइया माताओं की टीमों ने भाग लिया। मौके पर जिला के मध्यान भोजन योजना प्रभारी नागेंद्र दुबे एवं जिला मध्याह्न भोजन कोषांग के गौतम कुमार साहू सहित सभी प्रखंड की रसोइया माता मौजूद थीं।

## लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने की समीक्षा बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारी को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रवि शंकर शुक्ला ने सभी कोषांग के वरीय पदाधिकारियों के साथ वर्चुअल बैठक कर अब तक किए गए तैयारियों की समीक्षा की गई, साथ ही आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। उप निर्वाचन पदाधिकारी कानूराम नाग ने विभिन्न कोषांग, मैन पावर मैनेजमेंट एवं प्रशिक्षण इत्यादि के संबंध किए जा रहें कार्यो के अद्यतन स्थित से उपायुक्त को अवगत कराया। उपायुक्त ने सभी कोषांग के वरीय पदाधिकारियों को सभी गतिविधियां निश्चित समय मे आयोजित कर ससमय सभी तैयारियां पूर्ण करने, 20 फ़रवरी तक मास्टर ट्रेनर की प्रशिक्षण पूर्ण करने, कैलेंडर तैयार कर सभी सेंटर सुप्रीडेंट का प्रशिक्षण पूर्ण कराने तथा विभिन्न कोषांग के ऐसे पदाधिकारी जिनका स्थानांतरण हो गया है के स्थान पर दूसरे पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सभी कोषांग के वरीय पदाधिकारी तथा ई आर ओ एवं ए ई आर ओ को विभिन्न बिंदु पर मांगे गए प्रतिवेदन सोमवार 19 फरवरी 2024 तक जिला निर्वाचन शाखा मे उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इस बैठक मे उप विकास आयुक्त प्रभात कुमार बारतियार, अपर उपायुक्त रविंदर गागराई, अनुमंडल पदाधिकारी सरायकेला एवं चांडिल उप निर्वाचन पदाधिकारी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, आदि थे।

## निरीक्षण करने गम्हरिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे विधायक प्रतिनिधि, अव्यवस्था देख भड़के

### अमलगम कंपनी ने सरकार के साथ किए गए करार का किया वादा खिलाफी, सीएम होगी शिकायत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**गम्हरिया :** मुख्यमंत्री के निर्देश पर विधायक प्रतिनिधि सनत आचार्य द्वारा गुरुवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, गम्हरिया का दौरा कर निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने सभी विभागों का भ्रमण कर वहां उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया। इस क्रम में वहां व्याप्त अव्यवस्था पर वे भड़क उठे और अस्पताल में मौजूद कर्मचारियों को काफी खरी खोटी सुनाया। बताया गया है कि अमलगम स्टील कंपनी द्वारा दो वर्ष पूर्व इस अस्पताल को गोद लिया गया था जिसका दो साल टर्म पूरा हो गया है। किन्तु यहां की व्यवस्था में अबतक सुधार नहीं आया है। इस बाबत बीते बुधवार को मुख्यमंत्री के पैतृक घर पहुंचने पर स्थानीय लोगों ने गम्हरिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में समुचित व्यवस्था स्थापित नहीं होने की शिकायत की थी। उसके बाद मुख्यमंत्री चंपई सोरन ने प्रतिनिधि को जांच करने का निर्देश दिया। विधायक प्रतिनिधि ने बताया कि दो वर्ष में अमलगम कंपनी एक साल तक काम बंद रखा है जो सरकार के साथ किए गए करार का वादा खिलाफी है। इस दौरान वहां ऑपरेशन थिएटर, लेबर रूम आदि का अत्याधुनिक निर्माण किया जाना था जो नहीं हो सका है। विधायक प्रतिनिधि ने बताया कि सभी समस्याओं को सूचीबद्ध कर मुख्यमंत्री को अवगत कराया जाएगा। इसके बाद कंपनी पर कार्रवाई भी की जाएगी।

## विधायक ने किया सात योजनाओं का शिलान्यास व 40 किसानों को पंप सेट दिया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**ईचागढ़ :** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र में विधायक सविता महतो ने 7 योजनाओं का शिलान्यास किया। वहीं एक पीसीसी सड़क का उद्घाटन भी किया। विधायक ने चीपड़ी में 40 किसानों के बीच पंप सेट का भी वितरण किया। विधायक ने 5 तालाबों का शिलान्यास किया। सापारूम, दालग्राम,कुईडीह, तिरूलडीह,चीपड़ी में भूमि संरक्षण की ओर से राईस फेलो योजना अंतर्गत बौजर भूमि में 7 निजी तालाब का जीर्णोद्धार कार्य का शिलान्यास किया गया। वहीं ग्रामीणों को संबोधित करते हुए विधायक सविता महतो ने कहा कि करीब 70 लाख की लागत से तालाबों का मरम्मती कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में दर्जनों सड़कों का शिलान्यास किया जाएगा। मौके पर प्रमुख गुरूपद मार्डी, 20 सुत्री अध्यक्ष कान्हाई बेसरा ,मुखिया गंगा मनी देवी, प्रखंड अध्यक्ष निताई उरांव,सुर्यन स्वांसी, पंचानन पातर, अघोर महतो, पशुपति बागची , लक्ष्मी नारायण सिंह मुण्डा, मधु गोप, नरेन गोप सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## जेएससीसी सीजीएल परीक्षा पत्र मामले में सरकार का रुख स्पष्ट नहीं : सहिस

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**जमशेदपुर :** गुरुवार को आजसू की छात्र इकाई अखिल झारखंड छात्र संघ के नेतृत्व में उपायुक्त के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा गया। इसमें मुख्य रूप से जेएसएससी सीजीएल परीक्षा पत्र लीक मामले की सीबीआई जांच की मांग और सरकार द्वारा बनाए गए कड़े कानून के तहत दोषियों पर कारवाई करने की मांग की गई है। साथ ही यह भी मांग की गई है कि इस पूरे कांड के सूत्रधार और मुख्य आरोपी की पहचान हो सरकार द्वारा इस मामले में लीपापोती नहीं हो। ज्ञापन देने पहुंचे पूर्व मंत्री सह आजसू पार्टी के प्रधान महासचिव रामचंद्र सहिस ने कहा कि राज्य सरकार युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करती है और अभी तक इस मामले पर सरकार का रुख स्पष्ट नही हैं और न ही कोई कारवाई होते दिखाई पड़ रही है। छात्र मोर्चा के तरफ से हेमंत पाठक, राजेश महतो, साहेब बागति, कामेश्वर प्रसाद, सिंटू सिंह, कुंदन कुमार मौजूद रहे।

## टाटा स्टील जमशेदपुर प्लांट में पहला इस्पात उत्पादन 16 फरवरी 1912 को हुआ था

**हेरिटेज स्टोरी**



**जमशेदपुर :** टाटा स्टील जमशेदपुर प्लांट का पहला इस्पात उत्पादन 16 फरवरी, 1912 को किया गया था। इससे पूर्व पहला ब्लास्ट फर्नेस 2 दिसंबर 1911 को चालू किया गया था, और पहले इंगट का उत्पादन 16 फरवरी 1912 को हुआ था। तरल स्टील को इंगट बनाने के लिए इंगट-मोल्ड में डाला जाता था। इंगट मोल्ड का निर्माण इंगट मोल्ड फाउंड्री में किया जाता था और ठोस इंगट को स्लैब, बार, ब्लूम और बिलेट्स में रोल किया जाता था।टाटा स्टील जमशेदपुर प्लांट का निर्माण मूल रूप से 160,000 टन पिग आयरन, 100,000 टन इंगट स्टील, 70,000 टन रेल, बीम और विभिन्न आकार तथा 20,000 टन बार, हुप्स और रॉड की क्षमता के लिए किया गया था। संयंत्र में अनिवार्य रूप से 180 नॉन-रिकवरी कोक ओवन की बैटरी और सल्फ्यूरिक एसिड प्लांट के साथ 30 बाय प्रोडक्ट ओवन, दो ब्लास्ट फर्नेस (प्रत्येक की क्षमता 350 टन प्रति दिन), एक 300 टन का हॉट मेटल मिक्सर, चार ओपन हर्थ फर्नेस जिसमें प्रत्येक की क्षमता 50 टन, एक स्टीम इंजन संचालित 40-इंच रिवर्सिंग ब्लूमिंग मिल, एक 28-इंच का रिवर्सिंग कॉम्बिनेशन रेल और री-हीटिंग फर्नेस के साथ स्ट्रक्चरल मिल, और एक 16-इंच और दो 10-इंच की रोलिंग मिलें शामिल थीं। इसके अलावा, स्टील वर्क्स में एक पावर हाउस, सहायक सुविधाएं और एक अच्छी तरह से सुसज्जित प्रयोगशाला थी। इस प्लांट के निर्माण की लागत लगभग 23 मिलियन रुपये थी।

## इलेक्ट्रॉल बॉन्ड्स पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला लोकतंत्र को मजबूत करेगा : सुधीर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**जमशेदपुर :** शहर के अधिवक्ता सुधीर कुमार पप्पू ने इलेक्ट्रोल बॉन्ड्स पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले की सराहना करते हुए कहां है कि यह लोकतंत्र की मजबूती की दिशा में पहला कदम है। यह फैसला तभी सार्थक माना जाएगा जब करोड़ो रुपए का दान राजनीतिक दल को देने वाले दानकर्ताओं और सरकार के मंत्रियों तथा राजनीतिक दल का नापाक इरादे एवम इनसे देश और राज्य की आर्थिक संपति के लूट के मामले उजागर होंगे। केन्द्र सरकार विशेषकर प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी ईमानदार हैं तथा लोकतन्त्र में शुचिता को बढ़ावा देना चाहते हैं तो ऐसे मामलों की जांच ईडी, सीबीआई और इनकम टैक्स डिपार्टमेंट से जांच करने का आदेश जारी किया जाना चाहिए। आखिरकार क्यों कोई उद्योगपति घराना करोड़ों रुपए का दान राजनीतिक दल को दे रहा है। इस जांच से सामने आएगा कि कितने औद्योगिक घरानों और कितने व्यापारियों का करोड़ों रुपए का ऋण माफ किया गया है और कितने खदान और भूमि का आवंटन किया गया है।

# नीतीश के सामने चुनौतियां

बिहार में नीतीश की सरकार है. इस सरकार पर विधानसभा में शक्ति परीक्षण के साथ ही विधायिका की मुहर भी लग चुकी है. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने विधानसभा में विश्वास मत तो हासिल कर लिया लेकिन आगे की राह उनके लिए और उनकी पार्टी जनता दल यूनाइटेड के लिए आसान नहीं है. विश्वास मत पर वोटिंग से पहले जिस तरह उनकी पार्टी के करीब आधा दर्जन विधायक आउट ऑफ कॉन्टैक्ट हुए और कुछ को विधानसभा तक लाने के लिए भी पुलिस-प्रशासन का सहयोग लेना पड़ा, उसे नीतीश और जेडीयू के लिए अलार्मिंग सिचुएशन बताया जा रहा है. नीतीश कुमार के सामने अपनी पार्टी को और अपनी पार्टी के नेताओं को एकजुट रखने के साथ ही लोकसभा से लेकर विधानसभा चुनाव तक जेडीयू का पुराना रुतबा बचाए रखने की चुनौती होगी. सुशासन बाबू को बीजेपी के साथ सामंजस्य बनाने से लेकर राष्ट्रीय जनता दल से क्रेडिट वार तक के मोर्चे पर जूझना होगा. नीतीश के सामने बड़ी चुनौतियां है. नीतीश के सामने सबसे बड़ी चुनौती जेडीयू को एकजुट रखने की है. विश्वास मत पर वोटिंग से पहले जिस तरह से संजीव कुमार को झारखंड से बिहार में प्रवेश करने पर हिरासत में लेकर पुलिस-प्रशासन ने विधानसभा पहुंचाया, बीमा भारती जिस तरह से गैरहाजिर रहीं और अब अपनी पार्टी के खिलाफ ही मोर्चा खोल रखा है, वह बताता है कि जेडीयू में सबकुछ ठीक नहीं है. बीमा भारती ने कहा है कि नीतीश कुमार विधायकों का भरोसा खो चुके हैं. बीमा के पति को पुलिस अवैध हथियार रखने के मामले में गिरफ्तार कर चुकी है तो वहीं अब जेडीयू के ही विधायक सुधांशु शेखर ने अपनी ही पार्टी के विधायक संजीव कुमार के खिलाफ आरजेडी का समर्थन करने के लिए पांच करोड़ रुपये एडवांस और मंत्री पद के साथ ही बाद में पांच करोड़ देने का ऑफर देने के आरोप में एफआईआर करा दी है. संजीव कुमार खुद को निर्दोष बता रहे हैं, जेडीयू नेताओं के एक गुट पर अपने खिलाफ साजिश का आरोप लगा रहे हैं. सच क्या है और क्या नहीं, यह जांच का विषय है लेकिन ये मामले नीतीश के लिए टेंशन बढ़ाने वाले हैं.नीतीश कुमार के बार-बार पालाबदल और आरजेडी के %17 महीने बनाम 17 साल% नारे से निपटना भी जेडीयू के लिए चुनौतीपूर्ण होगा. नीतीश के फैसले को जेडीयू हर चुनाव में अपने नेतृत्व वाले गठबंधन को सत्ता मिलने का हवाला देकर सही ठहरा रही है लेकिन एक पहलू यह भी है कि हर पालाबदल के बाद पार्टी की सीटें घटती चली गई. बिहार के वरिष्ठ पत्रकार ओमप्रकाश अश्क ने कहा कि नीतीश के बार-बार पालाबदल को लेकर उनकी पार्टी के नेताओं और जनता में भी भ्रम की स्थिति है. जेडीयू अगर बेहतर प्रदर्शन करना चाहती है तो उसे इस दिशा में काम करना होगा. नीतीश कुमार हाल की भर्तियों को लेकर चाहे जैसे और जितना कह लें कि यह सात निश्चय पार्ट वन में था, पार्ट टू में था लेकिन आरजेडी इसे तेजस्वी की उपलब्धि के रूप में जनता तक ले जाने में अब तक सफल नजर आ रही है. जेडीयू और नीतीश को इसकी भी काट खोजनी होगी. नीतीश कुमार की पार्टी जेडीयू और बीजेपी लंबे समय तक गठबंधन में रहे हैं. इसे स्वाभाविक गठबंधन भी बताया जाता रहा है लेकिन इस बार दोनों दलों के बीच सामंजस्य बनाकर सरकार चलाना नीतीश के लिए आसान नहीं होगा. दरअसल, जेडीयू के साथ सरकार बनाने के बाद भी बिहार बीजेपी के अध्यक्ष सम्राट चौधरी के बयान पुराने ट्रैक पर ही नजर आ रहे हैं. नीतीश सरकार में डिप्टी सीएम बनने के बाद एक सवाल पर सम्राट चौधरी ने कहा कि बिहार में बीजेपी की सरकार बनाने के संकल्प पर हम अब भी कायम हैं.बिहार बीजेपी के अध्यक्ष का यह बयान बताता है कि नीतीश के साथ गठबंधन तो हो गया लेकिन पार्टी की स्टेट यूनिट इसे लेकर अभी सहज नहीं हो पाई है. नीतीश का नेतृत्व अभी है लेकिन बीजेपी की रणनीति उनकी छाया से निकलने की होगी. प्रेशर पॉलिटिक्स, खींचतान की सियासत की आशंकाएं भी जताई जा रही हैं और देखना होगा कि नीतीश किस तरह से बीजेपी नेताओं के साथ सामंजस्य स्थापित कर सरकार चलाते हैं ? बीजेपी के नेतृत्व वाले एनडीए में पहले से ही चिराग पासवान की लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास, पशुपति पारस की राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी, उपेंद्र कुशवाहा की राष्ट्रीय लोक जनता दल, जीतनराम मांझी की हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा (हम) भी पहले से ही हैं. चिराग और पशुपति, दोनों के ही दल सात-सात सीटें मांग रहे हैं. मांझी की पार्टी भी दो से तीन और कुशवाहा की पार्टी भी तीन से चार सीटें पाना चाहती है. ऐसे में अब जेडीयू के एनडीए में आ जाने से सीट शेयरिंग का गणित और उलझ गया है. नीतीश की पार्टी के फिलहाल 16 सांसद हैं. पिछले चुनाव में जेडीयू, बीजेपी के बराबर 17 सीटों पर चुनाव लड़ी थी. नीतीश की पार्टी महागठबंधन में रहते हुए बार-बार यह दोहरा रही थी कि 17 सीटों के बाद बात होगी. अब एनडीए में आने के बाद उनको भी कुछ मुद्दों पर समझौते करने होंगे जिनमें सीट शेयरिंग भी शामिल है. बीजेपी नेताओं, खासकर सम्राट चौधरी के बयानों से तो ऐसा लगता है कि विधानसभा चुनाव में भी पार्टी इसबार नीतीश के दल के लिए अधिक सीटें छोड़ने के मूड में नहीं है. ऐसे में नीतीश के सामने विधानसभा से लेकर लोकसभा तक, गठबंधन में पुरानी स्थिति बनाए रखने, पिछले चुनावों के बराबर सीटें पाने की चुनौती भी होगी।

### किसानों की भलाई सुनिश्चित करने का लक्ष्य रखा है

# किसानों की मांगों पर सहानुभूति से विचार हो

डा. अमरीक ठाकुर

> किसानों को सशक्त बनाना व उनकी आर्थिक स्थिरता सुनिश्चित करना प्रधानमंत्री की ग्रामीण भारत की बेहतरी के लिए एक मजबूत प्रतिबद्धता है, जो भारत की अधिकांश आबादी को सशक्त बनाने और किसान समुदायों के उत्थान के लिए समर्पित हैं। समावेशी विकास पर एक मजबूत ध्यान देने के साथ, उनकी नीतियों और कार्यक्रमों को ग्रामीण और शहरी भारत की जरूरतों को पूरा करने के लिए डिजाइन किया गया है।

**प्रधानमंत्री** मोदी की मजबूत प्रतिबद्धता में से एक किसानों का सशक्तिकरण है। किसानों को सशक्त बनाना व उनकी आर्थिक स्थिरता सुनिश्चित करना प्रधानमंत्री की ग्रामीण भारत की बेहतरी के लिए एक मजबूत प्रतिबद्धता है, जो भारत की अधिकांश आबादी को सशक्त बनाने और किसान समुदायों के उत्थान के लिए समर्पित हैं। समावेशी विकास पर एक मजबूत ध्यान देने के साथ, उनकी नीतियों और कार्यक्रमों को ग्रामीण और शहरी भारत की जरूरतों को पूरा करने के लिए डिजाइन किया गया है। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि और नीम-लेपित यूरिया उर्वरक को बढ़ावा देने जैसी पहलों को लागू करके, मोदी ने कृषि क्षेत्र को मजबूत करने और किसानों की भलाई सुनिश्चित करने का लक्ष्य रखा है। प्रधानमंत्री मोदी ने भारत की खाद्य टोकरी में विविधता लाने और टिकाऊ कृषि प्रथाओं को बढ़ावा देने के महत्व पर जोर दिया है। बाजरा लचीला, पौष्टिक और जलवायु-स्मार्ट फसलें होने के नाते, खाद्य सुरक्षा को बढ़ाने और किसानों की आजीविका में सुधार करने की क्षमता रखती हैं। इस पहल का उद्देश्य बाजरा की खेती, खपत और व्यावसायीकरण को पुनर्जीवित करना है, जो अंततः किसानों और उपभोक्ताओं दोनों को लाभान्वित करता है। श्री अन्न वर्ष 2023 जैसी पहलों के माध्यम से, श्री अन्न की खेती के लिए किसानों को बहुत मशक्कत नहीं करनी पड़ती। धान के मुकाबले मोटे अनाज की खेती में पानी की खपत कम होती है। यूरिया और दूसरे रसायनों की जरूरत नहीं पड़ती है। इसकी खेती पर्यावरण के लिए भी बेहतर है।

पिछले कुछ सालों की तरह अगर दुनिया में यूं ही श्री अन्न की मांग बढ़ती है तो किसान कम लागत पर ज्यादा फायदा देने वाली फसल की पैदावार को और बढ़ा सकेंगे। भारत में उगाए जाने वाले मोटे अनाजों में पर्ल मिलेट, ज्वार, फिंगर मिलेट और प्रोसो मिलेट, कोदो मिलेट, छोटा मिलेट, कंगनी मिलेट, ब्राउनटॉप मिलेट, बार्नयार्ड मिलेट, चौलाई और बकवीट जैसे गौण श्री अन्न शामिल हैं। भारत में मोटा अनाज खाने की परंपरा रही है। यह इनसान को सेहतमंद रखता है। भारत यही परंपरा अब दुनिया तक पहुंचाना चाहता है। पीएम मोदी ने मोटे अनाज को बढ़ावा देने की बात कही। हाल में मन की बात में भी उन्होंने



इसका जिक्र किया है। सरकार की पहल के तहत ही संसद की कैंटीन में भी मोटे अनाज से बने व्यंजनों की शुरुआत हुई है। कैंटीन में देश के अलग-अलग इलाकों में फेमस मोटे अनाज से बने व्यंजन को खाने की सूची में शामिल किया गया है। इतना ही नहीं, इस साल भारत में आयोजित होने वाले जी-20 कार्यक्रम में मोटे अनाज से बने पकवानों को विदेशी मेहमानों और वल्ड लीडर्स के सामने पेश किया है। भारत श्री अन्न का सबसे बड़ा उत्पादक और दूसरा सबसे बड़ा निर्यातक है। दुनिया भर में बाजरा को लोकप्रिय बनाने में भारत सबसे आगे रहा है। वेबएमडी की रिपोर्ट के अनुसार, मोटा अनाज मोटापा, दिल की बीमारियां, टाइप-2 डायबिटीज और कैंसर का खतरा घटाता है। यह बॉडी में ऐसे बैक्टीरिया की संख्या को बढ़ाता है जो आंतों की सेहत दुरुस्त रखते हैं। इसकी सबसे बड़ी वजह है इसमें मौजूद फाइबर और पोषक तत्व।

यही वजह है कि मोटे अनाज को सुपर फूड भी कहते हैं। मोटे अनाज में फाइबर के साथ विटामिन-बी, फोलेट, जिंक, आयरन, मैग्नीशियम, आयरन और कई तरह के एंटीऑक्सीडेंट्स पाए जाते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने शहरी-ग्रामीण विभाजन को पाटने, वित्तीय समावेशन को बढ़ाने और टिकाऊ कृषि प्रथाओं को बढ़ावा देने की दिशा में काम किया है। किसान समुदायों की आबादी के बीच आत्मनिर्भरता की भावना को बढ़ावा दिया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व ने किसान समुदायों की आबादी में उल्लेखनीय परिवर्तन लाया है। देश भर के किसानों का उत्थान किया है। उनके समर्पित फोकस के परिणामस्वरूप कई प्रभावशाली पहल हुई हैं। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना ने औपचारिक ऋण तक पहुंच की सुविधा प्रदान की है, जिससे ग्रामीण उद्यमियों को अपने व्यवसाय को स्थापित करने और विस्तार करने में सक्षम बनाया गया है। इससे ग्रामीण समुदायों की जीवन स्थितियों में काफी सुधार हुआ है। पीएम किसान सम्मान निधि, पीएम कृषि सिंचाई योजना और पीएम फसल बीमा योजना जैसी योजनाओं के कार्यान्वयन के माध्यम से किसान कल्याण के लिए प्रधानमंत्री मोदी की प्रतिबद्धता स्पष्ट है। इन कार्यक्रमों ने क्रमशः वित्तीय सहायता, सिंचाई के बुनियादी ढांचे में वृद्धि और फसल बीमा प्रदान किया है, जिससे किसानों की भलाई और समृद्धि सुनिश्चित हुई है। ग्रामीण भारत की बेहतरी के लिए एक मजबूत प्रतिबद्धता के साथ उन्होंने सकारात्मक बदलाव लाया हैं। अच्छी तरह से परिभाषित नीतियों और कार्यक्रमों के माध्यम से मोदी ने किसान समुदाय के उत्थान और ग्रामीण और शहरी भारत की नींव को मजबूत करने के लिए अथक प्रयास किया है जिनका लाखों भारतीयों के जीवन पर परिवर्तनकारी प्रभाव पड़ा है। मोदी ने कई किसान-केंद्रित नीतियों और कार्यक्रमों को लागू किया है। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना का उद्देश्य सिंचाई के बुनियादी ढांचे के विकास के माध्यम से कृषि गतिविधियों के लिए पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करना है।

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना किसानों को फसल विफलताओं और प्राकृतिक आपदाओं से बचाने के लिए फसल बीमा प्रदान करती है जिससे उन्हें वित्तीय सुरक्षा मिलती है। पीएम किसान सम्मान निधि योजना छोटे और सीमांत किसानों को प्रत्यक्ष आय सहायता प्रदान करती है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिरता सुनिश्चित होती है। प्रधानमंत्री मोदी ने टिकाऊ कृषि प्रथाओं और ग्रामीण विकास के महत्व पर भी जोर दिया है। नीम-लेपित यूरिया उर्वरक को बढ़ावा देने जैसी पहलों ने मिट्टी के स्वास्थ्य में सुधार किया है और कृषि के पर्यावरणीय प्रभाव को कम किया है। जन-धन योजना ने ग्रामीण आबादी को बैंकिंग सेवाओं और किफायती बीमा तक पहुंच प्रदान करके वित्तीय समावेशन सुनिश्चित किया है। इसके बावजूद कहा जा रहा है कि किसानों की आय दोगुनी नहीं हुई है। किसान आत्महत्याएं कर रहे हैं। फिर से किसान आंदोलित हैं। उनकी मांगों पर सहानुभूति से विचार होना चाहिए।

दृष्टिकोण

# विश्व की आस्था का केंद्र हैं राम, आखिर क्यों अलग हैं 'तुलसी के राम'

**तुलसीदास** भक्त कवि थे और रामकथा को देखने और उसे बुनने की उनकी दृष्टि भी एक भक्त की थी। तुलसी के राम पर जब भी बात की जाती है तो हमें उनका प्रवेश भी स्मरण रखना चाहिए। क्योंकि कोई भी कृति अपने समय काल परिवेश से विलग नहीं होती है उसका आरम्भ ही अपने प्रवेश के सामाजिक, राजनैतिक घटनाक्रम के कारण होता है। ऐसे में तुलसी के राम को कैसे उनके मध्यकालीन सामाजिक बोध और लोकाचार से अलग किया जा सकता है ? हमारे लोक में कथाओं का अथाह संसार विराजमान है। मगर उसमें से कुछ ही कथाएं वैश्विक स्वरूप धारण कर पाती है। उन्हीं में से एक तुलसीदास के राम है। जो भारतीय संस्कृति और लोक में इतनी गहराई से रच बस गए हैं कि उन्हें विलग नहीं किया जा सकता है। तुलसीदास के राम मात्र एक चरित्र नहीं है, वह सृष्टि के व्यवस्थापक है। सगुण और दोनों ही रूपों में विराजमान है। वह ब्रह्म भी है और मानव भी। वह संपूर्ण कलाओं में दक्ष, राजनीतिज्ञ, कूटनीतिज्ञ, समाजसुधारक, नारी सम्मान के रक्षक, पिता के वचनों के रक्षक है, निर्भीक, संरक्षक, खल संहारक है, प्रज्ञा हितैषी है, नीति-निपुण शासक है। तुलसी के राम लोकरंजक और रक्षक है। वह सामान्य लोक-जीवन की प्रेरणा का स्रोत है। 'सम भाव सदा वैभव विपदा तथा नहीं राग न लोभ मान सदा' राम 'योगी, संयमी और निरभिमानी पुरुष है। इस तरह का चरित्र



लोक में अन्य कहीं नहीं मिलता है। उसी प्रकार उनके 'राम राज्य' की स्थापना भी उनके जीवन दर्शन को अपनाकर ही संभव है। राम संपूर्ण विश्व की आस्था का केंद्र है। रमन्ते योगिनः यस्मिन सः रामः-वस्तुतःजो रमता है वही राम है।" वेद व्यास और वाल्मीकि से लेकर आधुनिक युग तक में रामकथा के विविध रूप उसके प्रति आस्था का स्वरूप देखा जा सकता है। मध्यकाल में कबीर और तुलसी के राम तो आधुनिक काल में गाँधी के राम 'रामकथा' के व्यापक परिदृश्य में राम की महत्ता को प्रदर्शित करता है। कबीर लिखते हैं कि 'दशरथ सुत तिहुं लोक बखाना। राम नाम का मरम न जाना।' तुलसीदास लिखते हैं कि 'समुझत सरिस नाम अरु नामी। प्रीति परसपर प्रभु अनुगामी।' राम के नाम और राम के रूप में छोटे-बड़े का कोई प्रश्न नहीं है। गांधी जी राम के दोनों रूपों को स्वीकारते हैं। डॉ. कमल किशोर गोयका लिखते हैं कि 14 अप्रैल 1933 को लिखते हैं कि, "मेरा राम दशरथनंदन है सही, लेकिन वह उनसे भी बहुत अधिक है। वही सच्चिदानंद पूर्ण ब्रह्म है" ।तुलसीदास के राम लोक में व्याप्त है। उनकी यही लोक ग्राह्यता उन्हें व उनके काव्य को लोक में विशिष्ट बनाती है। विश्व में राम कथा का व्यापक स्वरूप मिलता है। भारत के परिदृश्य में अनेक भाषाओं में यह रामकथा कहीं गई है। लेकिन लोक में तुलसी के राम ही सर्वाधिक स्मरण किये जाते हैं क्योंकि यह 'राम/ उत्तर से दक्षिण तक आमजन का प्रतिनिधित्व करते हैं उनके लिए एक आदर्श मनुष्य की परिकल्पना गढ़ते हैं। ऐसा मनुष्य जो परिवार व समाज व राज्य के प्रति जिम्मेदारियों से भागता नहीं है जिसके लिए पारिवारिक संबंधों की महत्ता है और उनके निर्वहन के लिए वह सत्ता तक का परित्याग कर सकता है। जो कि मध्यकालीन अराजक परिवेश में एक तरह की तुलसीदास की परिकल्पना ही थी। जिसे वह अपने आराध्य राम के चरित्र के माध्यम से स्थापित करना चाहते थे। यही कारण भी है कि लोक में तुलसीदास के राम सदैव याद किए जाते हैं। संबंधों की परिपाटी में उनकी तुलना 'राम' से की जाती है। तुलसी के राम मानव भी है और ब्रहम स्वरूप भी। वह लोक कल्याण के लिए अवतार भी धारण करते हैं और लोक का कल्याण करते हैं। वह वेद शास्त्र, पुराण, धर्म, संस्कृति, जीवन मूल्यों और आदर्शों का समुच्य है। क्योंकि वह ब्रहम स्वरूप है "मंगल भवन अमंगल हारी। उमा सहित जेहि जपत पुरारी" और मानव भी " मंगल भवन अमंगल हारी। द्रवहु सो दशरथ अजिर बिहारी"। तुलसीदास द्वारा रचित रामचरितमानस केवल रामायण की रामकथा का एक परिशिप्त मात्र नहीं है, बल्कि यह लोक की संवेदनाओं से पाठक को जोड़ती है, इसकी अवधी भाषा व सरल दोहा चौपाई में लिखे गए छंद इस महाकाव्य को अन्य रामकथा से संबंधित महाकाव्यों से बेहतर तरीके से लोक से जोड़ता है। क्योंकि उनकी भक्ति का संबंध मानवता व करुणा से है। यही कारण है कि उनके संपूर्ण काव्य में मानवीय मूल्यों, लोकाचार, करुणा प्रेम का अद्भुत समागम देखने को मिलता है।' भक्तिकाव्य की सामाजिक सांस्कृतिक चेतना नामक पुस्तक में लेखक प्रेमशंकर 'राम मध्यकाल के जननायक शीर्षक में लिखते हैं कि-मेरा विचार है कि तुलसी भक्ति के माध्यम से मध्यकाल के लिए जिस जीवन दर्शन की तलाश कर रहे थे. उसके व्यवहारिक पक्ष के लिए उन्होंने राम की सामाजिकता को बार-बार उजागर करने की चेष्ठा की और अपने चरित्र नायक को अधिक से अधिक लोकोन्मुख किया। उनमें जो अलौकिकता है वह भी मध्यकालीन परिवेश की उपज है, पर राम की सामाजिकता को समान्य जन स्वीकारते हैं, उन्हें अपना जननायक मानते हैं।'

# रामगढ़ आस-पास की खबरें

## गोला क्षेत्र के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ.अजीत कुमार की 15 वीं पुण्यतिथि मनाई गई

### -पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा, चिकित्सा शिविर का किया गया आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता



**गोला :** प्रखंड क्षेत्र के प्रसिद्ध चिकित्सक सह समाजसेवी डॉ अजीत कुमार की पंद्रहवीं पुण्य तिथि पर 15 फरवरी को चितरंजन सेवा सदन गोला में श्रद्धांजलि सभा आयोजित किया गया। श्रद्धांजलि सभा में आजसू पार्टी के बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के प्रभारी रोशन लाल चौधरी, डॉ कुमार की धर्मपत्नी वंदना अम्बष्ट, डॉ संजय कुमार, डॉ नवाब, डॉ अनुपमा वर्मा, डॉ संजीव जमुवार, डॉ सपन कुमार, डॉ अखिलेश कुमार, वरिष्ठ पत्रकार मनोज मिश्र, कुँवर कुमार बक्शी, अरुण बक्शी, सुजीत सिन्हा, रजनीश आनंद सहित क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता, विभिन्न राजनीति दल के लोगों शामिल होकर डॉ अजीत कुमार को श्रद्धा सुमन अर्पित की। शोक सभा के तहत लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी। वरिष्ठ पत्रकार मनोज मिश्र ने डॉ कुमार को याद करते हुए कहा कि डॉ कुमार क्षेत्र के महान हस्ती थे। वे गरीबों के मसिहा थे, उनके जाने से क्षेत्र में हुई क्षति की भरपाई नहीं हो सकती।डॉ कुमार के पुण्य तिथि पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में जिला सुजाता बक्सी, रेखा सिन्हा, संतोष महतो, टोपन महतो,सदानंद प्रमाणिक, रोशन, सुचांद, बेबी अग्रवाल, यमुनाभगतिया, असफाक अहमद, रोशन खलखो सहित दर्जनों उपस्थित होकर डॉ कुमार को श्रद्धांजलि दी।नि ञ्शुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित ञ डॉ कुमार के पुन्य तिथि पर चित्तरंजन सेवा सदन गोला में प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी नि्शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया. शिविर में चिकित्सकों द्वारा लोगों के स्वास्थ्य की जांच करते हुए उन्हें चिकित्सा सलाह दी गयी। दवा कंपनी अल्केम, ट्रॉइका द्वारा नि्शुल्क दवाइयां दी गयी। ओट्सरा जिनोटिका ने लोगों की ब्लड की जांच की। मौके पर दीपक सिंह, त्रिलोचन सिंह, रितेश सिंह, दीपेश सिन्हा, नियाज सहित स्वास्थ्य कर्मी, नर्स और दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

## राजू यादव ने बड़कागांव के नए एसडीपीओ से मुलाकात की



प्रभात मंत्र संवाददाता

**उरीमारी :** हजारीबाग जिले के बड़कागांव प्रखंड में नव पदस्थापित एसडीपीओ कुलदीप कुमार से गुरुवार को राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन के बरकासयाल क्षेत्रीय सचिव सह विसमो संरक्षक राजू यादव एवं विसमो के सभी पदाधिकारियों ने शिष्टाचार मुलाकात किये। इसदौरान नव पदस्थापित एसडीपीओ कुलदीप कुमार को क्षेत्रीय सचिव राजू यादव के द्वारा पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया एवं क्षेत्र से जुड़ी विभिन्न समस्याओ से उन्हें अवगत कराया गया। वहीं क्षेत्रीय सचिव राजू यादव के बातों पर प्रतिक्रिया देते हुए एसडीपीओ कुलदीप कुमार ने आश्वस्त करते हुए कहा कि क्षेत्र में सुरक्षा,शन्ति एवं नशा खोरी पर नकेल कसा जाएगा। और क्षेत्र में अपराध को किसी भी हाल में पनपने नहीं दिया जाएगा। वहीं इस मौके पर सीताराम किस्कू, विसमो सचिव महादेव बेसरा, डा जीआर भगत,चन्दू जायसवाल, राधेश्याम बैठा आदि लोग मौजूद थे।

## राजेंद्र को भारत सरकार रेल मंत्रालय रेलवे बोर्ड मेल का सलाहकार समिति का सदस्य बनाया गया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रजरप्पा :** भारत सरकार रेल मंत्री के द्वारा रेल मंत्रालय बोर्ड मेल का सलाहकार समिति का सदस्य बनाया गया जानकारी के अनुसार पत्रांक नंबर 2023/TG -/SCC/25 Ne2 Delhi 22-12-2023 भारत सरकार रेल मंत्री रेलवे बोर्ड के नामित सदस्य बनाए गए है राजेंद्र महतो जिसमें मंडल अध्यक्ष राजेंद्र महतो मंडल महामंत्री नरेश कुमार मनोज सिंह प्रशांत सिंह गणेश प्रसाद स्वर्णकार राजेंद्र महतो ने बताया कि भारत सरकार रेल रेल बोर्ड सदस्य में उन लोगों का नाम मिले स्टेशन मेल स्टेशन रेलवे स्टेशन के मास्टर के द्वारा फोन पर बताया गया कि आपका भारत सरकार रेल मंत्री मंत्रालय रेलवे बोर्ड का सलाहकार समिति का सदस्य बनाया तथा केंद्र के रेलवे मास्टर हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र सांसद जैन सिंह का आभार धन्यवाद दिया इन लोगों ने खुशी जाहिर किया दुलमी प्रखंड वासीयो में खुशी की लहर है।

## अरगड्डा के श्रमिक मैदान में पासवान समाज ने बैठक कर एकजूटता का दिया परिचय

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कोयलांचल अरगड्डा- सिरका श्रमिक मैदान में गुरुवार को क्षेत्र के पासवान समाज की अहम बैठक आयोजित हुई। इसमें समाज के लोगों ने एक जूटता का परिचय दिया। बैठक में वक्ताओ ने आगामी 25 फरवरी को आयोजित पासवान समाज के हरमू मैदान रांची महासम्मेलन में भाग लेने का निर्णय लिया। साथ ही अपनी भागीदारी को सुनिश्चित करते हुए कार्यक्रम की सफलता को लेकर जरूरी सुझाव और विचार व्यक्त किया। बैठक में कार्तिक पासवान, शांता पासवान, सूरज पासवान उर्फ सिक्की, संतराज पासवान, सीताराम पासवान, गणेश पासवान, शनि पासवान, सूरज पासवान, छोटू पासवान, मोहनलाल पासवान, लालजीत पासवान, महेंद्र पासवान, जितेंद्र पासवान, रंजीत पासवान, श्याम पासवान, सौरभ पासवान समेत कई समाज के युवा उपस्थित थे।



## पुलवामा हमले में शाहिद वीर जवानों को दी गई श्रद्धांजलि

**भुरकुंडा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** 14 फरवरी 2019 को पुलवामा हमले मे 40 वीर जवानों को पांचवीं बरसी पर कोयलांचल के भुरकुंडा में शहीद जवानों को याद करते हुए उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी गई।बिरसा चौक में आयोजित एक सादे समारोह में लोगों ने शहीद हुए सीआरपीएफ के 40 वीर जवानों को श्रद्धांजलि दी।सर्वप्रथम लोगों ने कैंडल जला कर शहीदों को नमन किया, फिर मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। मौके पर सेना से रिटायर कारगिल फाइटर सूबेदार एचएन यादव ने कहा कि देश के वीर जवानों की शहादत देश कभी नहीं भूलेगा। वहीं कांग्रेस के प्रखंड उपाध्यक्ष सुजीत पटेल ने कहा कि देश है तभी पर्व और त्योहार है देश को सुरक्षित रखने में हमारे देश के जवानों का अहम योगदान है हम उनकी कुर्बानी हमेशा याद रखेंगे। देश की सेना ऐसे दुश्मनों को मुंहतोड़ जवाब देना जानती है। श्रद्धांजलि सभा में कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष सुजीत पटेल शंकर मांझी, अमित साहू, अमन मिश्रा, राम नारायण गिरी, संतोष उरांव, शंभू कुमार साहू, मुन्ना ठाकुर, किशन, रोशन गुप्ता, नितेश यादव के साथ काफी संख्या में मौजूद थे।



## श्री अग्रसेन स्कूल में आशीर्वचन सह विदाई समारोह का हुआ आयोजन

**भुरकुंडा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ जिले के भुरकुंडा पटेल नगर स्थित श्री अग्रसेन स्कूल में आशीर्वचन सह एवं विदाई समारोह का आयोजन हुआ। इस अवसर पर पुष्प वर्षा के बीच सभी विद्यार्थियों को तिलक लगाया गया। आचार्य लीलेश्वर पांडेय के नेतृत्व में विद्यार्थियों ने हवन कार्यक्रम में हिस्सा लिया। निदेशक प्रवीण राजगढ़िया ने कहा कि जीवन में सफलता का संकल्प लें और उसके लिए खुद को तैयार करें। आपकी मजबूत इच्छा शक्ति से ही सफलता का मार्ग प्रशस्त होगा। परीक्षा में प्राप्त अच्छे अंक आपके करियर को बेहतर आकार देने में सहायक होंगे। अपने व्यक्तित्व एवं संवाद में हमेशा अच्छे गुणों को स्थान दें। प्राचार्य विवेक प्रधान ने कहा कि विद्यालय ने विद्यार्थियों में जो मूल्य गढ़े हैं, वह आनेवाले समय में उनके व्यक्तित्व निर्माण में सहयोगी बनेंगे। जीवन की चुनौतियों को शिक्षा और संस्कार के बल पर ही बौना साबित किया जा सकता है। अपना लक्ष्य निर्धारित कर उसे पूरा करने की ईमानदार कोशिश करते रहें। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने अपने विद्यालय के अनुभवों को साझा किया। विद्यार्थियों को बोर्ड परीक्षा के संबंध में सीबीएसई द्वारा जारी गाइडलाइंस की भी जानकारी भी दी गई। सभी को विद्यालय परिवार की ओर से उपहार भेंट किया गया।



# मंत्री सत्यानंद भोक्ता की अध्यक्षता में राजकीय इटखोरी महोत्सव 2024 के सफल आयोजन को लेकर बैठक का हुआ आयोजन

➲देश के जाने माने गायक अल्ताफ राजा, भोजपुरी स्टार अक्षरा सिंह और स्थानीय कलाकार तीन दिवसीय महोत्सव में बांधेंगे समा
➲राजकीय इटखोरी महोत्सव प्रचार रथ को हरी झंडी दिखा कर किया गया रवाना




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में मंत्री सत्यानंद भोक्ता की अध्यक्षता में राजकीय इटखोरी महोत्सव को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक से पूर्व मंत्री श्री भोक्ता के समाहरणालय परिसर आगमन पर उपायुक्त अबु इमरान ने पौधा भेंट कर उनका स्वागत किया। बैठक में महोत्सव के सफल आयोजन को लेकर जिला प्रशासन द्वारा की जा रही प्रशासनिक तैयारी व कार्य प्रगति से संबंधित जानकारी दी गई।उन्होंने जिला प्रशासन द्वारा की जा रही तैयारी का सराहना करते हुए कहा कि इसका खास ख्याल रखा जाय कि पूर्व में हुए महोत्सव की भांति इस वर्ष भी महोत्सव भव्य हो। तीन दिवसीय महोत्सव में दूर दराज से लोग आस्था के साथ पूजा अर्चना करने और कार्यक्रम को देखने के लिए आते है। इस लिए आम जनों को समस्या न हो उसके लिए पूरी तरह व्यवस्था को दुरुस्त कर लिया जाय। वहीं उपायुक्त ने कहा राजकीय इटखोरी महोत्सव का आयोजन 2015 से भव्य रूप से मनाया जाता रहा है। इसके पीछे सभी का सहयोग भी रहा है। इस बार भी पूर्व की भांति कार्यक्रम को सफल बनाने में आप सभी लोग सहयोग करें। आगे कहा राज्य के मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन बतौर मुख्य अतिथि कार्यक्रम में शामिल होंगे। अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि 19 फरवरी 2024 को विपिन मिश्रा एवं ग्रुप, कस्तुरबा गाँधी बालिका विद्यालय इटखोरी, मुकुन्द नायक एवं ग्रुप, सत्या ठाकुर एवं ग्रुप, अल्ताफ राजा एवं ग्रुप, अक्षरा सिंह, 20 फरवरी को सुशील महतो एवं लखीराम नायक ग्रुप, शालीनी दुबे एवं ग्रुप, साक्षी प्रिया दुबे एवं समूह, किस्सु राहुल एवं ग्रुप, रोहित आर के एवं ग्रुप, बिनोद राठौर एवं ग्रुप, 21 फरवरी को बीएसएफ हजारीबाग, मृणालिनी अखौरी, प्रकाश कुमार एवं ग्रुप, रजत आनन्द एवं ग्रुप, सिमरन साह एवं ग्रुप, पूजा चटर्जी एवं ग्रुप, राजकीय इटखोरी महोत्सव 2024 का समापन एवं भाषण कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा।इसके पश्चात समाहरणालय परिसर से राजकीय इटखोरी महोत्सव 2024 के प्रचार प्रसार हेतु मंत्री, उपायुक्त, उप विकास आयुक्त ने महोत्सव प्रचार रथ को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। बैठक में जिला परिषद अध्यक्ष ममता कुमारी, जिला परिषद उपाध्यक्ष बृज किशोर तिवारी, उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, डीआरडीए निदेशक अरुण कुमार एक्का, अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया सन्नी राज, अनुमंडल पदाधिकारी चतरा सुरेंद्र उरांव, शिक्षा पदाधिकारी दिनेश मिश्र, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी शिवनंदन बड़ाईक, समाज सेवी पंकज प्रजापति, इटखोरी प्रखंड क्षेत्र के जिला परिषद सदस्य, प्रमुख, उप प्रमुख, पंचायत समिति सदस्य समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# धूमधाम से हुई विद्या की देवी मां सरस्वती की पूजा-अर्चना

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुन्दा :** बुधवार को ज्ञान और विद्या की देवी माँ सरस्वती की पूजा अर्चना विभिन्न शिक्षण संस्थानो में धूमधाम से हुवी।इस मौके पर सनराइजिंग पब्लिक स्कूल एवं सनराईजिंग कोचिंग सेंटर, प्रोग्रेसिव अकादमी, माँ सरस्वती कोचिंग क्लासेस,माँ शारदे पब्लिक स्कूल, ज्ञान सरोवर,समेत विभिन्न सरकारी एवं गैर सरकारी शिक्षण संस्थानों में विद्या की देवी माँ सरस्वती की प्रतिमा स्थापित कर विधिवत रूप से पूजा अर्चना की गई।मौके पर कई शिक्षण संस्थानों में सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया।हालांकि छात्रों को खराब मौसम होने के कारण परेशानियों का सामना करना पड़ा फिर भी छात्रों ने बेहतर सांस्कृतिक कार्यक्रम समेत



नाट्यकला दिखाया।वही सनराइजिंग पब्लिक स्कूल ने शिक्षा की गुणवत्ता व परीक्षा की तैयारी को लेकर नाट्यकला के माध्यम से प्रस्तुत किया।वही पूजा को लेकर छोटे-छोटे बच्चों में विशेष उत्साह देखने को मिला।धार्मिक मान्यता के अनुसार बसंत पंचमी के दिन मां सरस्वती की पूजा करने से श्रद्धालुओं को बुद्धि विद्या व सुख, समृद्धि की प्राप्ति होती है। वही पूजा अर्चना व सांस्कृतिक कार्यक्रम को सफल बनाने में सनराइजिंग पब्लिक स्कूल के संचालक सिंटू गुप्ता,प्रधानाचार्य अजित कुमार मिश्रा, प्रोग्रेसिव के संचालक सुरेंद्र कुमार यादव, ज्ञान सरोवर में मुकेश कुमार,माँ सरस्वती क्लासेस में ललन कुमार यादव समेत शिक्षण संस्थानो के छात्रों ने अहम भूमिका निभाया।

# शतचंडी महायज्ञ में शामिल हुए मंत्री सत्यानंद भोक्ता

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** मंत्री सत्यानन्द भोक्ता सदर प्रखंड के सीमा पंचायत के ग्राम हफूवा में आयोजित श्री श्री 1008 श्री हनुमान जी सह भगवती प्राण प्रतिष्ठा शतचंडी महायज्ञ के पूर्णाहुति में शामिल हुए। इस दौरान मंत्री श्री भोगता ने यज्ञ भगवान से देश प्रदेश में सुख शांति समृद्धि की



कामना की। इस मौके पर राजद के कार्यकर्ताओं के साथ साथ बड़ी संख्या में श्रद्धालु भी उपस्थित रहे।

# चार दिवसीय एफएलएन प्रशिक्षण का दीप प्रज्वलित के साथ हुआ शुभारंभ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मयूरहंड :** झारखंड शिक्षा विभाग के द्वारा प्रखंड के राजकीयकृत मध्य विद्यालय मधनियां में पहली कक्षा से लेकर तीसरी कक्षा तक के विद्यार्थियों को बुनियादी तौर पर मजबूत बनाने के लिए एफएलएन प्रशिक्षण की शुरुआत प्रखंड शिक्षा कार्यक्रम पदाधिकारी श्रीमती जुनिका हेंब्रम ने दीप प्रज्वलित कर शुरुआत की। प्रखंड शिक्षा कार्यक्रम



पदाधिकारी ने बताया कि एफएलएन की इस प्रशिक्षण में पहले दौर में प्रखंड के 40 शिक्षक शिक्षिकाओं को प्रशिक्षण दिया जाएगा। जो प्रशिक्षण प्राप्त कर पहली से लेकर तीसरी कक्षा के बच्चों को बुनियादी तौर पर पठन-पाठन की सरल विधि को बताएंगे जिसे बच्चे सीखकर अधिगम की नई विधियों को जानेंगे। मौके पर विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक सह एफएलएन प्रशिक्षक डा.विकास कुमार बिरजू रजक, इंद्रदेव साहू भुवनेश्वर रविदास, बीआरसी अनुसेवक जितेंद्र कुमार रजक के साथ-साथ प्रशिक्षण प्राप्त करने आए सुनील कुमार दांगी, प्रेम कुमार ठाकुर, शिवकुमार यादव, रामव्यास धोबी, ईश्वर रामचंद्र यादव, नंदकिशोर प्रजापति, समेत अन्य शिक्षक शिक्षिकाएं प्रशिक्षण को लेकर सक्रिय दिखे।

## बच्चे व युवकों ने किया मां सरस्वती के प्रतिमा का विसर्जन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड के अंतर्गत विभिन्न विद्यालय सहित क्लबों से विद्या की दाता मां सरस्वती का पूजा अर्चना करने के बाद हवन पूजन किया गया उसके बाद मां का प्रतिमा बृहस्पतिवार को विसर्जन किया गया। प्रतिमा का विसर्जन गाजे बाजे के साथ रामसागर आहार में किया गया। इस दौरान विद्यालय छात्र छात्राओं ने जय माँ शारदे, वीणा पानी की जय, साल भर में आती है, विद्या देके जाती है। सहित कई नारे लगा रहे थे। प्रतिमा विसर्जन में विद्यालय के शिक्षक व क्लब के अध्यक्ष सहित छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

# मनरेगा कर्मचारी संघ का किया गया गठन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** प्रखंड के मनरेगा कर्मचारी संघ का गठन गुरुवार को बैठक आयोजित कर किया गया। बैठक की अध्यक्षता बीपीओ राजेश पासवान ने की। बैठक में सर्वसम्मति से विकास राम को अध्यक्ष और सत्येंद्र कुमार को सचिव बनाया गया। संघ के सदस्यो ने नवचयनित अध्यक्ष सचिव को माला पहनाकर स्वागत किया और उन्हें शुभकामनाएं दी। बीपीओ ने बताया कि जिला कर्मचारी संघ ने सिमरिया प्रखंड में भी संघ गठन करने का निर्देश दिया था, जिसके आलोक में संघ का गठन किया गया। मौके पर जेई शिवशंकर, शिवकुमार, शशि कुमार, हरेंद्र कुमार, रोजगार सेवक नवीन कुमार, बबिता कुमारी, कर्नल कजाकी, सत्या कुजूर, राकेश उरांव, गणेश सत्यार्थी, दीपक कुमार, प्रकाश उरांव, मोजाहिद हुसैन, देवेंद्र राम, परमेश्वर पासवान आदि उपस्थित थे।

# टंडवा डीआरडीए कॉलेज में धूमधाम से मनाई गई सरस्वती पूजा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** डीआरडीए कॉलेज टंडवा के शहीद स्थित कार्यालय कैंपस में श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ सरस्वती पूजा मनाई गई। इस मौके पर कॉलेज परिसर में आकर्षक सज्जा के साथ मां सरस्वती की आकर्षक प्रतिमा स्थापित कर विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की गई। बड़ी संख्या में कॉलेज के छात्र-छात्रा विद्या की देवी मां शारदे की आराधना की। इसके बाद मौजूद सभी लोगों के बीच प्रसाद वितरण किया गया। मौके पर कॉलेज संचालक धर्मेंद्र साव ने कहा कि सरस्वती पूजन से पूर्व गणेश वंदना इसलिए भी जरूरी है क्योंकि सरस्वती मां ज्ञान देती हैं तो गणेश जी उसके सदुपयोग के लिए विवेक प्रदान करते हैं। प्रेरणा की रोशनी को हमेशा प्रज्ज्वलित रखने के लिए प्रकृति के सभी रंगों के पूर्ण खिलने का प्रतिनिधित्व करती है। उन्होंने हर किसी को ज्ञान का शुद्धतम स्वरूप प्राप्त होने की कामना की।

# सोपारम में सीएससी सेंटर का हुआ उद्घाटन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** टंडवा प्रखंड अंतर्गत पंचायत कोयद के ग्राम सोपारम (कटहल चौक) में बुधवार को सीएससी सेंटर का हुवा शुभारंभ। इस सेंटर का उद्घाटन जिला परिषद सदस्या देवंती देवी एवम् स्थानीय मुखिया किशुन राम के द्वारा विधिवत फीता काटकर किया गया। सीएससी सेंटर के उद्घाटन के मौके पर संचालक मुनेश्वर राम ने बताया कि हमारे यहां वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, जाति, आवासीय, आई प्रमाण पत्र, पैन कार्ड, वोटर कार्ड, पैसा की निकासी इत्यादि कई प्रकार



के आवश्यक कार्य ऑनलाइन के माध्यम से किया जाएगा। इस मौके पर समाज सेवी प्रदीप दास, दयानंद दास, पप्पू यादव, शंकर ठाकुर, श्रीराम कुमार, राजेश राम, सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

## नम आंखों से दी गई मां सरस्वती को विदाई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** बालूमाथ थाना क्षेत्र में बसंत पंचमी के दूसरे दिन विद्या की देवी मां वीणावादिनी को गुरुवार को भावपूर्ण एवं नम आंखों से विदाई दी गई। विदाई के पूर्व बालूमाथ प्लस टू हाई स्कूल, गर्ल्स स्कूल, बालिका उच्च विद्यालय, कस्तूरबा गांधी विद्यालय, विद्या कोचिंग सेंटर, किड्स स्कूल, बीएस मेमोरियल स्कूल समेत विभिन्न शिक्षण संस्थानों में पंडितों द्वारा विधिवत हवन किया गया। प्रतिमा विसर्जन को लेकर दोपहर से ही तैयारियां कर रहे थे। प्रतिमा विसर्जन के दौरान शोभायात्रा बालूमाथ ब्लॉक, थाना चौक, मुरपा मोड़ समेत विभिन्न सड़कों से गुजरती रहे एव विभिन्न पूजा पंडालों द्वारा अलग-अलग जुलूस निकाली गई इस दौरान शोभायात्रा में शामिल



विद्यार्थी व अन्य लोग डीजे के धुन में नाचते और थिरकते व एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाते चल रहे थे ।इसके बाद शाम होते ही विभिन्न जलाशयों में प्रतिमा को विसर्जन कर दिया गया। इस दौरान बालूमाथ पुलिस प्रशासन प्रतिमा विसर्जन यात्रा में विशेष नजर बनाए हुए थी साथ ही प्रतिमा विसर्जन जुलूस में भी पुलिस के जवान साथ-साथ चल रहे थे।

# उपायुक्त गरिमा सिंह की अध्यक्षता में प्रेस वार्ता का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** जिले के 25 वें उपायुक्त के रूप में गरिमा सिंह ने पदभार ग्रहण कर लिया है। गुरुवार को उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी गरिमा सिंह की अध्यक्षता में उपायुक्त कार्यालय प्रकोष्ठ में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम उपायुक्त महोदया ने सभी प्रिंट व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधियों से परिचय प्राप्त किया। इस दौरान उपायुक्त महोदया ने कहा की लातेहार ज़िले में विकास योजनाओं में तेजी लाते हुए उन्हें धरातल पर सफल रूप प्रदान करना




पहली प्राथमिकता रहेगी। साथ ही केंद्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारने का प्रयास करना हमारी प्रमुख प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि वह ज़िले की बेहतरी एवं आम जनों के कल्याण के लिए सदैव तत्परता से कार्य करेंगी।आगे उन्होंने कहा कि जिले के विकास में आप सभी का सहयोग अपेक्षित है।प्रेस वार्ता में विभिन्न विभागों के उपलब्धियों पर परिचर्चा हुई इसके साथ ही उपायुक्त ने सभी पत्रकारों से जिले भर की मुख्य समस्याओं के बारे में जाना। मौके पर जिले के पत्रकारों ने जिले के महत्वपूर्ण समस्याओं व सुझाव को उपायुक्त के समक्ष रखा।प्रेस वार्ता में विशेष कार्य पदाधिकारी गोपनीय शाखा श्रेयांश, प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## धूमधाम से हुआ मां सरस्वती की मूर्ति विसर्जन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुआडांड :** विद्या की देवी मां सरस्वती की प्रतिमा का विसर्जन प्रखंड क्षेत्र के शिक्षण संस्थान, शिवनगर, रिगड़ी टाड़ चटकपुर समेत प्रखंड के अन्य गांव में पूरे भक्तिभाव से पूजा-अर्चना के साथ किया गया। जहां देवी की प्रतिमा को भावपूर्ण तरीके से विसर्जित किया गया। इस मौके पर श्रद्धालुओं ने सुख-समृद्धि की कामना के साथ ही विद्या व ज्ञान का वर मांगते हुए मां सरस्वती को विदाई दी। इससे पहले विसर्जन जुलूस में शामिल युवकों व महिलाओं ने गुलाल लगाकर एक दूसरे को सरस्वती पूजन की बधाई दी। मां सरस्वती के जयघोष से पूरा माहौल भक्ति मय हो गया। विसर्जन से पूर्व सभी श्रद्धालुओं ने मां की भव्य आरती कर आशीर्वाद प्राप्त किया विसर्जन कार्यक्रम में रिगड़ी टाड़ सरस्वती पूजा समिति के सदस्य शिबू, श्रीकांत, मंटू, अंकित परदेसी, जतन, नकुल मौजूद थे

## अबुआ आवास में मनमाने ढंग से लाभूको के चयन पर जन प्रतिनिधियों ने जताया विरोध

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुआडांड़ (लातेहार) :** प्रखंड स्थित जिला परिषद भवन सभागार में जिला परिषद सदस्य स्तेला नागेसिया के अध्यक्षता में प्रखंड प्रमुख, उप प्रमुख एवं प्रखंड के सभी पंचायत के पंचायत समिति, मुखिया एवं अन्य जनप्रतिनिधियों के द्वारा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य रूप से अबूआ आवास में मनमाने ढंग से लाभुकों का चयन पर जन प्रतिनिधियों ने विरोध जताते हुए कहा की अबूआ आवास में जिओ



टेगींग एवं अन्य कार्यो के लिए टीम का गठन तो कर दिया गया लेकिन लाभूकों के चयन में कोई भी अधिकार नहीं दिया जा रहा है जो पूरी तरह गलत है। पंचायत सेवक के द्वारा मनमानी ढंग से लाभूको का चयन करते हुए जिओ टैगींग किया जा रहा है, जिससे बहुत से ऐसे गरीब जिन्हें आवास की अत्यधिक आवश्यकता है उन्हें प्राथमिकता नहीं देना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। जनप्रतिनिधियों ने बताया कि प्रखंड विकास पदाधिकारी अमरेन डांग को सभी जनप्रतिनिधियों के द्वारा पूर्व में भी आवेदन देकर लाभूको के चयन में जनप्रतिनिधियों की अवहेलना कि सूचना दी गई थी, लेकिन इस पर कोई भी संज्ञान नहीं लिया गया वहीं अब उपयुक्त लातेहार को इस संबंध में ज्ञापन सौंपकर प्राथमिकता के आधार पर लाभुकों का चयन कराने की बात कही। जिससे अत्यधिक जरूरतमंद गरीबों को आवास के लिए पहले चयन कर लाभ दिया जा सके।

## टेबल पर हुआ अबुआ आवास का सर्वे योग्य लाभुक हुए वंचित अयोग्य को मिली जगह

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** बरवाडीह प्रखंड में झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी योजना अबुआ आवास योजना में जमकर धांधली की गई है। जहां अबतक योग्य, अयोग्य लाभुकों की सूची सार्वजनिक नहीं होने से बड़े खेल होने की संभावना बन रही है।जिस तरह योग्य लाभुकों का अयोग्य हो गया है उन्हें जानकारी नहीं रहने से वह अपील नहीं कर पा रहे हैं इसके साथ प्राथमिकता सूची वाले को खबर नहीं है जिसका फायदा संबंधित कर्मी,



प्रतिनिधि उठा रहे हैं वह इसलिए कि सुत्र बताते हैं कि वैसे लाभुकों से पैसे उगाही का खेल चल रहा है। ऐसे में अबुआ आवास के योग्य लाभुकों के चयन में संबंधित कर्मियों द्वारा जमकर धांधली करते हुए क्राइटेरिया के विपरित सुखी सम्पन्न समृद्ध इन्दिरा आवास योजना प्रधानमंत्री आवास योजना से लाभान्वित अयोग्य लाभुकों को प्राथमिकता सूची में सूचीबद्ध कर दिया गया है। वहीं अनेक योग्य लाभुकों को सूची से नाम गायब है जिससे कई योग्य लाभुक सरकार के महत्वाकांक्षी योजना से वंचित हो गए हैं। वहीं प्राथमिकता सूची में अन्य आवासों का लाभ लेने वाले लाभुकों के सूचीबद्ध किए जाने पर योग्य लाभुक संबंधित कर्मी और सरकार के नुमाइंदे से काफी हतप्रभ हैं। जिस तरह से प्राथमिकता सूची सूचीबद्ध किया गया है उससे ऐसा प्रतीत होता है कि प्रवेक्षक द्वारा बिना देखे, सोचे, बिना जानकारी कमरे में बैठ कर टेबल पर सर्वे किया गया है।

# सरस्वती शिशु विद्या मंदिर लातेहार स्टेशन में सरस्वती पूजा धूमधाम से मनाई गई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** जिला मुख्यालय स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बाजकुम स्टेशन के विधालय परिसर में बसंत पंचमी के शुअवसर पर मां सरस्वती कि पूजा की गई। इस दौरान विद्यालय में मां सरस्वती की प्रतिमा के समीप पूजा अर्चना की गई साथ ही विधा की देवी मां सरस्वती से ज्ञान कि वर मांगा और सुख समृद्धि कि कामना की अपने संस्कारों के प्रति सभी बच्चों को आदर और सत्कार व संस्कार का पाठ पढ़ाने वाले शिक्षकों ने छात्रों को अपने सही रास्ते चलने व माता-पिता



के प्रति सदैव सम्मान करना बताया।सरस्वती पूजा के दिन विधालय परिसर में सैकड़ों छात्रों के साथ विद्यालय के सचिव विवेक कुमार गुप्ता, प्रधानाचार्य राजबल्लभ शर्मा, विनय कुमार विश्वकर्मा, पूजा प्रमुख भैया शुभम पाठक कक्षा नवम के द्वारा संयुक्त रूप से मां सरस्वती का पूजन अर्चन संपन्न हुआ। सैकड़ों की संख्या में छात्र- छात्राएं मौजूद रहे।

# देमू गांव में एक 25 वर्षीय युवक कि हत्या, घर में मातम का माहौल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** सदर थाना क्षेत्र के देमू पंचायत अन्तर्गत देमू गांव में एक 25 वर्षीय युवक कि शव मिलने से इलाके में भय का माहौल बना हुआ है।शव कि पहचान देमू निवासी उपेन्द्र सिंह के रूप में की गई है। बीती रात अज्ञात अपराधियों ने धारदार हथियार से मारकर उपेन्द्र कि हत्या कर दी। हत्या के बाद शव को उसके घर के नजदीक नाले में फेंक दिया। गुरुवार सुबह स्थानीय लोगों ने शव को देखा इसके बाद घटना कि जानकारी पुलिस को दी। बताया जाता है कि युवक की शादी होने वाली थी। दरअसल में डेमू गांव निवासी उपेंद्र सिंह बुधवार को कुछ युवकों के साथ अपने घर से



निकला था। परन्तु देर रात तक घर वापस नहीं लौटा। परिजनों ने सोचा कि सरस्वती पूजा को लेकर गांव में कहीं रुक गया होगा।इसी बीच गुरुवार को कुछ ग्रामीणों ने उपेंद्र सिंह के पिता दिनेश सिंह को सूचना दी कि उपेंद्र सिंह का शव घर के पास स्थित नाले में पड़ा हुआ है।स्थानीय ग्रामीणों ने घटना की जानकारी मुखिया को भी दी। उपेंद्र सिंह की हत्या की खबर गांव में फैलते ही घटनास्थल पर लोगों की भारी भीड़ लग गई। स्थानीय लोगों की माने तो मृतक के शरीर पर धारदार हथियार से मारने के निशान भी हैं। मुखिया के द्वारा घटना की जानकारी लातेहार पुलिस को भी दी गई। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंच कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है। **जांच में जुटी पुलिस :** इधर घटना की जानकारी मिलने के बाद एसपी अंजनी अंजन के निर्देश पर पुलिस दलबल के साथ घटना स्थल पर पहुंचकर मामले की जांच में जुट गई है।पुलिस का कहना है कि जल्द ही घटना का उद्भेदन कर दिया जाएगा और घटना में शामिल अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। कुछ दिनों के बाद विवाह होना था युवक का मृत युवक की मां कौशल्या देवी ने बताया कि उपेंद्र सिंह गांव से बाहर रहकर काम करता था। उसका विवाह तय हो गया था। विवाह को लेकर ही वह कुछ दिन पूर्व गांव लौटा था।बुधवार को गांव के कुछ युवकों के साथ वह घर से निकाला था। परन्तु रात में घर नहीं लौटा।सुबह बेटे की हत्या होने की सूचना मिली उन्होंने कहा कि गांव के कुछ लोगों से उनका विवाद चल रहा था उन्हें शक है कि आपसी विवाद में ही उनके बेटे की हत्या की गई है।वहीं मृतक के पिता दिनेश सिंह ने बताया कि गांव के कुछ लोगों से उन्हें सूचना मिली थी कि बुधवार को उनका बेटा कुछ लोगों के साथ शराब पी रहा था रात को जब घर नहीं लौटा तो उन्हें लगा कि कहीं रुक गया होगा परंतु गुरुवार को पता चला कि उनके बेटे की हत्या हो गई है।युवक की मौत के बाद पूरे गांव में मातम का माहौल है।वहीं मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

प्रभात मंत्र

हजारीबाग

रांची , शुक्रवार, 16 फरवरी 2024 | पेज 8

## संक्षिप्त खबरें

### एक दिवसीय सम्पूर्ण कोयला उधोग में संयुक्त मोर्चा के बैनर तले देशव्यापी हड़ताल



**चरही (प्रभात मंत्र संवाददाता):** अगामी 16 फरवरी 2024 को कोयला उद्योग की सयुक्त मोर्चा द्वारा निर्धारित राष्ट्रव्यापी हड़ताल को सफल बनाने के लिए एक रणनीतिक बैठक की गई, जिसमे झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन (संबद्ध सीटू) के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल हुये 7 इस मीटिंग में मुख्य रूप से क्षेत्रीय अध्यक्ष कुर्बान अंसारी, क्षेत्रीय सचिव अकाल उरांव, वरीय नेता तालो मांझी, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष-सह-केंद्रीय सदस्य झारखंड मुक्ति मोर्चा राम किशोर मुर्मू, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष परमेश्वर सिंह भोक्ता, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष-सह-मीडिया प्रभारी राज कुमार वर्मा, क्षेत्रीय उप सचिव अनवर अहमद, जी0 एम0 यूनिट शाखा अध्यक्ष सोमरा मुंडा, तापीन साउथ शाखा सचिव दिनेश्वर रविदास शामिल हुए। इसमें मुख्य रूप से निम्न मांग पत्र है :-1)कोयला उद्योग का निजीकरण बंद करें । 2)एमडीओ मोड शेयरिंग के आधार पर खदान चलाना बंद करें । 3) जो लेबर कोड जो मजदूर विरोधी है उसको समाप्त करें । 4) ठेका मजदूरों का एचपीसी आधार पर मजदूरी भुगतान हो, उनका सी एम पी एफ के दायरे में रखा जाए, उनको बोनस भी मिले 5) विस्थापितों, किसानो को मुआवजा रोजगार आदि मिले । 6) कंपनी में लाचर, बीमार मजदूरों को मेडिकल अनफिट कर उनके आश्रितों को रोजगार दिया जाए । 7) बिना मजदूर प्रतिनिधियों से बात किए खदानों को बंद ना किया जाए । अन्य बहुत सारी मांगों को लेकर झारखंड कोलयरी मजदूर यूनियन जो सीटू से संबंध है, इस हड़ताल में शामिल है और हम संयुक्त रूप से इसको सफल बनाएंगे । यह सरकार कोयला उद्योग को कमजोर करते हुए पूंजीपतियों को सौपने का प्रयास कर रही है जिसका हम लोग घोर विरोध करते हैं, इन्हे इनके मनसूबो मे कामयाब नहीं होने देंगे । यह सरकार कोयला उद्योग को व्यापक तौर पर निजी व्यक्तियों के हाथों में देना चाहती है जिसका हम मजदूर कड़ा विरोध प्रदर्शन करेंगे ।

### ओलावृष्टि से फसलो का नुकसान होने पर विधायक शिल्पी ने गाँवो का निरीक्षण किया



**चान्हो (प्रभात मंत्र संवाददाता):** वृहपतिवार को मांडर विधानसभा क्षेत्र की विधायक शिल्पी नेहा तिर्की को ग्रामीणों एवं कार्यकर्ता द्वारा जानकारी हुआ, कि बीते दिन 14 फरवरी को चान्हो प्रखंड अंतर्गत तीन पंचायत मुरतो, सिलागाई, बैयासी के लगभग 13 गांवो में जोरदार बारिश के साथ ओलावृष्टि हुई। किसानो को भारी नुकसान हुआ। विधायक सभी गाँवो का निरीक्षण किया। इस दौरान किसानो से मुलाक़ात कर जानकारी लिया तो पीड़ित किसानो ने बताया कि ओलावृष्टि के कारण फसलों में भारी क्षति हुई है और किसानों को बहुत नुकसान का सामना करना पड़ा रहा है। तत्पश्चात विधायक ने ग्रामीणों और किसानों को बतलाया कि इस समस्याओ के निदान के लिए ब्लॉक के अंचलाधिकारी से मुआवजा को लेकर बात किया हूं। विधायक ने यह भी कहा है कि इस विषय को लेकर जिला के पदाधिकारी से भी बात की हुँ। किसानो से कहा की जिन किसानो के फसल को नुकसान पहुंचा है वे जल्द से जल्द आवेदन कार्यलय में जमा करें।

### बेड़ो प्रखंड में पंचायत समिति की बैठक का हुआ आयोजन



**बेड़ो (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बृहस्पतिवार को प्रखंड प्रमुख विनीत कच्छप की अध्यक्षता में पंचायत समिति की एक विशेष बैठक का प्रखंड सभागार में आयोजन किया गया। बैठक के दौरान विभिन्न विभागों से आए प्रतिनिधियों की उपस्थिति में विभागों से संबंधित समीक्षा की गई। मौके पर कई विभाग अनुपस्थित पाए गए । अनुपस्थित रहने वाले विभागों से संबंधित पदाधिकारी से स्पष्टीकरण पूछने का सर्वसम्मति के साथ निर्णय लिया गया साथ ही उनकी अनुपस्थिति की सूचना जिला को प्रेषित करने के बात कही गई। मौके पर प्रमुख विनीत कच्छप ने विभिन्न विभागों की समीक्षा के कर्म में कहा कि विकास से संबंधित विभिन्न योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए यह जरूरी है कि सभी विभाग एवं उनसे संबंधित पदाधिकारी व कर्मचारी पूरी जिम्मेदारी के साथ अपना दायित्व निभाएं।

# अबुआ आवास योजना में झरपो मुखिया ने अपनी उपस्थिति में किया जिओ टैग

प्रभात मंत्र संवाददाता

**टाटीझरिया :** प्रखंड के झरपो पंचायत मुखिया सह टाटीझरिया 20 सूत्री अध्यक्ष शिबू प्रसाद सोनी ने सरस्वती पूजा के अवसर पर समूर्ण प्रखंड वासियों को ढेर सारी शुभकामनाएं दिया। और झारखंड सरकार के निर्देशानुसार झरपो पंचायत के भुइंया टोला में स्वयं अपने नेतृत्व में अबूआ आवास के प्रथम सूची में आए 30 योग्य लाभुको को चयन कर रोजगार सेवक संतोष राम से जिओ टैग करने को कहा । वही लाभुको से 20 सूत्री अध्यक्ष सह झरपो शिबू प्रसाद सोनी ने प्रखंड वासियों एवं झरपो पंचायत वासियों से आग्रह करते हुए कहा की लाभुक बिचौलियो के झांसे मे आकर रुपए पैसे किसी को आवास के नाम पर नही दे। यदि कोई बिचौलिया



प्रवृति के लोग रुपए पैसे की मांग करे तो हमे निः संकोच चिन्हित कर बताए वैसे लोगो को तत्त्वरित कानूनी कार्रवाई किया जायेगा। मौके पर टाटीझरिया उप प्रमुख रवि वर्णवाल, उपमुखिया राजेंद्र प्रसाद उर्फ राजा,वार्ड सदस्यो में रवि यादव,केदार गौरव,कांग्रेस उपाध्यक्ष महेश राम समेत अन्य कई समाज सेवी मौजूद थे।

# बरही विधायक ने दिशा की बैठक में क्षेत्र के विकास के लिए दमदार तरीके से रखी अपनी बात

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही :** हजारीबाग जिला में उपायुक्त की अध्यक्षता में गुरुवार को दिशा की बैठक आयोजित हुई। जिसमें बरही विधानसभा के सम्पूर्ण विकास के लिए काफी दमदार तरीके से क्षेत्र की समस्याओं को रखा गया और उनके निदान की मांग की। इससे पूर्व उपविकास आयुक्त प्रेरणा दीक्षित ने विधायक उमाशंकर अकेला का बुके देकर बैठक में स्वागत की। दिशा की बैठक में विधायक उमाशंकर अकेला ने बरही पेयजल पुनरुद्धार योजना में तेजी लाने का आग्रह किया। सभी जन प्रतिनिधियों की शिकायत पर जल नल योजना की जांच विधायक की अध्यक्षता में पंचायत प्रतिनिधि की उपस्थिति में की जाय। इसके अलावा डीवीसी तिलैया डैम निर्माण के समय विस्थापित गांव के ग्रामीणों को दूसरे गांवों में बसाया गया था उन गांव के लोगों को मालिकाना हक का



रसीद निर्गत नहीं किया जा रहा है। रसीद निर्गत करने की मांग की। साथ ही विधायक ने दैहर एवं चोरदाहा पंचायत के जिन गांवों में बिजली नहीं है, उन गांव में बिजली कब तक पहुंचेगी प्रश्न करने पर महाप्रबंधक द्वारा दो माह में बिजली देने का बात कही गई। साथ ही विधायक ने कहा कि मध्य विद्यालय हथिया, पंचायत बरहमौरिया के प्रांगण में ट्रांसफार्मर लगा है, जिससे दुर्घटना की संभावना बनी रहती है, जिसपर विभाग ने इसे जल्द हटाने का आश्वासन दिया गया।

# औद्योगिक हड़ताल का पूर्ण समर्थन करेगा सीपीएम : गणेश सीटू

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** मजदूर किसान समन्वय समिति के आह्वान पर आज 16 फरवरी को देश में औद्योगिक हड़ताल और दिल्ली बॉर्डर पर किसानों पर बर्बर जुल्म के खिलाफ ग्रामीण भारत बन्द का सीपीएम पूर्ण समर्थन करती है।पार्टी के उक्त निर्णय पर सीपीएम नेता गणेश कुमार सीटू ने कहा कि उद्योगपतियों को फायदा पहुंचाने के लिए केंद्र सरकार द्वारा एक के बाद एक मजदूर और कर्मचारी विरोधी नीति बनाकर उन्हे फायदा पहुंचाया जा रहा है।अभी हाल ही में खदान विकास संचालन एमडीओ नीति बना कर और कोल बैरिंग एक्ट में संशोधन करके केंद्र सरकार ने ठेकेदारों द्वारा उत्पादन किए गए कोयले को ठेकेदारों को बेचने का पूर्ण अधिकार दे दिया है,जिससे कोल इंडिया के अस्तित्व पर ही संकट आ गया है जबकि कोल इंडिया लगातार मुनाफा कमा रही है।बीते वर्ष कोल इंडिया ने 893 08 मिलियन टन कोयला लक्ष्य से अधिक उत्पादनकिया है।

# झारखंड श्रमिक संघ जिला समिति की अहम बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बड़कागांव :** हजारीबाग जिला परिषदन भवन में झारखंड श्रमिक संघ जिला समिति की अहम बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष राजा मोहम्मद व संचालन बड़कागांव झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष सह झारखंड श्रमिक संघ के जिला सचिव संजय सिंह के द्वारा किया गया।

बैठक में संगठन की मजबूती को लेकर जिला कमेटी व प्रखंड कमेटी विस्तार करने को लेकर विचार विमर्श किया गया। मौके पर



मुख्य अतिथि झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय सचिव सह झारखंड श्रमिक संघ के केंद्रीय कोषाध्यक्ष संजीव कुमार बेदिया ने कहा की मजदूरों को संगठित करने व उनकी समस्याओं को समाधान करने का प्रयास किया जाएगा। मजदूरों का उन्हें अपने हक व अधिकार दिलाने का काम किया जाएगा।

वही संजय सिंह ने कहा कि संगठन को मजबूत करने को लेकर जल्द ही जिला कमेटी और प्रखंड कमेटी का विस्तार किया जाएगा। मौके पर जिला कोषाध्यक्ष लखन लाल महतो , जिला उपाध्यक्ष रामकिशोर मुर्मू, मोहम्मद ताहिर, नईम राही के अलावा अन्य लोग उपस्थित थे।

# नम आंखों से सॉफ्टेक के विद्यार्थियों ने किया मां शारदे की विदाई

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही :** साल भर में आती है विद्या देकर जाती है के मार्मिक जयकारों के बीच सॉफ्टेक के विद्यार्थियों ने मां शारदे को विदाई किया. गुरुवार को सुबह से ही मां की विदाई को लेकर गमगीन सा माहौल हो चुका था. विद्यार्थियों ने श्रद्दाहपूर्वक हवन किया. साथ ही खिचड़ी का महाभोग लगाकर प्रसाद ग्रहण किया. इसके बाद सभी विद्यार्थियों ने सामूहिक रूप से महाभोग का प्रसाद ग्रहण किया. हवनोपरान्त संध्या होते ही प्रतिमा का मां अगले वर्ष फिर आना वर्ष भर परिपूर्ण रखना के अपेक्षित आशीष के साथ जवाहर घाट स्थित तिलैया



डैम में मां की प्रतिमा का नम आंखों से जलावासान किया. इस दौरान पूरा परिसर क्षेत्र साल भर में आतीं है विद्या देकर जाती है जैसे जयकारों से गुंजायमान रहा. विसर्जन कार्यक्रम में केंद्र के निदेशक जयदीप कुमार सिन्हा, उनकी धर्मपत्नी ज्योति वर्मा, बच्चे दीप ज्योति, शिवेश दीप, सेंटर मैनेजर रूमी कुमारी, प्रज्ञा केंद्र ऑपरेटर सबिता कुमारी, पूर्ववर्ती छात्र गणेश कुमार दास, बैजनाथ महतो, सोनू दास, लैब इंस्ट्रक्टर भोला कुमार सहित केंद्र के विद्यार्थी नूपुर, मनीषा, सोनाली, अमृता, जुली, प्रीति, सोनी, रिंकी, शोभा, धोनी, अमृत, दिलीप आदि मौजूद थे. पूजा अर्चना उपेंद्र पांडेय के पांडित्य में संपन्न हुआ.

# द गाइड इंस्टीट्यूट के विद्यार्थियों ने किया मां शारदे की विदाई

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही :** साल भर में आती है विद्या देकर जाती है के मार्मिक जयकारों के बीच द गाइड इंस्टीट्यूट के विद्यार्थियों ने मां शारदे को विदाई किया. गुरुवार को सुबह से ही मां की विदाई को लेकर गमगीन सा माहौल हो चुका था. विद्यार्थियों ने श्रद्दाहपूर्वक हवन किया. साथ ही खिचड़ी का महाभोग लगाकर प्रसाद ग्रहण किया. इसके बाद सभी विद्यार्थियों ने सामूहिक रूप से महाभोग का प्रसाद ग्रहण किया. हवनोपरान्त संध्या होते ही प्रतिमा का मां अगले वर्ष फिर आना वर्ष भर परिपूर्ण रखना के अपेक्षित आशीष



के साथ जवाहर घाट स्थित तिलैया डैम में मां की प्रतिमा का नम आंखों से जलावासान किया. इस दौरान पूरा परिसर क्षेत्र साल भर में आतीं है विद्या देकर जाती है जैसे जयकारों से गुंजायमान रहा. विसर्जन कार्यक्रम में धनवार पंचायत के मुखिया राजेन्द्र प्रसाद, उप मुखिया दामोदर प्रसाद वर्मा, बिनोद प्रसाद कुशवाहा, नरेश कुमार, ब्रह्मदेव यादव,द गाइड इंस्टीट्यूट के निदेशक अंकित कुमार , संतोष कुमार राणा, रवि कुमार, समीर कुमार, पिंटु राणा , प्रिंस राणा , मोहित कुमार, रोहित कुमार, सोना कुमारी, ज्योति कुमारी, नेहा कुमारी, शुभम कुमार ,विवेक कुमार ,अंशु कुमार ,सुमन कुमार ,कारण कुमार, सहित अन्य लोग मौजूद थे।पूजा अर्चना अशोक पांडेय के पांडित्य में संपन्न हुआ।

# जिला विकास समन्वय व मूल्यांकन समिति की समीक्षा बैठक संपन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** जिला विकास समन्वय एवं मूल्यांकन समिति की समीक्षात्मक बैठक स्थानीय सांसद जयंत सिन्हा की अध्यक्षता में गुरूवार को समाहरणालय सभागार में आयोजित की गई। दिशा की बैठक में केन्द्र प्रयोजित योजनाओं खासकर जलापूर्ति, विद्युत, आपूर्ति, शिक्षा आदि जनहित की योजनाओं की अद्यतन प्रगति पर गहन समीक्षा की गई। मौके पर जिले में जलापूर्ति से संबधित योजनाओं की समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में छड़वा एवं कोनार जलापूर्ति के धीमी प्रगति पर नाराजगी जताते हुए सांसद ने कहा कि परियोजना अपने निर्धारित समय से काफी पीछे चल रही है। स्थानीय लोगों को घरों तक पेयजल सुनिश्चित कराने के लिए उन्होने उपायुक्त को निदेशित किया कि परियोजना पूरा करने में आ रही समस्याओं के निष्पादन



के लिए संबंधित विभागों के साथ साप्ताहिक मॉनिटरिंग कर आ रही अड़चनों को दूर करने एवं यथाशीघ्र परियोजना को पूर्ण कराने का निर्देश दिया। इस क्रम में भूमि अधिग्रहण, वन विभाग से अनापत्ति सहित जुडको व पेयजल स्वच्छता विभाग से संबंधित मामलों के निष्पादन में तीव्रता लाने का निर्देश दिया। इस क्रम में जन जीवन मिशन के तहत हर घर नल से जल पहुंचाने के लिए निर्मित किये जा रहे जलमीनार, पाईपलाईन, डीप बोरिंग, वाटर कनेक्शन आदि की समीक्षा के क्रम में जनप्रतिनिधियों के द्वारा खराब गुणवत्ता की शिकायतों पर जिला एवं प्रखण्ड स्तर पर मॉनिटरिंग कमिटी गठन करने का निर्णय लिया गया। कमेटी में स्थानीय जनप्रतिनिधियों को शामिल करते हुए प्रखण्डों के नामित वरीय अधिकारी, विभागीय अभियंता शामिल रहेंगे जो प्रखण्डों में निर्धारित तिथियों को निरंतर पर्यवेक्षण कर जनसुनवाई के माध्यम से योजनाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने निर्देशित किया कि जनसुनवाई के दौरान बुलाया जाय। साथ ही शिकायत निवारण प्रणाली के लिए सम्पर्क नं. जारी कर उसका व्यापक प्रचार-प्रसार करने को भी कहा गया। बैठक में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के तहत गरीबों को मिलने वाले अनाज की सही मात्रा सुनिश्चित कराने के लिए जिला आपूर्ति पदाधिकारी को उपभोक्ताओं के बीच अनाज की मात्रा एवं शिकायत निवारण के लिए जारी टोल फ्री न. को सभी पीडीएस दुकानों में प्रदर्शित करने, व्यापक प्रचार-प्रसार करने एवं प्राप्त शिकायतों के त्वरित निष्पादन सहित पंचायत स्तर पर गठित निगरानी समिती की मौजूदगी में राशन वितरण हो यह सुनिश्चित करें।

### जीवन ज्योति स्कूल में धूमधाम से मनी सरस्वती पूजा, दूसरे दिन किया गया विसर्जन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत करगालो पंचायत स्थित जीवन ज्योति हाई स्कूल करगालो में विद्यादायिनी माँ शारदा की दूसरे दिन विधिवत हवन पूजन के साथ नम आंखों से विदाई दी गई।इस अवसर विदाई में विद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा पूरे उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ ग्रामीणों की उपस्थिति में की गई।वही मौके पर विद्यालय के प्रबंधक एवं प्राचार्य प्रकाश कुमार साव ने सभी बच्चों के लिए उज्जवल भविष्य एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की कामना की।इस मौके पर मुख्य रूप से करगालो पंचायत मुखिया मोतीलाल महतो,पंचायत समिति सदस्य जुगल पटेल ,उपमुखिया प्रमिला देवी ,तुलसी कुमार महतो ,धनेश्वर साव ,तेजो साव, शिक्षकगण टहल ठाकुर ,शाही इमाम अली ,राहुल कुमार, अजय रवानी,पिंट कुमार, सुरेश रविदास ,भोला सोनी ,भुनेश्वर प्रसाद, सुमन देवी, प्रभा देवी ,रीना देवी , उमा देवी सरिता देवी एवं सभी छात्र-छात्राएं मां शारदे की प्रतिमा विदाई में शामिल थे।

# झारखण्ड आंदोलन कारी टेकलाल बाबू की 79वीं जयंती मनाई गई

प्रभात मंत्र संवाददाता

**विष्णुगढ़ :** माटी के लाल झारखंड आन्दोलन कारी टेकलाल बाबू की 79वीं जयन्ती पर आयोजित समारोह में विष्णुगढ़ इंटर महाविद्यालय परिसर में स्थित टेकलाल महतो की आदम कद प्रतिमा के समक्ष भाजपा विरोधी दल सचेतक सह माण्डू विद्यायक जयप्रकाश भाई पटेल ने विधिवत पूजा अर्चना कर ,पुष्प अर्पित कर माल्यार्पण करते हुए नमन किया।इस मौके पर माण्डू विधायक अपनी धर्मपत्नी ललिता देवी,भाई चन्द्रनाथ भाई पटेल व उनकी पुत्री समेत परिवार के सदस्यो ने भी टेकलाल बाबू की आदमकद प्रतिमा के समक्ष नमन करते हुए माल्यार्पण किया।इसके पश्चात टेकलाल महतो डिग्री महाविद्यालय में भी टेकलाल बाबू के वृतचित्र पर माल्यार्पण किया



गया।

इस मौके पर माण्डू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल ने कहा कि आज बड़ा सुखद संयोग भी है,पिता जी के जन्म दिवस के साथ माँ शारदे के भी महाविद्यालय परिसर में दर्शन हुए ।इसे संयोग ही कहा जा सकता है कि ,मेरे पिता जी का भी शिक्षा के प्रति बहुत झुकाव था,वें चाहते थे कि विशेषकर लड़कियॉ पढ़े और दो परिवारों को शिक्षित करें इन्ही सपनो की बदौलत आज विष्णुगढ़ में विष्णुगढ़ इंटर कॉलेज,टेकलाल महतो डिग्री कॉलेज,दौलत महतो बीएड कॉलेज,आईटीआई कॉलेज जैसे शिक्षण संस्थानों का निर्माण सम्भव हो पाया।

# झामुमो युवा नेता गौरव पटेल ने टेकलाल बाबू की जयन्ती पर किया नमन

**विष्णुगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** गुरुवार को विष्णुगढ़ इंटर महाविद्यालय विष्णुगढ़ के परिसर तथा दौलत महतो बीएड कॉलेज बनासो में झारखंड आंदोलन के जननायक सह पूर्व सांसद व विधायक स्व. टेकलाल महतो की 79वी जयंती मनाई गई।इस अवसर टेकलाल बाबू की पुत्रवधु डॉ. गीता मेहता, पौत्र झामुमो मांडू विधानसभा क्षेत्र के युवा नेता गौरव पटेल ने अपने दादा स्व0 टेकलाल बाबू के आदमकद प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित कर नमन किया।इस अवसर पर मांडू विधानसभा क्षेत्र के युवा नेता गौरव पटेल ने कहा कि झारखंड अलग राज्य आंदोलन में दादा जी स्व. टेकलाल बाबू ने अग्रणी भूमिका निभाई थी। साथ ही कई वर्षो से उन्होंने मांडू को मजबूत नेतृत्व प्रदान किया। माण्डू विधानसभा क्षेत्र में झामुमो को सिंचने का काम उन्होंने किया है। स्व. टेकलाल बाबू ने झारखंडी जनता के हक व अधिकार के लिए अपना सर्वस्व जीवन न्यौछावर कर दिया। उनके बताए मार्ग पर चल कर ही झारखंडियों के सपनों को साकार किया जा सकता है। अपने विधायकी कार्यकाल में जो विकास का कार्य किया उसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। झारखंड को अलग राज्य बनाने में उन्होंने काफी योगदान दिया है। मैं उन्हें शत शत नमन करता हूं। इस दौरान स्व. टेकलाल महतो की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देते हुए कार्यकर्ताओं ने उनके आदर्शो को आत्मसात करने का संकल्प लिया।मौके पर मुख्य रूप से पूर्व जिला परिषद सदस्या यशोदा देवी,प्राचार्य डॉ. सुनील कुमार चतुर्वेदी,प्रखंड सचिव संजय प्रजापति,वरिष्ठ नेता राजू श्रीवास्तव,संजय पटेल , प्रखंड उपाध्यक्ष राम किशोर महतो,सुनील अकेला,शरीफ अंसारी,अनिल कसेरा,रामलाल सोरन,छोटू हंसदा,अनन्तलाल महतो,रकीब अंसारी,संजय महतो,फालेंद्र यादव,मुकेश महतो,जितेंद्र पांडेय,शेख वसीम , राजा बाबू,लखन महतो,सुनील सिंह,रोहित कुमार दास ,मनोज यादव,तुलेश्वर महतो संतोष महतो समेत सैंकड़ों की संख्या लोग उपस्थित थे।

# हजारीबाग प्रेस क्लब ने नम आंखों से दी मां शारदे को विदाई

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** हजारीबाग शहर के बीचों बीच स्थित के पुराने समाहरणालय परिसर में स्थित हजारीबाग प्रेस क्लब के नए भवन में भव्य तरीके से प्रतिमा स्थापित कर मां सरस्वती की पूजा हुई। बुधवार को भव्य रूप से पूजा अर्चना की गई। गुरुवार को मां शारदे की विदाई यात्रा निकाली गई। इससे पूर्व भंडारे का आयोजन किया गया, लोगों ने पहले चूड़ा, गुड़ और बुंदिया का प्रसाद ग्रहण किया फिर मां को चढ़ाए खिचड़ी भोग को सैकड़ों लोगों ने खाया। उसके बाद पत्रकारों ने मां शारदे की प्रतिमा को माथे पर लेकर अबीर गुलाल उड़ाते विसर्जन यात्रा निकाला। विसर्जन यात्रा पुराना समाहरणालय से निकल झील पहुंचा, वहां पूजा अर्चना कर पूरे विधि विधान से मां की प्रतिमा को जल में विसर्जित किया गया। इस दौरान पूरे रास्ते पत्रकार ढोल और शंख के धुन पर थिरकते और माता के जयकारा करते रहे। ढोलक की धुन और शंख आवाज से पूरा क्षेत्र भक्ति के सागर में गोता खाते रहा। पूजा को लेकर पत्रकारों के समूह हजारीबाग प्रेस क्लब के पदाधिकारी और सदस्यों में खासा उत्साह देखा गया। बड़े ही प्रेम और श्रद्धा के साथ यहां पहुंचे अतिथियों का सत्कार सभी ने किया। गुरुवार को झामुमो के वरिष्ठ नेता डॉ कमल नयन सिंह, भाजपा नेता प्रदीप प्रसाद, अजय गुप्ता, गणेश कुमार सिट्टू, प्रशिक्षु डीएसपी प्रशांत कुमार, गुलमोहर कॉलेज के निदेशक संजय कुमार, कांग्रेस के अवधेश सिंह, वीरेंद्र सिंह समेत बड़ी संख्या में राजनीतिक दल के नेता और क्षेत्र के समाजसेवी प्रसाद ग्रहण करने पहुंचे। बुधवार को भी सांसद जयंत सिन्हा , जीप चेयरमैन उमेश मेहता, कांग्रेस नेता मुन्ना सिंह, श्रद्धानंद सिंह, सदर एसडीपीओ कुमार शिवाशिष, सदर थाना प्रभारी ललित कुमार, पूर्व डिप्टी मेयर आनंद देव, शिवलाल महतो, आरोग्यम अस्पताल के निदेशक हर्ष अजमेरा, हजारीबाग यूथ विंग के अध्यक्ष करण जायसवाल, समाज सेवी टुनटुन सिंह समेत शहर के कई गणमान्य पूजा में शरीक होकर प्रसाद ग्रहण किया और पत्रकारों के आयोजन की तारीफ की। यहां के पूजन उत्सव में सबसे बड़ी विशेषता रही की बिना किसी गाजे- बाजे और साउंड के इको फ्रेंडली मूर्ति के साथ पूजन हुआ। पारंपरिक ढोल-ताशे के वादन से यहां अतिथियों का स्वागत किया गया।

## मोटोरोला ने अपना नवीनतम एंट्री लेवल स्मार्टफोन मोटो जी 04 लॉन्च किया

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारत के सर्वश्रेष्ठ 5 जी स्मार्टफोन ब्रांड मोटोरोला ने अपना नवीनतम एंट्री लेवल स्मार्टफोन मोटो जी 04 को लॉन्च किया। यह प्रीमियम डिजाइन ऐक्रेलिक ग्लास फिनिश के साथ आता है और यह 4 आकर्षक रंगों में उपलब्ध होगा। इसमें 90 एव जेड रिफ्रेश रेट के साथ 16.66 सेमी आईपीएस एलसीडी पंच-होल डिस्प्ले भी दिया गया है। इसके अलावा, मोटो जी 04 अपने बिल्ट-इन 4 जीबी या 8 जीबी रैम के साथ शक्तिशाली परफॉरमेंस देता है, जिसे रैम बूस्ट फीचर के साथ 16 जीबी तक बढ़ाया जा सकता है, इसमें 64 जीबी या 128 जीबी युएफेस 2.2 स्टोरेज और 5000 एमएएच की बड़ी बैटरी प्रदान की गई है। इस फ़ोन की लांच कीमत 4 जीबी रैम प्लस 64 जीबी स्टोरेज - 6,999 रुपये जबकि 8 जीबी रैम प्लस 128 जीबी स्टोरेज - 7,999 रुपये है। लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए, टी.एम. नरसिम्हन, प्रबंध निदेशक, मोबाइल बिजनेस ग्रुप - भारत, ने कहा, हमें अपने जी सीरीज स्मार्टफोन में एक और स्मार्टफोन - मोटो जी 04 को जोड़ने की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। यह डिवाइस उपयोगकर्ताओं को उत्कृष्ट मूल्य बिंदुओं पर आकर्षक डिज़ाइन, शानदार सुविधाएँ प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता का सच्चा प्रतिरूप है।

## केनरा रोबेको म्यूचुअल फंड ने अपने नए फंड के साथ मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर पर बढ़ाया फोकस

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारत के दूसरे सबसे पुराने म्यूचुअल फंड, केनरा रोबेको म्यूचुअल फंड ने आज भारत के अगले मैन्युफैक्चरिंग हब बनने की क्षमता का लाभ उठाने की कोशिश के तहत केनरा रोबेको मैन्युफैक्चरिंग फंड के लॉन्च की घोषणा की है। यह फंड एक ओपन-एंडेड इक्विटी स्कीम है जो भारत के मैन्युफैक्चरिंग थीम पर आधारित है। इस फंड का बेंचमार्क एसएंडपी बीएसई इंडिया मैन्युफैक्चरिंग टीआरआई इंडेक्स है। यह एनएफओ, 16 फरवरी, 2024 को खुलेगा। केनरा रोबेको मैन्युफैक्चरिंग फंड, मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में निवेश करने का मौका देता है। एनएफओ 01 मार्च 2024 तक खुला रहेगा।केनरा रोबेको म्यूचुअल फंड के सीईओ रजनीश नरूला ने कहा ÷केनरा रोबेको मैन्युफैक्चरिंग फंड एक ऐसे महत्वपूर्ण समय में बाजार में कदम रख रहा है जब भारत में मध्यम वर्ग तेजी से ग्रोथ कर रहा है और कामकाजी उम्र की आबादी बढ़ रही है। बढ़ती घरेलू मांग, पॉलिसी में सुधार, मजबूत कॉर्पोरेट बैलेंस शीट और एक स्थिर राजनीतिक माहौल के चलते भारत एक आकर्षक निवेश केंद्र बनने के लिए अच्छी स्थिति में है। इस फंड को आत्मनिर्भर भारत, पीएलआई, मेक इन इंडिया, सिंगल विंडो क्लीयरेंस और आयात प्रतिस्थापन जैसे नीतिगत सुधारों से फायदा होगा भारत में इस समय ऐसे तमाम सकारात्म फैक्टर्स का संगम देखने को मिल रहा है जो मैन्युफैक्चरिंग गतिविधियों को बढ़ाने के लिए अनुकूल हैं।

## रांची में फिजिक्सवाला के ऑफ़लाइन विद्यापीठ सेंटर के 3 छात्रों ने 99 प्रतिशत से अधिक स्कोर किया

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रांची में फिजिक्सवाला के ऑफलाइन विद्यापीठ सेंटर के तीन छात्रों ने जेईई मेन 2024 सत्र एक के परिणाम में 99 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किये। अभिषेक मेहता (99.91), उत्तम मोदी (99.45), और रिशव राज (99.39) में पीडब्ल्यू विद्यापीठ रांची के स्टार छात्र रहे।भारत के प्रमुख एड-टेक प्लेटफॉर्म, फिजिक्स वाला (पीडब्ल्यू) ने अपने सम्पूर्ण जेईई मेन 2024 परिणामों की घोषणा की। इसमें 2,900 से अधिक छात्रों ने 98 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए, जबकि 507 से अधिक छात्रों ने 99.5 प्रतिशत अंक हासिल करने का कारनामा किया। इस प्लेटफार्म के इतिहास में इतने अधिक अंक पहली बार आये हैं। 1,194 से अधिक छात्रों ने 99 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। सिखाने के सुगठित नजरिये ने इन परिणामों को संभव बनाया है। बेहतर शिक्षा अनुभव के लिए इसके ऑफ़लाइन और ऑनलाइन प्लेटफार्मों को संयोजित किया गया।पीडब्ल्यू के ऑफलाइन सीईओ अंकित गुप्ता ने कहा, ÷ विद्यापीठ सेंटर्स के छात्रों को इतने ज्यादा अंक प्राप्त करते हुए देखना हमें गर्व से भर देता है।

## रेडमी ए3 प्रीमियम पैकेज में सुंदरता और परफॉर्मेंस के साथ 6,999 रुपये के शुरुआती मूल्य में लॉन्च किया गया

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** ग्लोबल टेक्नोलॉजी ब्रांड शाओमी ने अपनी ए सीरीज़ में रेडमी ए3 लॉन्च किया है, जो भारत में 6,999 रुपये के शुरुआती मूल्य में उपलब्ध है। रेडमी ए3 यूज़र्स को स्मार्टफोन के प्रीमियम अनुभव के साथ शक्तिशाली परफॉर्मेंस एवं सुंदर डिज़ाइन प्रदान करता है।

**प्रीमियम हैलो डिज़ाइन**

रेडमी ए3 प्रीमियम हैलो डिज़ाइन के साथ ग्लास फिनिश और शानदार लेदर-टेक्सचर सामग्री के दो उत्कृष्ट विकल्पों में आता है। यह डिवाइस ना केवल प्रीमियम दिखती है, बल्कि हाथों में भी भव्यता का एहसास कराती है। डिज़ाइन और सामग्रियों का सुगम इंटीग्रेशन ने इस स्मार्टफोन को खास बना दिया है, और यह फ़ौरन एक स्टाइल स्टेटमेंट बन जाता है।

**90 हर्ट्ज़ का शानदार डिस्प्ले**

रेडमी ए 3 में 1650 × 720 रिज़ॉल्यूशन के साथ 17.04 सेमी (6.71) का बड़ा एलसीडी डॉट ड्रॉप डिस्प्ले है, और इसमें 90हर्ट्ज़ रिफ्रेश रेट के साथ कोर्निंग गोरिल्ला ग्लास 3 की सुरक्षा है। यह डिस्प्ले अद्वितीय स्पष्टता के साथ जीवंत विज़ुअल्स प्रदान करता है। इस डिवाइस में डीसी डिमिंग टेक्नोलॉजी दी गई है, जो हर तरह की रोशनी में आरामदायक व्यूइंग अनुभव सुनिश्चित करती है।

## ऑनर ने भारत में विश्वप्रसिद्ध एक्स सीरीज़ में ऑनर एक्स 9बी लॉन्च किया

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** ऑनर ने अपने पोर्टफोलियो का विस्तार करते हुए अपनी विश्वप्रसिद्ध एक्स सीरीज़ में आज ऑनर एक्स9बी का लॉन्च किया। इस लॉन्च द्वारा ऑनर का उद्देश्य ग्राहकों को हर विशेषता में कुछ एक्स्ट्रा, जैसे अतुलनीय डिस्प्ले क्वालिटी, बेहतर बैटरी और ऑप्टिमाईज़्ड सॉफ्टवेयर परफॉर्मेंस प्रदान करना है, जो विभिन्न ग्राहकों की जरूरतों को पूरा कर सकें।ऑनर एक्स9बी 5जी के अलावा, ब्रांड ने बेहतर ऑडियो के लिए ऑनर चॉईस एक्स5, और फिटनेस ट्रैकिंग के लिए ऑनर हेल्थ ऐप के साथ ऑनर चॉईस स्मार्टवॉच के लॉन्च की भी घोषणा की, ताकि भारत में एक कनेक्टेड ईकोसिस्टम पेश किया जा सके। ऑनर एक्स9बी - एक्स्ट्रा ड्यूरेबिलिटी के साथ उत्कृष्टता के नए मानक ऑनर एक्स9बी में ऑनर अल्ट्रा-बाउंस एंटी-ड्रॉप 360 डिग्री डिस्प्ले है, जो बेजोड़ ड्यूरेबिलिटी और स्थिरता प्रदान करता है। इस फोन के चारों ओर एयरबैग कुशनिंग टेक्नोलॉजी और इनोवेटिव शॉक-एब्ज़ॉर्बिंग संरचना 1.5 मीटर तक की ऊँचाई से गिरने पर भी इसे बेहतरीन सुरक्षा प्रदान करती है। यह फोन सभी चार कोनों और छः सतहों पर 360 डिग्री सुरक्षा की गारंटी देता है, और मार्बल जैसी कठोर सतहों पर भी सुरक्षित रहता है। इस स्मार्टफोन में प्रीमियम स्लीक डिज़ाईन में 5800एमएएच की एक्स्ट्रा ड्यूरेबल बैटरी लगी है, ताकि यूज़र्स बैटरी की पॉवर की फिक्र किए बगैर पूरे दिन अपने फोन का उपयोग कर सकें।

## रस्काटोला के घरों को पारगढा में सिफ्ट करने का दबाव बनाया जा रहा है : जुरा सोरेन

**उरीमारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पोटंगा पंचायत अंतर्गत रस्काटोला में गुरुवार को ग्रामीणों की हुई जिसकी अध्यक्षत जुरा सोरेन व संचालन विजय सोरेन ने किया। वहीं इस बैठक में जुरा सोरेन ने कहा कि सीसीएल प्रबंधन के द्वारा रस्काटोला के पांच घरों को पोटंगा पारगढ़ा में शिफ्ट करने का दबाव बनाया जा रहा है। जिसका ग्रामीण पुरजोर विरोध करते हैं। जुरा सोरेन ने यह भी कहा कि किसी भी कीमत पर पांच घर पोटंगा पारगढा में शिफ्ट नही किया जाएगा। जब तक सीसीएल प्रबंधन रस्काटोला के ग्रामीणों को नौकरी और मुआवजा नहीं देता है तब तक न तो घर का मापी होगा और न ही पांच घर को शिफ्ट किया जाएगा। सभी ग्रामीणों ने सीसीएल प्रबंधन से एक स्वर में मांग किया कि सीसीएल प्रबंधन हम ग्रामीणों को नौकरी और मुआवजा दे और ग्राम रस्काटोला को जरजरा में पुनर्वास किया जाय। जिससे यहां के बचे हुए ग्रामीण खेती बारी कर अपना जीवन यापन कर सके। वहीं मौके पर मोहन सोरेन,मनीराम मरांडी,राजू सोरेन,रवि सोरेन, मठु टुडू, लुदवा टुडू,गुप्ता सोरेन,तालू टुडू,राजेश मुर्मू,नरेश टुडू,राहुल सोरेन,जयपाल सोरेन,सूरज हेंब्रम,महेश टुडू,कमलेश सोरेन,जतरू सोरेन,राजेश टुडू,बुटन टुडू,राजू टुडू,विजय टुडू,सुनीता देवी,बिरसी देवी, तेमने देवी,मिलु देवी,रेखा देवी,मानती देवी,संगीता देवी,योमी देवी,कर्मी देवी,सुष्मिता देवी,सुगी देवी आदि लोग मौजूद थे।

# 18-19 फरवरी को रोजगार के सवाल पर आरवाईए करेगा यंग इंडिया जनमत संग्रह

**प्रभात मंत्र संवाददाता**




**रामगढ़ :** भाकपा माले रामगढ़ जिला कार्यालय में आर वाई ए रामगढ़ जिला कमिटी द्वारा प्रेस कॉन्फ्रेंस की गई ।प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए आरवाईए के रामगढ़ जिला अध्यक्ष जयबीर हांसदा ने कहा कि पिछले दस साल के मोदी सरकार ने देश में बेरोजगारों की फौज खड़ी कर दी है. नौकरियों के 30 लाख से ज्यादा खाली पदों को दस साल में नहीं भरा गया और ऊपर से पहले से मौजूद पदों को ख़त्म भी किया गया. भारतीय रेलवे में 3 लाख से ज्यादा पद खाली पड़े हैं लेकिन मोदी सरकार की इसे भरने में कोई रूचि नहीं है. रेलवे को नीलामी के बाज़ार में रख दिया गया है. ट्रेन, स्टेशन, प्लेटफार्म, रूट, स्टेडियम, स्कूल बेचे जा रहे हैं और बड़े पैमाने पर ठेकाकरण किया जा रहा है।100 से ज्यादा सरकारी कंपनियों का शेयर बेच दिया गया जिससे नौजवानों की नौकरियां तो प्रभावित हुई ही साथ ही साथ देश की आमदनी भी प्रभावित हुई. सेना में अग्निपथ योजना लाकर बहाली को ठेका पर कर नौजवानों के भविष्य पर बुल्डोजर चलाया गया। जिन नौजवानों के हाथ को काम चाहिए उनके हाथ में तलवार थमा कर मुसलमानों का मोहल्ला दिखा दिया जा रहा है. रोजगार चाहने वाले हाथ में नफरत परोसा जा रहा है और इस दौर को अमृत काल बताया जा रहा है. सभी समान विचारधारा वाले प्रगतिशील, जनवादी संगठनों एवं छात्र-नौजवानों से इस रैली में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की गई.युवा नेताओं ने इस प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से दिल्ली बॉर्डर पर किसानों के आंदोलन पर हरियाणा और दिल्ली पुलिस द्वारा ड्रोन के जरिए आंसू बम बरसाए जाने, रबर बुलेट से हमले एवं उनके रास्तों में किल और कंक्रीट की दीवार खड़ा कर देने की घटना की तीव्र निंदा करते हुए किसान आंदोलन को अपना समर्थन दिया है. प्रेस कांफ्रेंस में आर. वाई .ए. रामगढ़ जिला सचिव विनेश मुंडा, श्रवण कुमार टुडू, मुनीश टुडू, मानकी टुडू, चंदन हेमब्रॉम उपस्थित हुए।

## रजरप्पा मंदिर में पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को खुले शौच से अब मिलेगी मुक्ति : विधायक सुनीता

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रजरप्पा :** उत्तर भारत का सुप्रसिद्ध सिद्धपीठ स्थल छिन्नमस्तिका मंदिर प्रक्षेत्र में पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को अब परेशानियों का सामना नही करना पड़ेगा मां भगवती दरबार में पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को खुले शौक से मिलेगी मुक्ति, मन्दिर प्रक्षेत्र में सीसीएल रजरप्पा के सीएसआर मद से सामुदायिक शौचालय का निर्माण कराया गया हैं। ताकि मन्दिर आने वाले श्रद्धालु शौचालय का इस्तेमाल कर सकें। गुरुवार को शौचालय का विधिवत उदघाटन रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी व विशिष्ट अतिथि रामगढ़ जिप अध्यक्ष सुधा देवी, सीसीएल रजरप्पा जीएम बिनोद कुमार व सम्मानित अतिथि भुचुंगडीह मुखिया सुनीता देवी, रामगढ़ पार्षद धनेश्वर महतो, एसओपी मनोज कुमार के द्वारा संयुक्त रूप से नारियल फोड़कर एवं फीता काटकर किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी ने कहा कि शौचालय का निर्माण होने से मन्दिर पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को काफी सुविधा मिलेगी , साथ ही आसपास का क्षेत्र स्वच्छ रहेगा। उन्होंने कहा कि सीसीएल रजरप्पा हमेशा से ही सामाजिक दायित्वों का बेहतर तरीके से निर्वाहन करती हैं। इससे पूर्व अतिथियों का स्वागत माल्यार्पण कर किया गया। मौके पर एजेकेएसएस के क्षेत्रीय अध्यक्ष रविंद्र वर्मा, आजसू छात्र संघ के विभावि प्रभारी अनुराग भारद्वाज, मुखिया प्रतिनिधि अवधेश मुंडा, सरिता देवी, ठाकुरदास महतो, शांति देवी, रेणु चौधरी, नीलू देवी, अजय बंगाली, गणेश महतो आदि थे।

# झामुमो रामगढ़ ज़िला समिति की हुई बैठक




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला समिति रामगढ़ की आवश्यक बैठक जिला अध्यक्ष बिनोद किस्कु की अध्यक्षता में और जिला सचिव बिनोद कुमार महतो संचालन में एक होटल में आहूत की गई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि दिनांक 16/02/2024 को झामुमो जिला समिति रामगढ़,जिला अध्यक्ष बिनोद किस्कू के नेतृत्व में मोरहाबादी मैदान में बापू वाटिका में एकदिवसीय भूख हड़ताल में शामिल होकर केंद्र सरकार के गलत नीतियों एवं सरकारी तंत्र का दुरुपयोग के विरोध मे शामिल होंगे।इस भूख हड़ताल के माध्यम से लोकतांत्रिक सरकार को षड्यंत्र के तहत हेमंत सोरेन को अपदस्थ करने के क्रिया कलापों को केंद्र सरकार के मानसिक पीड़ित भाजपा को संपूर्ण झारखंड के जन जन तक भाजपा के प्रति उग्र आक्रोश को देश में आम आवाम तक ये संदेश पहुंचाने का काम करेंगे। इस बैठक में मुख्य रूप से केंद्रीय सदस्य राजकुमार महतो,केंद्रीय सदस्य सह जिला कोषाध्यक्ष भुवनेश्वर प्रसाद उर्फ़ भुन्नु महतो, पुर्व केंद्रीय सदस्य महेंद्र मुंडा, केंद्रीय सदस्य बरतु करमाली, जिला उपाध्यक्ष महेश ठाकुर, जिला उपाध्यक्ष चित्रगुप्त महतो, जिला उपाध्यक्ष विजय किस्कू, जिला उपाध्यक्ष आज़ाद अंसारी, हरिलाल बेदिया, दिलीप शर्मा, मोइन अहमद, गोरंग राय, साजिद आलम, साजिद अंसारी, मो. अफरोज, रामकिशुन गिरी, महेंद्र मिस्त्री, कुँवर महतो, गुलाम नबी, योगेन्द्र यादव, फकरूदिन अंसारी, इमामऊल अंसारी, शिव करमाली, सतीश मुर्मू, मतीराम महतो, खुदीराम महतो, विमल करमाली, नरेश हांसदा, सुरेश चंद पटेल, बबलू यादव, साजिद अख्तर, सुशांत, भारती, शिवलाल हांसदा, अरूण बनर्जी, आदि कार्यकर्ता साथी गण उपस्थित हुए।

# जिला कांग्रेस कमेटी रामगढ़ द्वारा नरेंद्र मोदी का पुतला दहन किया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रामगढ़ :** गुरुवार को उच्चतम न्यायालय ने केंद्र सरकार द्वारा 2017 में पारित विधेयक जिसमे चुनावी बांड योजना को वित्त विधेयक के रूप में पेश किया गया था उसे रद्द कर दिया गया है उच्चतम न्यायालय के इस फैसले का स्वागत करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी रामगढ़ द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मुन्ना पासवान ने कहा कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस सबसे पहले इसकी अपारदर्शी, अलोकतांत्रिक और हानिकारक प्रकृति की स्पष्ट रूप से निंदा की थी। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस इस कुटिल चाल के खिलाफ संसद के भीतर और बाहर अपनी लड़ाई में अटल रही है। प्रदेश महासचिव बलजीत सिंह बेदी ने कहा किभारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस मोदी सरकार की इस काला धन रूपांतरण योजना को असंवैधानिक मानते हुए आज के सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत करती हैं। जिला कांग्रेस कमेटी कार्यकारी अध्यक्ष पंकज प्रसाद तिवारी ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले से चुनावी बांड के माध्यम से भाजपा के बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार करने की मंशा असफल हो गई है। मौके पर जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता मुकेश यादव, नगर अध्यक्ष बलराम साहू, संजय साव,गगन करमाली, जयकुमार राम, टिंकू खान,आज़ाद सिंह, राजन करमाली, सलीम खान, संजीव खंडेलवाल, संजय वर्मा, साजिद हुसैन, समीर हुसैन, रविंद्र नायक, शिबू दांगी, अजमल हुसैन, तारिक अनवर, जगतपाल इत्यादि उपस्थित थे।

## रामगढ़ की पुर्व विधायक ने कोठार के रैयतों की समस्या को लेकर रामगढ़ उपयुक्त से की मुलाकात

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ की पुर्व विधायक ममता देवी रैयतों के साथ उपायुक्त चंदन कुमार से मुलाकात की मिलकर कोठार वार्ड नंबर 29 के बाईपास फोरलेन सड़क निर्माण कार्य चल रहा है परंतु ग्रामीण रैयतों के लिए सर्विस रोड का कोई प्रावधान नहीं है यह ग्रामीणों के लिए चिंता का विषय है जिसको अवगत कराई साथ ही इसके संबंध में गांव के वार्ड पार्षद एवं मुखिया के साथ सभी ग्रामीण रैयत के साथ ग्राम सभा कर रैयती जमीन 10 फीट देने के लिए सहमत हुए ताकि सर्विस रोड एवं नाली बन सके जिसको लेकर बीस सूत्री जिला उपाध्यक्ष दिनेश मुंडा के लेटर पैड में आवेदन भी सौंपे । साथ उपायुक्त ने कहा कि मैं इस पर खुद एक बार निरीक्षण कर पदाधिकारी को इस विषय पर पहल करने का प्रयास करूंगा । मौके पर वार्ड नंबर 29 के पार्षद जयंती देव वार्ड पार्षद गोपाल मुंडा पुषण महतो सुरेश महतो धर्मवीर पंकज तिवारी मुरलीधर कोठारी वासुदेव महतो कीटरू महतो निर्मल महतो कामेश्वर महतो जय नाथ महतो राजू महतो नारायण महतो कुंजीलाल महतो बालेश्वर चौधरी मां गोविंद महतो हेमलाल महतो शंभू नाथ महतो विनोद महतो लखन महतो सुरेश महतो धर्मदेव रविदास बलदेव महतो वकील महतो अजय राम महेश निगम सहित सभी रैयत लोग शामिल थे ।



## मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत लाभुकों के बीच बकरियों का किया गया वितरण

**गोला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र के कोराम्बे शिव मँदिर परिसर के समीप पशुपालन विभाग की ओर से गुरुवार को मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत लाभुकों के बीच बकरियों का वितरण किया गया। जिला पार्षद सरस्वती देवी, पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉ राजेश कुमार, हेसापोड़ा मुखिया गीतांजली कुमारी तिर्की, पशु मित्र जितेंद्र बेदिया%के द्वारा उपस्थित लाभुकों के बीच बकरा-बकरी का वितरण किया गया। इस दौरान कुल 32 लाभुकों को इस योजना का लाभ दिया गया। इस संबंध में डॉ राजेश कुमार ने बताया कि योजना का उद्देश्य पशुपालन गतिविधियों के जरिये महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ना है। इसी उद्देश्य को लेकर बकरा विकास योजना, सुकर विकास योजना, लो इनपुट लेयर कुक्कुट विकास योजना, ब्रायलर कुकुट पालनपालन व बतख चूजा वितरण योजना संचालित की जा रही है। इन्होंने लोगो से उक्त का लाभ उठाने की अपील की। मौके पर अनिता देवी, नीरज कुमार, रेखा देवी, केशरी देवी, सुनीता देवी, कालीचरण करमाली, वीणा देवी, लालजी राजवर, रेशमी देवी, संतोष राजवर, फूलों देवी, मालती देवी, समेत कई लाभुक मौजूद थे।



*पूर्व प्रत्याशी बजरंग महतो ने खोखा लदनाटांड़ में 63 केवीए ट्रांसफार्मर का किया उद्घाटन*

# ग्रामीणों से जुड़ी सभी समस्याओं का समाधान करना ही पहली प्राथमिकता : बजरंग महतो

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**गोला :** गोला प्रखंड क्षेत्र के खोखा पंचायत अंतर्गत लदनाटाँड़ में रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी बजरंग महतो ने 63 केवीए के नये ट्रांसफार्मर का फीता काटकर विधिवत उद्घाटन किया। गाँव पहुँचने पर ग्रामीणों के द्वारा पूर्व प्रत्याशी बजरंग महतो का फूलमाला पहनाकर गर्मजोशी के साथ जोरदार स्वागत किया गया। इसके बाद गाँव की महिलाओं के द्वारा ट्रांसफार्मर का विधिवत पूजा अर्चना किया गया। गत दिनों पूर्व में लगा ट्रांसफार्मर जल गया था। इसके बाद गांव में अंधेरा छाया हुआ था जिससे ग्रामीणों को काफी परेशानी हो रही थी। इसके बाद ग्रामीणों ने अपनी समस्या पूर्व प्रत्याशी बजरंग महतो के समक्ष रखा और उन्हें सारी समस्याओं से अवगत कराया। इसके बाद पूर्व प्रत्याशी ने विभागीय अधिकारियों से संपर्क कर तत्काल 63 केवीए का ट्रांसफार्मर उपलब्ध करा दिया, जिसका आज विधिवत फीता काट कर उद्घाटन किया गया। ग्रामीणों को बिजली की समस्या से निजात दिलाया। ट्रांसफार्मर उद्घाटन के पश्चात बजरंग महतो ने एक-एक कर सभी उपस्थित ग्रामीणों से मिले एवं उनकी समस्याओं से अवगत हुए और कहा कि क्षेत्र की जनता को सुविधा दिलाना हमारी पहली प्राथमिकता है चाहे ग्रामीणों को जिस भी प्रकार की समस्या हो एक-एक करके सभी समस्याओं का समाधान करने का प्रयास करूँगा। उन्होने कहा कि वर्तमान सरकार के द्वारा जो भी कल्याणकारी योजनाएँ चलाई जा रही है सभी योजनाओं का आम लोगों को लाभ मिले इसको लेकर भी गंभीरता पूर्वक जुड़कर कार्य करने का ग्रामीणों से अपील की। मौके पर समाजसेवी शंकर करमाली, झामुमो नेता सुनील करमाली, नंदकिशोर महतो, गौरी शंकर महतो, तस्लीम अंसारी, शंकर महतो, परमेश्वर महतो, अरुण दांगी, रोहित कुमार, लोकेश महतो, संतोष दांगी, डोमन महतो, मदन महतो, फूलचंद महतो, जय नंदन महतो, छत्रु महतो, सुभाष महतो, मधु महतो, बिहारी महतो, राजेंद्र महतो, गोवर्धन महतो, ममता देवी, फुल मनी देवी सहित सैकड़ों ग्रामीण महिला पुरुष उपस्थित थे।

## रामगढ़ विधायक ने मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ में विभिन्न पूजा पंडाल में विधायक सुनिता चौधरी के द्वारा मां सरस्वती के पूजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया एवं क्षेत्र की खुशहाली की कामना की द्य इस मौके पर ज्ञान मंदिर परसोतिया में विधायक सुनिता चौधरी ने सभी उपास्थित छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि मां सरस्वती की पूजा अर्चना करने से मानसिक एवं बौद्धिक ज्ञान की प्राप्ति होती है आप सभी मन लगाकर मेहनत करें और पढ़ाई पूरी ईमानदारी पूर्वक करें तभी जाकर आप सभी को सफलता प्राप्त होगी । इस मौके पर केंद्रीय कोषाध्यक्ष विमल बुधिया, केंद्रीय सदस्य रीना साह, एकल अभियान राष्ट्रीय संरक्षक मान ज्ञान ब्रह्म पाठक, एबीवीपी की स्मृति सौरभ , जिला उपाध्यक्ष संजय बनारसी , जिला उपाध्यक्ष सिंधु मेहता, नगर सचिव नीरज मंडल, कार्यकारी अध्यक्ष कुलदीप वर्मा, महिला मोर्चा नगर अध्यक्ष अनुपमा सिंह, महिला मोर्चा सचिव मीरा देवी, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष रोहित सोनी, छात्र मोर्चा अध्यक्ष अंकित अग्रवाल, वार्ड नं 5 प्रभारी अनिल श्रीवास्तव, पायल , प्रीति, प्रियंका , शिवम, आयुष, बंदना, मिशा सहित कई छात्राएं मौजूद थी।

# पतरातू अबुआ आवास में घोर अनियमिता बरती गई : मुखिया संघ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**पतरातू :** प्रखंड मुख्यालय पतरातु में मुखिया संघ की बैठक किया गया जिसकी अध्यक्षता मुखिया संघ के अध्यक्ष अभय कुमार सिंह तथा संचालन मुखिया व्यास पांडे के द्वारा किया गया। बैठक में सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि अबुआ आवास में ग्राम सभा को दरकिनार करके लाभुको का चयन में घोर अनियमितता किया गया है जैसा की सूचना प्राप्त है कि विकास आयुक्त रामगढ़ के पत्रांक 1363/ जी.ग्राम दिनांक 27/10/2023 के आलोक में प्रखंड विकास पदाधिकारी पतरातू कार्यालय का पत्रांक संख्या 2024/ सा.दिनांक 29/12/2023 के संदर्भ में कहना है कि झारखंड सरकार की अति महत्वाकांक्षी योजना अबुआ आवास योजना निन्संदेह आवास विहिन एवं कच्चा मकान तथा गरीबों के हक की योजना है झारखंड सरकार के द्वारा आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में अबूआ आवास योजना लाभुकों से प्राप्त आवेदनों को गठित चार सदस्यों दल के जांचों उपरांत योग लाभुकों का कोटिवार प्राथमिकता के आधार पर प्रतीक्षा सूची ग्राम सभा के माध्यम से जरूरतमंद लोगो का नाम ग्राम सभा से पारित किया गया लेकिन वरीयता को अनदेखी कर उसके हिसाब से सूची न बनाकर जिन्हें ज्यादा वर्तमान में अभी आवास की आवश्यकता नहीं है अपने हिसाब से ब्लॉक कोऑर्डिनेटर के द्वारा सूची बनाकर तैयार किया गया है और सभी पंचायत में जिओ टेक का कार्य भी हो रहा है तथा बैठक में कहा गया कि इसे अभिलंब सुधारते हुए ग्राम सभा को प्राथमिकता देते हुए ग्रामसभा के हिसाब से सूची दिया जाए इसको लेकर मुखिया संघ के द्वारा पतरातु प्रखंड कार्यालय में एकदिवसीय धरना 16/2/2024 को दिया जाएगा तथा मुख्य संघ ने उपायुक्त महोदय से पत्र के माध्यम से कहा है कि अभिलंब इसे सुधार करते हुए ग्राम सभा को प्राथमिकता देते हुए सूची दिया जाए अन्यथा मुखिया संघ आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा बैठक में मुख्य रूप से प्रमुख प्रतिनिधि सीताराम मुंडा, उप प्रमुख बबीता देवी, नूनू पांडे, मुखिया गिरिजेश कुमार,किशोर महतो, भुवनेश्वर वेदिया, निधि सिंह,रीता कुमारी, श्यामली महथा,विकास कुमार नायक,संदीप उरांव, विजय मुंडा, गीता देवी, सुमन भारती, अजय कुमार, मुखिया प्रतिनिधि में जयप्रकाश सिंह राहुल कुमार उपस्थित थे।

**GOVT.OF. JHARKHAND**
**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**Drinking Water & Sanitation Mechanical Division, Medininagar**

**Very Short e-Quotation No. 07/2023-24**

Rates through e-quotations are invited for "Material" category annexed as S/R Estimate for Repairing of 50 H.P. VT P/Set, 20 H.P. C/F Pump Set, 25 H.P. C/F Pump Set, 40 H.P. C/F Pump Set, Supplying & Fitting 200 Amp main switch etc work of Lesliganj add joining village Rural Water Supply Scheme for the year of 2023-24. from reputed Manufacturers / Authorized Dealers having valid G.S.T.I.N for respective items conforming to the specifications for inclusion in the Estimates under D.W.&. S. Mech. Div. Medininagar, Government of Jharkhand, to be used in different Pumping Plants replacement operation maintenance works shall be submitted online in the website http://jharkhandtenders.gov.in .

Details and list of materials are available on the above e-tender Portal. The Quotationer may download the documents from the website and quote their firm item rate excluding taxes for the Materials online from 16.02.2024 at 3.30 hrs.to 23.02.2024 at 2.20 hrs. The quotation will be opened on 24.02.2024 at 3.30 Hours

The quotation is invited to ascertain and assess the Rate of Materials at par with lowest market rate for framing of Estimates under D. W. &.S. Mech. Division, Medininagar.

Executive Engineer,
D.W. & S. Mechanical Division,
Medininagar (Palamau)

PR 318986 Drinking Water and Sanitation(23-24)#D

## सड़क दुर्घटना में बुजुर्ग महिला की मौत, मुआवजे को लेकर घंटों रहा सड़क जाम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमुआ :** प्रखंड अंतर्गत जमुआ थाना इलाके के जमुआ चौक में गुरुवार को सड़क हादसे में 60 वर्षीय महिला बिंदवा देवी की मौत मौके पर हो गई । मृतका पैदल ही चौक से गुजर रही थी इसी दौरान चौक से गुजर रहे एक ट्रक ने महिला को टक्कर मार दिया. जिसे मौके पर महिला की मौत हो गई । लेकिन घटना के बाद स्थानीय लोगों ने रोड जाम कर दिया और मृतका के परिजनों को मुआवजा देने की मांग करने लगे। इस दौरान जानकारी मिलने पर जमुआ थाना प्रभारी सह डीएसपी नीलम कुजूर और प्रभारी थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार भी घटनास्थल पहुंचे और पूरे मामले की जानकारी लिया. पुलिस और अधिकारियों ने रोड जाम कर रहे ग्रामीणों को समझा बुझाकर शांत किया और मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा. इसके बाद आवागमन शुरू हो पाया. जानकारी के अनुसार मृतका बिंदवा देवी जमुआ थाना इलाके के हरला गांव निवासी स्वर्गीय घनश्याम महतो की पत्नी थी और सब्जी बेचने जमुआ चौक पहुंची थी. इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रहे एक ट्रक ने मृतका को टक्कर मारा, जिससे मौके पर उसकी मौत हो गई. लेकिन घटना के बाद काफी संख्या में स्थानीय लोगों की भीड़ जुटी और रोड जाम कर दिया था।

# ज्वेलर्स दुकान का शटर तोड़ लाखों की चोरी, जांच में जुटी पुलिस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** हीरापुर हटिया स्थित कृष्णा ज्वेलर्स नामक दुकान में बुधवार की देर रात अज्ञात चोरों ने सेंधमारी कर लाखों रुपए के जेवर चोरी कर फरार होने में सफल रहे। घटना की जानकारी ज्वेलर्स शॉप के मालिक कृष्ण अग्रवाल को गुरुवार सुबह फोन पर मिली। खबर मिलते ही उन्होने इसकी सूचना धनबाद थाना को दी। जिसके बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंच आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे को खंगालने में जुटी है। वही ज्वेलर्स संचालक कृष्णा अग्रवाल ने बताया कि चोरों ने रात करीब 2:00 बजे के लगभग दुकान का शटर काट कर दुकान में रखे सोना एवं चांदी के जेवर ले गए। जिसकी कीमत लगभग छह से सात लाख रुपए है। आगे उन्होंने बताया कि बुधवार को उन्होंने दुकान नहीं खोला था लेकिन शाम में वह दुकान देखने पहुंचे थे। आज सुबह बगल के दुकान संचालक ने फोन कर बताया कि दुकान का शटर टूटा हुआ है। वहीं दुकान में रखें सोना एवं चांदी के गहने नही थे। सीसीटीवी की बात पूछने पर उन्होंने बताया कि दुकान में सीसीटीवी लगाने के लिए बात की गई है, लेकिन अभी तक दुकान में सीसीटीवी नहीं लगा हुआ है। घटना स्थल पर पुलिस पहुंच कर छानबीन में जुटी हुई है और आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाल रही है।

सीसीटीवी फुटेज में देखा जा रहा है कि रात करीब 2:00 बजे के आसपास चोर शटर काट रहे हैं। वही धनबाद थाना पुलिस ने आश्वासन दिया है कि जल्द ही वे इस घटना का उद्भेदन करेंगे और इसमें संलिप्त लोगों को गिरफ्तार किया जाएगा।

## नए डीडीसी ने किया पदभार ग्रहण




**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सादात अनवर ने आज जिले के 38 वें उप विकास आयुक्त के रूप में पदभार ग्रहण किया। वहीं निवर्तमान उप विकास आयुक्त शशि प्रकाश सिंह ने पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया। पदभार ग्रहण के बाद श्री अनवर ने कहा कि निवर्तमान उप विकास आयुक्त के कार्य को आगे बढ़ना, विभाग से संबंधित योजना को जिला ग्रामीण विकास अभिकरण की टीम व प्रखंड विकास पदाधिकारियों के साथ मिलकर आगे बढ़ाएंगे। उन्होंने कहा कि अबुआ आवास योजना के लक्ष्य को प्राप्त करना और उसे धरातल पर उतारना मेरी प्राथमिकता रहेगी। वहीं निवर्तमान उप विकास आयुक्त ने कहा कि डीएमएफटी से सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क, विद्यालय में चार दिवारी, लीडर स्कूल का निर्माण सहित अन्य योजना को गति देने का प्रयास किया है। मौके पर वन प्रमंडल पदाधिकारी विकास पालीवाल, निदेशक डीआरडीए हेमा प्रसाद, डीआरडीए के कार्यालय अधीक्षक ओम प्रकाश सिंह, प्रोजेक्ट ऑफिसर मनरेगा मनोज कुमार सहित अन्य कर्मी मौजूद थे।

## प्रह्लाद महतो मेमोरियल हाई स्कूल के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रह्लाद महतो मेमोरियल हाई स्कूल के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम लगभग 22 वर्षो से लगातार सरस्वती पूजा के शुभ अवसर पर संचालित किया जा रहा है जो पूर्व शिक्षक राजु महतो एवं स्कूल के अनुभवी शिक्षको के देख रेख मे संपन्न हुआ। करीब 1200 लोग इस कार्यक्रम को देखने पहुँचे। वहीं स्कूल के बच्चे काफी उत्साहित होकर कार्यक्रम में भाग लिए। सभी छात्र-छात्रो ने बड़ी उत्साह पूर्वक लोगों को लुभाने के लिए एक से बढ़ कर एक कार्यक्रम दिखा कर लोगों के दिल को जीतने का प्रयास किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में स्कूल के निदेशक-सह-अध्यक्ष जगबंधु महतो के साथ-साथ स्कूल के अन्य शिक्षक का योगदान काफी सराहनीय रहा। विद्यालय प्रबंधन की ओर से सभी को सरस्वती पूजा की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई।

## डीएवी मॉडल स्कूल सीएफआरआई में बसंत के साथ नन्हें कदमों का हुआ आगमन

**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** डीएवी मॉडल स्कूल सीएफआरआई में



बसंतागमन के साथ नन्हें नन्हें पौध के रूप में बच्चों के चतुर्थ चरण का नामांकन दिनांक 15.2.24 को सफलता पूर्वक संचालित किया गया। इस चरण में तकरीबन 200 फॉर्म भरे गए। इस अवसर पर बच्चों के साथ साथ अभिभावकों में जोश और उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर प्राचार्या महुआ सिंह ने बच्चों और अभिभावकों को बसंत ऋतु में मनाए जाने वाले त्योहार बसंत पंचमी की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मौसम अभी बसंत का है और सही मायने में बच्चों के बसंतागमन का उचित समय यही है जिसमें बच्चे उत्साह, उल्लास और नई ऊर्जा से सराबोर रहते हैं।

## पार्षद प्रत्याशी सद्दाम हुसैन ने अंचल अधिकारी से भेंट की



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** वार्ड संख्या 18 के पार्षद प्रत्याशी सह झारखंड मुक्ति मोर्चा धनबाद महानगर अल्पसंख्यक अध्यक्ष मोहम्मद सद्दाम हुसैन ने धनबाद अंचल अधिकारी शशि कांत सिन्कर से मुलाकात कर फूलों का गुलदस्ता भेंट किया। साथ ही अंचल से संबंधित अपने वार्ड की समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। सद्दाम हुसैन ने कहा कि पिछले कई महीनो से धनबाद अंचल में अंचल अधिकारी न होने के कारण छात्रों का जाति, आवासीय और आय प्रमाण पत्र समय पर नहीं बन पा रहा था। इस संबंध में हमने अंचल अधिकारी से बात की। अंचल अधिकारी ने कहा है कि मैं पिछ्ले 6 फरवरी 2024 से अंचल का प्रभार संभाला हूँ और जो भी आवेदन लंबित है, सभी का निष्पादन तत्काल कर दिया जाएगा।

## न्यू आकाशकिनारी आउटसोर्सिंग पेच में निदेशक तकनीकी ने किया निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कतरास :** भारत कोकिंग कोल लिमिटेड गोविंदपुर एरिया 3 के न्यू आकाशकिनारी आउटसोर्सिंग पेज में गुरुवार को निदेशक तकनीकी (योजना परियोजना) एस नगाचारी ने निरीक्षण कर उत्पादन बढ़ाने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान पेच में भारी मात्रा में जमा पानी को शीघ्र निकालने की बात कही ताकि वहां कोयला उत्पादन किया जा सके। इसके अलावे उत्पादन के क्षेत्र में आ रहे बाधा को लेकर महाप्रबंधक जीसी साहा से बात की। निदेशक तकनीकी ने मार्च तक उत्पादन लक्ष्य पूरा करने को कहा। पंपिंग का कार्य भी जल्द शुरू करने की बात कही जिससे उत्पादन लक्ष्य पूरा किया जा सके। महाप्रबंधक को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। मौके पर गोविंदपुर एरिया 3 के महाप्रबंधक जीसी साहा, अपर महाप्रबंधक जेके जायसवाल, टीएस टू डीटीपीपी सह झरिया मास्टर प्लान के महाप्रबंधक फूल झा, आउटसोर्सिंग कंपनी के महाप्रबंधक वाईके सिंह, परियोजना पदाधिकारी अवधेश कुमार, क्षेत्रीय विद्युत एवं यांत्रिक पदाधिकारी एके केसरी, आकाश किनारी के मैनेजर अमित कुमार, मैनेजर चंद्रमा सिंह, देव बहादुर आदि उपस्थित थे।


### ऊर्जा विभाग
झारखण्ड सरकार, विद्युत कार्यपालक अभियन्ता
विद्युत कार्य प्रमण्डल, इंजीनियरिंग हॉस्टल नं०-2, धुर्वा, रॉची

**अति अल्पकालीन ई-प्रोक्योरमेंट सूचना**

ई–निविदा प्रसंग सं0– Energy/EWD/Ranchi/91/2023-24 दिनांक– 15/02/2024

| 1. | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| I | हजारीबाग स्थित जिला मत्स्य कार्यालय झील मतस्य बीज प्रक्षेत्रा में विद्युत अधिष्ठापन एवं सुरक्षा लाईट के अधिष्ठापन का कार्य। | 19,97,349=00 | 5,000=00 | 40,000=00 | 21 दिन |
| 2. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 22.02.2024 | | | |
| 3. | निविदा जमा करने की तिथि | 23.02.2024 के 1030 बजे पूर्वाह्न से 29.02.2024 के 200 बजे अपराह्न तक | | | |
| 4. | निविदा खोलने की तिथि | 01.03.2024 को 3.00 बजे अपराह्न में | | | |
| 5. | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता | विद्युत कार्यपालक अभियन्ता, विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉंची। | | | |
| 6. | निविदा खोलने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता | विद्युत कार्यपालक अभियन्ता, विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉंची। | | | |
| 7. | ई प्रोक्युरमेन्ट प्रकोष्ट का फोन नं0 | 0651–2490069 | | | |

**Note :-** Tender Fee and Earnest Money Deposit (EMD) are to be paid through online mode only as per instruction of IT Dept. Govt. of Jharkhand Letter no.-120 Dated- 03-10-2023.

निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in मे देखा जा सकता है।

विद्युत कार्यपालक अभियन्ता
विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉंची

PR 319089 Energy (23-24)_D



### Government of Jharkhand
Urban Development & Housing Department
Municipal Corporation, Hazaribag

**e- Procurement**
**Short Notice Inviting Tender**
**Reference No. - UDD/HMC/HZB/27/2023-24 (4th Call)**

1.Detail of work

| Group No. | Name of work | Estimated Cost (Rs.) | Earnest Money | Cost of BOQ | Completion period for construction |
|---|---|---|---|---|---|
| 8. | Construction of R.C.C. Drain from the H/o Biltu Singh to Yugal Prasad to via H/o Late Krishna Ballabh in Krishna Puri in Ward No. 07 Under Municipal Corporation, Hazaribag | 14,42,592/- | 30,000/- | 5,900/- | 04 Month |

| | | |
|---|---|---|
| 2 | Date of Publication of Tender on website | 15.02.2024 at 11:00 A.M. |
| 3 | Last Date/Time of receipt of bids online | 23.02.2024 up to 5:00 P.M. |
| 4 | Bid Opening date | 26.02.2024 at 11:00 A.M. |
| 5 | Name & Address of office inviting tender | Municipal Commissioner Cum Administrator Municipal Corporation, Hazaribag. |
| 6 | Contact No. of Procurement officer | 8219204356 |

**NOTE :**
- Only e-Tenders will be accepted.
- Further details can be seen on website http:/jharkhandtenders.gov.in
- **e-Procurement** में **Tender Fee** एवं **EMD** की राशि ऑनलाईन सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई–गवर्नेस विभाग, झारखण्ड, रांची का आदेश ज्ञापांक 120, दिनांक 03.10.2023 एवं नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखण्ड रांची का पत्रांक 05/विविध (**e-Tender**)–12/2023/न0वि– 4847 (अनु॰) दिनांक 11.10.2023 के तहत् ली जायेगी।

Sd/-
Administrator
Municipal Corporation, Hazaribag

PR 319094 (Urban Development and Housing)23-24*D


## यात्रियों की सुविधा को देखते हुए एक जोड़ी स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हाजीपुर :** यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर कटिहार-बरौनी-हाजीपुर-पाटलिपुत्र- दानापुर-डीडीयू के रास्ते कामाख्या और आनंद विहार के मध्य एक जोड़ी स्पेषल ट्रेन (साप्ताहिक) के परिचालन का निर्णय लिया गया है। गाड़ी सं. 02525 कामाख्या-आनंद विहार स्पेषल कामाख्या से 16.02.2024 से 29.03.2024 तक सप्ताह के प्रत्येक शुक्रवार को 22.45 बजे खुलकर अगले दिन शनिवार को 11.05 बजे कटिहार, 12.05 बजे नवगछिया, 13.12 बजे खगड़िया, 13.50 बजे बेगुसराय, 14.35 बजे बरौनी, 16.15 बजे हाजीपुर, 17.10 बजे पाटलिपुत्र, 17.40 बजे दानापुर, 18.18 बजे आरा, 19.10 बजे बक्सर, 21.05 बजे पं.दीनदयाल उपाध्याय जं. रुकते हुए रविवार को 08.50 बजे आनंद विहार पहुंचेगी ।

वापसी में गाड़ी सं. 02526 आनंद विहार-कामाख्या स्पेषल आनंद विहार से 18.02.2024 से 31.03.2024 तक सप्ताह के प्रत्येक रविवार को 17.20 बजे खुलकर सोमवार को 04.42 बजे पं.दीनदयाल उपाध्याय जं., 05.53 बजे बक्सर, 06.50 बजे आरा, 07.20 बजे दानापुर, 07.40 बजे पाटलिपुत्र, 08.40 बजे हाजीपुर, 10.20 बजे बरौनी, 10.58 बजे बेगुसराय, 11.35 बजे खगड़िया, 12.35 बजे नवगछिया, 14.50 बजे कटिहार रुकते हुए मंगलवार को 03.40 बजे कामाख्या पहुंचेगी । इस स्पेषल ट्रेन में वातानुकूलित प्रथम श्रेणी का 01 कोच, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी के 02 कोच, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 05 कोच, वातानुकूलित तृतीय इकॉनोमी श्रेणी के 05 कोच, शयनयान श्रेणी के 04 कोच तथा साधारण श्रेणी के 02 कोच होंगे ।

## 23 वर्षीय युवक ने फांसी लगा की आत्महत्या

**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जोरापोखर थाना क्षेत्र के भागा आजाद नगर निवासी बबलू हाड़ी के 23 वर्षीय अविवाहित पुत्र सूरज हाड़ी ने गुरुवार कि सुबह में अपने घर में अपने गला में गमछा का फांसी का फंदा बनाकर उसमें झूलकर आत्महत्या कर लिया। घटना कि सूचना पाकर थाना प्रभारी राजेश कुमार सिन्हा ने पहुंचकर शव को अपने कब्जे में कर पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए धनबाद भेज दिया है। मृतक सूरज के पिता बबलू ने पुलिस को दिए अपने बयान में कहा है कि वे और उसकी पत्नी एक साथ एक नर्सिंग होम में साफ सफाई का कार्य करते हैं। आज सुबह काम पर जाने के बाद सूरज ने आत्महत्या कर लिया। घटना को देख स्थानीय लोगो सूरज को अस्पताल ले गया लेकिन सूरज रास्ते में ही दम तोड़ दिया।

## वायु प्रदूषण के खिलाफ सत्याग्रह के समर्थन में 700 लोगों ने की हस्ताक्षर




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**झरिया :** झरिया में व्याप्त वायु प्रदूषण के खिलाफ 17 से 18 फरवरी को आयोजित सत्याग्रह आंदोलन के समर्थन में गुरुवार को मेनरोड स्थित देशबंधु सिनेमा, कतरास मोड़ एवं इंदिरा चौक में हस्ताक्षर अभियान चला कर आम लोगों से 24 घंटे का घरना में शामिल होने की अपील की गई।

शाम तक 705 लोगों ने हस्ताक्षर कर अपना नैतिक समर्थन दिया। इस हस्ताक्षर अभियान के दौरान झरिया में व्याप्त वायु प्रदूषण के विषय मे आमलोगों से राय ली गई। लोगो ने कहा कि इसके खिलाफ व्यापक आंदोलन की जरूरत है। इस सत्याग्रह आंदोलन में पूरी झरिया के लोग आपके साथ है। बड़ी संख्या में दिव्यांगजनों ने भी हस्ताक्षर कर कहा कि प्रदूषण के कारण झरिया में दिव्यांग लोगों की संख्या बढ़ रही है। हम सब भी प्रदूषण के खिलाफ आंदोलन में साथ देंगें।


### जिला मत्स्य कार्यालय, खूँटी

**अति अल्पकालीन निविदा की सूचना 2024–25**

निदेशक मत्स्य झारखण्ड, राँची के पत्रांक 219 दिनांक 05/02/2024 के अलोकमेंमत्स्य स्पॉन उत्पादकों/हैचरी संचालकों को सूचित किया जाता है कि तालाब तथा जलाशय मत्स्य का विकास एवं जीर्णोद्धार योजना (प्रस्तावित) के अन्तर्गत पूर्व वर्षों की भांति जलाशय के छाड़न एवं निबंधित मत्स्य बीज उत्पादकों को भारतीय मेजर कार्प (रेहु, कतला, मृगल) का अण्ड बीज (स्पॉन) की आपूर्ति वित्तीय वर्ष 2024–25 के अन्तर्गत किया जाना है। खूँटी जिला में मत्स्य स्पॉन की आपूर्ति हेतु मत्स्य उत्पादक/हैचरी संचालक/स्थानीय हैचरी संचालकों से मुहर बंद निविदा आंमत्रित की जाती है।

1. विज्ञापनदाता का नामः–जिला मत्स्य पदाधिकारी, खूँटी।
2. अग्रधन राशि– 50000/–जिला मत्स्य पदाधिकारी, खूँटी के पदनाम से खूँटी में भुगतेय ड्राफ्ट।
3. निविदा जमा करने की तिथि एवं समय –दिनांक 01/03/2024 पूर्वाह्न 11.15 बजे तक।
4. निविदा जमा करने का स्थान– जिला मत्स्य कार्यालय, खूँटी।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय –दिनांक 01/03/2024 अपराह्न 1.00बजे।
6. निविदा खोलने का स्थान– उप विकास आयुक्त, कार्यालय, खूँटी।
7. निविदा खोलने की विस्तृत शर्तें कार्यालय के सूचना पटट् पर एवं खूँटी के NIC बेवसाईट www.khunti.nic.in पर देखा जा सकता है।

जिला मत्स्य पदाधिकारी,
खूँटी।

PR.NO.319060 Fish(23-24):D



### कार्यालय,
विद्युत कार्यपालक अभियंता
विद्युत कार्यप्रमंडल, इन्जीनिर्यस हॉस्टल, धुर्वा, रॉची।

**अति अल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 92/23–24.**

1. विभाग का नाम :– उर्जा विभाग।
2. विज्ञापन दाता का पदनाम :– विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत कार्य प्रमंडल, राँची।
3. परिमाण विपत्र बिकी की अंतिम तिथि :– दिनांक 26/02/2024 तक (2.00 बजे अपराह्न तक)
4. निविदा प्राप्ति की तिथि :– दिनांक 27/02/2024 को 2.00 बजे अपराह्न तक।
5. निविदा खोलने की तिथि :– दिनांक 27/02/2024 को 3.00 बजे अपराह्न में।
6. परिमाण विपत्र बिकी का स्थान :– नगर नियंत्रण कक्ष, राँची,/विद्युत अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत कार्य अंचल रॉची, एवं विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत कार्य प्रमण्डल, राँची।
7. निविदा प्राप्ति का स्थान :– नगर नियंत्रण कक्ष, राँची।
8. निविदा खोलने का स्थान :– विद्युत कार्य प्रमण्डल, राँची।

| क्रम सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | धुर्वा, रॉंची स्थित विधाय आवास, गेस्ट हाउस एवं विभिन्न एम0 एल0 ए0, मंत्री आवास में अधिष्ठापित वातानुकूलित संयंत्र के वार्षिक सम्पोषण का कार्य। | 9,70,193=00 | 1250=00 | 20,000=00 | एक वर्ष |
| 2. | नामकुम, रॉंची स्थित राज्य औषधि जॉच प्रयोगशाला, में वायरिंग, यू0पी0एस0 वायरिंग एवं कम्प्युटर बोर्ड वायरिंग का कार्य। | 8,32,664=00 | 1250=00 | 17,000=00 | 14 दिन |

विद्युत कार्यपालक अभियंता,
विद्युत कार्य प्रमंडल, राँची।

PR 319091 (Energy) 23-24 (D)

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिचौलियों को खत्म कर सीधा लाभुक के अकाउंट में दिया पैसा : सुदर्शन भगत

## झारखंड में भ्रष्टाचार के कारण बड़ी संख्या में लोग योजनाओं का लाभ से वंचित : मनीर उरांव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** भारतीय जनता पार्टी गांव चले अभियान के तहत लोहरदगा लोकसभा सांसद सुदर्शन भगत और जिला अध्यक्ष मनीर उरांव ने पेसरार प्रखंड अंतर्गत मुर्मू गांव का किया दौरा ग्रामीणों से की मुलाकात एवं विकास से कार्य सहित जनकल्याणकारी केंद्र सरकार की योजनाओं का किया चर्चा। कार्यक्रम के दौरान मुर्मू गांव के लोगों के साथ लोकसभा सांसद ने योजनाओं की चर्चा की और कहा कि भारतीय जनता पार्टी नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में ऐसी योजनाओं की शुरुआत की जो सीधे लाभुकों को लाभान्वित करती है और योजनाओं को समरसता से लागू की केवल एक विशेष वर्ग के लोगों को लाभान्वित नहीं किया गया है। पेसरार का कायाकल्प भी भारतीय जनता पार्टी की सरकार में हुआ है। यहां आवास, बिजली, शौचालय, उज्जवला योजना, किसान समृद्धि योजना, किसान सम्मान निधि का लाभ सीधे बिना बिचौलियों के प्राप्त हो रहे हैं इसका एक ही मूल कारण है कि मोदी जी के द्वारा अंतिम व्यक्ति तक पारदर्शिता के साथ उनके अंश का भुगतान जन धन खाते के माध्यम से उनके बैंक अकाउंट में किया। भारतीय जनता पार्टी का एकमात्र लक्ष्य है सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास सबका प्रयास शहर हो या गांव सभी को मौलिक अधिकार प्राप्त हो रहे हैं जो विगत नौ वर्ष पहले में नहीं हो रहे थे। और अब जनता भी जाग चुकी है जनता विकास को चूमती है गुमराह की नीतियों को नहीं भाजपा घोषणाओं को पूरा करती है। जिला मनीर उराँव ने कहा कि भाजपा की सरकार में पेसरार का उत्थान हुआ यह जन-जन जानती है आज पेसरार पुनः कई कमियों और भ्रष्टाचार के कारण बड़ी संख्या में लोग योजनाओं का लाभ से वंचित हो रहे हैं। आए दिन गरीब पहाड़ी क्षेत्र के लोग दफ्तर के चक्कर काटते नजर आते हैं बिचौलिया हावी इतना है की योजनाओं का पैसा लाभूक से निकलवा कर स्वयं अधिकारी के नाम पर खाए जा रहे हैं परंतु उन पर कार्रवाई नहीं हो रही है। कार्यक्रम के दौरान कार्यक्रम स्थल पर ग्रामीण के अलावे अनिल उराँव, सजल कुमार उपस्थित रहे।

# सलगी गांव में ट्रैक्टर पलटा एक की मौत, तीन घायल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कूडू-लोहरदगा :** कूडू थाना क्षेत्र के सलगी पंचायत में बुधवार की देर शाम एक दर्दनाक हादसा सामने आया है। सलगी आनन्दपुर में जलमीनार के कार्य मे लगी एक ट्रैक्टर पलट गई। इस हादसे में एक कि मौत और जबकि तीन लोग घायल हो गए। हादसे की जानकारी लगने पर स्थानीय लोग घटनास्थल पर पहुंचे और घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा। मिली जानकारी के अनुसार देर शाम हो रही तेज़ बारिश और ओलवरिष्टि के दौरान धुंध के कारण चालक को सामने दिखाई नही देने के कारण ट्रेक्टर अनियंत्रित होकर 10 फिट नीचे गड्ढे में जा गिरा जिससे ये हादसा हुआ। मृतक की पहचान बंटी कुमार सिंह के रूप में जबकि घायलों में रमण कुमार 34 वर्ष एवं सोहन कुमार 24 वर्ष में रूप में हुई है। सभी बिहार के खगड़िया जिले का रहने वाले बताए जा रहे है। और हर घर नल योजना के तहत सलगी- मसियातु रोड पर स्थित सलगी के आनंदपुर टोला में बन रहे जलमीनार के कार्य मे लगे हुए थे। फिलहाल घायलों का इलाज लोहरदग़ा सदर अस्पताल में चल रहा है।

# आजसू पार्टी ने अंजुमन इस्लामिया के नवनिर्वाचित सदर और सेक्रेटरी को किया सम्मानित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिला आजसू पार्टी के अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष शाहिद अंसारी के नेतृत्व में अंजुमन इस्लामिया लोहरदगा के नवनिर्वाचित सदर जनाब रउफ अंसारी और सेक्रेटरी शाहिद अहमद (बेलू) से मिलकर उन्हें बधाई दी गई और यह उम्मीद जताया गया कि इन दोनों निर्वाचित सदर और सेक्रेटरी निश्चित रूप से लोहरदगा की कौमी एकता बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेंगे। इस अवसर पर मुख्य रूप से झारखंड आंदोलनकारी और पूर्व लोकप्रिय विधायक स्वर्गीय कमल किशोर भगत की धर्मपत्नी और आजसू पार्टी की केंद्रीय महासचिव नीरू शांति भगत, केंद्रीय सदस्य राजू गुप्ता, जहांगीर आलम, आसिफ इकबाल (बबली), मीर आरिफ (छोटु), शमीम अंसारी, फिरोज खान, रहमान अंसारी, रिंकू खान सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# जेएमएम नेत्री सह जिला परिषद सदस्य राधा तिर्की के नेतृत्व में निकाला गया न्याय मार्च



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहारदगा :** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत अरु पंचायत के कल्हेपाट गांव से जेएमएम नेत्री सह जिला परिषद सदस्य राधा तिर्की के अगुवाई में जेएमएम के कार्यकर्ता व पदाधिकारियों द्वारा न्याय मार्च निकाला गया?। न्याय मार्च की शुरुवात देवी मंडप और सरना स्थल पर प्रार्थना कर शुभारंभ किया गया। मौके पर जेएमएम जिलाध्यक्ष मोज्जमिल अहमद ने कहा की पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जनता के लोकप्रिय नेता थे। जिन्हें केंद्र सरकार के एजेंसि के इशारे पर ईडी द्वारा परेशान कर जेल में डाला गया है। हमारे नेता शीघ्र ही जेल से रिहा होंगे। आज हमलोग न्याय मार्च का शुरुवात लोहरदगा जिला के अरु पंचायत अन्तर्गत कल्हेपाट ग्राम से किए है। जिसमे जनता का समर्थन मिल रहा है। और हमलोग सभी धार्मिक स्थलों में भी प्रार्थना कर पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत की रिहाई की कामना करेंगे। वही जिला परिषद सदस्य राधा तिर्की ने कहा झारखंड के मूलवासी और आदिवासी को बीजेपी की सरकार परेशान कर रही है। इसी को लेकर एक आदिवासी सरकार को 5 साल से पहले गिराई गई है ताकि इतिहास न बन पाए आने वाला समय में झारखंड की साढ़े तीन करोड़ जनता भाजपा के नेताओं को जवाब देगी और 2024 में फिर से हेमंत सोरेन के नेतृत्व में जेएमएम की सरकार बनेगी। मौके पर जिला सचिव अनिल उरांव ने कहा हमारे लोकप्रिय नेता पूर्व मुख्यमंत्री को ईडी के माध्यम से साजिश के तहत फंसाया गया है। इसी को लेकर हम सभी जेएमएम के नेता कार्यकर्ता लोग पूरे जिला क्षेत्र में गाँव गाँव भ्रमण कर धार्मिक स्थलों में पूर्व मुख्यमंत्री के रिहाई के लिए प्रार्थना कर रहे हैं। और न्याय मार्च के माध्यम से जनता के बिच जा रहे हैं। मौके पर महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष सरिता भगत, अफरोज आलम, राजकिशोर राम, अशोक उरांव, नईम अंसारी, पूनम उराँव, कृष्णा भगत सहित सैकड़ों जेएमएम कार्यकर्ता महिला पुरुष शामिल थे।

# नगर परिषद प्रशासक जयपाल सिंह ने कार्यालय का किया उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** पुरे नगर परिषद क्षेत्र के ठोस अपशिष्ट का प्रबंधन करेगी एजेंसी,वर्तमान समय से श्री श्याम, एस.डब्ल्यू.एम लोहरदगा प्रा.लि. के द्वारा निकाय क्षेत्र में गीला-सुखा कचरा का उठाव एवं अपशिष्ट का प्रबंधन करेगी। आज दिनांक 15-02-2024 को जयपाल सिंह, प्रशासक, नगर परिषद लोहरदगा के द्वारा फीता काटकर कार्यालय का किया गया सुभारम्भ। नगर क्षेत्र में गन्दगी कचरा से संबंधित शिकायत हेतु टोल फ्री नंबर 18002031371 एवं 7433074530 पर संपर्क स्थापित कर अथवा कार्यालय में उपस्थित होकर शिकायत दर्ज करा सकते है, शिकायतों का निवारण ससमय करा दिया जायेगा।

# देवदरिया पंचायत के अबुआ आवास योजना में हुई गड़बड़ी की जांच निष्पक्षता हो : सुनील मुंडा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिला अंतर्गत किस्को प्रखंड के सुदुरवर्ती पहाड़ी क्षेत्र के देवदरिया पंचायत में अबुआ आवास योजना की सूची में भारी गड़बड़ी की गई है। इस संबंध में आजसू पार्टी किस्को प्रखंड के उपाध्यक्ष सुनील मुंडा ने स्थानीय लोगों के साथ उपायुक्त कार्यालय में ज्ञापन सौंप कर अविलंब इसकी उच्च स्तरीय जांच टीम बनाकर जांच करने की मांग की और उन लोगों का नाम अबुआ आवास निर्माण सूची से हटाने की अपील की जिनका पक्का मकान, चार पहिया और छ पहिया वाहन चलते हैं। उन्होंने कहा कि ग्राम सभा में जिला एवं प्रखण्ड के पदाधिकारियों के द्वारा बताया गया था कि अबुआ आवास योजना उन लोगों को दिया जाना है जो विकलांग या आर्थिक रूप से बहुत कमजोर हैं, किंतु ठीक इसके विपरीत वैसे लोगों की सूची अबुआ आवास निर्माण योजना के लिए बनाई गई है जो हर दृष्टि से संपन्न हैं। सुनील मुंडा ने कहा कि अगर इस पर अविलंब उचित कार्रवाई नहीं हुई तो हम देवरिया पंचायत के ग्रामीण प्रखंड एवं जिला कार्यालय में धरना प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होंगे और इसकी सारी जवाबदेही प्रखंड एवं जिला प्रशासन की होगी। ज्ञापन सौंपने वालों में आजसू पार्टी के केंद्रीय सदस्य राजू गुप्ता, जिला कोषाध्यक्ष संजू सिंह, अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष शाहिद अंसारी, संतोष ठाकुर, रविंद्र सिंह, विकी सिंह, बुधन गंझू, धर्मेंद्र सिंह, अनिल उरांव, अंगनू, एंथोनी, रोबोट, गुलशन नायक आदि प्रमुख थे।

# उच्च व मध्य विद्यालयों से मां शारदे की प्रतिमा खुट्टा तालाब में विसर्जित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 15 फरवरी गुरुवार को डा0 अनुग्रह नारायण + 2 उच्च विद्यालय कैरो एवं राजकीय मध्य विद्यालय कैरो समेत प्रखंड के अन्य स्थानो पर माँ शारदे की प्रतिमा शांति पूर्वक जलाशयों मे विसर्जित कर दी गयी, वही कुछ पंडालो के मा की प्रतिमा गुरुवार होने के कारण विसर्जित नहीं हो पाया वे सभी पंडालो की माँ शारदे की प्रतिमा आज शुक्रवार को प्रमुख जलाशयों मे विसर्जित की जायेगी। इस अवसर पर +2 उच्च विद्यालय एवं मध्य विद्यालय के छात्र एवं छात्रा हर्शोल्लाष के साथ विद्यालय से खुट्टा तालाब नाचते गाते मुख्य सड़क होते माता रानी की जयकारा लगाते खुट्टा तालाब पहूँचे, तत्पश्चात माता रानी की तालाब मे अन्तिम आरती सामुहिक रूप से गायी गई, इसके बाद विद्यालय छात्रों के द्वारा खुट्टा तालाब मे माता की प्रतिमा विसर्जित कर दी गई। इस अवसर पर सुरक्षा के निमित कैरो थाना के एएसआई संजय कुमार राय,एस आई नीलिमा तिर्की कैरो थाना के शशस्त्र बल,+2 उच्च विद्यालय के प्रधानाचार्य गणेश शास्त्री शिक्षक शैलेन्द्र प्रियदर्शी, आनंद कुमार दुबे, राजेश साहू, राजीव पांडे, विनीत कुमार, आलोक पाठक, पवन भगत, संध्या केरकेट्टा, मध्य विद्यालय के प्रधानाचार्य अम्रेण्द्र कुमार, शिक्षक मनीष बखला, गोबर्धन उराँव, विनोद कुमार सिंह, इत्यादि विद्यालय के छात्र-छात्रा माँ के प्रतिमा विसर्जन मे उपस्थित थे।

## प्रोजेक्ट उच्च विद्यालय हनहट प्रधानाचार्य के शिकायत आवेदन पर कैरो थाना में मामला दर्ज

# सरस्वती पुजा में मां की प्रतिमा दर्शन पर स्कूल के छात्रो के बीच हूआ था झगड़ा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** थाना क्षेत्र कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 14 फरवरी बुधवार को प्रखंड के प्रोजेक्ट उच्च विद्यालय के प्रभारी प्रधानाचार्य कृष्णा उराँव के द्वारा कैरो थाना मे सरस्वती पुजा मे दर्शन को लेकर हुये झगड़े झंझट को लेकर अपने ही विद्यालय के छात्रों पर शिकायत आवेदन दी है। प्रधानाचार्य के शिकायत आवेदन पर कैरो थाना मे मामला दर्ज कर लिया गया है। प्रधानाचार्य कृष्णा उराँव ने थाना मे लिखित आवेदन के माध्यम से कहा है कि दिनांक 14 फरवरी बुधवार को अपराह्न करीब 2ः00 बजे सरस्वती पुजा के उपलक्ष्य मे विद्यालय मे माँ सरस्वती की पुजा अर्चना हो रही थी,इसी बीच विद्यालय के ही 09 वीं के छात्र आशिक अंसारी उम्र 15 वर्ष पिता मोजिबुल अंसारी,एवं 10 वीं कक्षा के छात्र सरताज अंसारी उम्र 15 वर्ष पिता इस्लाम अंसारी दोनो ग्राम गितिलगढ़ ग्राम निवासी एवं 03-04 अन्य लोग स्कूल कक्षा मे रखे प्रतिमा के समीप देर समय तक खड़े थे,जिससे लोगों को पुजा-पाठ व दर्शन करने मे व्यवधान हो रही थी, इतने मे ही विद्यालय के ही 02 छात्र आयूष भगत उम्र 18 वर्ष पिता विजय भगत तथा लोकेश साहू उम्र 17 वर्ष पिता रामेश्वर साहू दोनो हनहट ग्राम निवासी ने आशिक अंसारी एवं सरताज अंसारी एवं 03-04 अन्य लोग जो काफी देर से प्रतिमा कक्ष मे खड़े थे, प्रतिमा कक्ष का स्थान संकीर्ण होने के कारण दर्शनार्थी को दर्शन व पुजा पाठ मे परेशानी न हो इसके लिये कक्षा के बाहर खड़े रहने को कहा, इसी बात मे छात्रों मे झगड़ा झंझट बढ़ गया, आशिक अंसारी व सरताज अंसारी कहने लगे स्कूल तुम्हारा बाप का है क्या, इसी मे झगड़ा और बढ़ गई, स्कूल के शिक्षक कुलदीप कुमार मिश्रा ने झगड़ा को शाँत कराने का प्रयास किया फिर भी मामला शांत न होता देख शिक्षक ने प्रशासन को दिया। मामले पर विद्यालय के प्रभारी प्रधानाचार्य कृष्णा उराँव के द्वारा कैरो थाना को दिये गये लिखित शिकायत आवेदन पर कैरो थाना काण्ड संख्या 10/2024 भा0द0वि0 147,148,149, 341, 323, 504,506 के तहत मामला दर्ज कर कैरो थाना पुलिस आगे की कारवाई में जुट गई है।

# लोगों का सेवा करना मेरा पहला कर्तव्य : आनंद यादव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** गुरुवार को कुडू प्रखंड अंतर्गत कुंदो में समाज सेवी आनंद यादव, जगदीश महतो, राजकुमार यादव और संतोष यादव के स्वजन्य से सरस्वती पूजा के शुभ अवसर पर लगभग 500 लोगों के लिय भंडारा का व्यवस्था किया गया। वहीं आनंद यादव का कहना है की मां सरस्वती ज्ञान की देवी हैं,आज पूरे देश में उनका पूजा पाठ किया जा रहा है। ऐसे धार्मिक अनुष्ठान में लोगों को बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेना चाहिए ऐसे दिनों में लोगों का सेवा करना मेरे लिए काफी ही स्वभाग्य की बात है। इस दौरान महेश यादव, मदन यादव, भोला यादव, मनोज यादव, जगदीश यादव, संतोष यादव, विपिन यादव, बोनी यादव, अरबिंद यादव, दीपक यादव, (उर्फ करू महतो) संदीप यादव, अनिल लोहरा, बरतु यादव, कार्तिक यादव, सोनू यादव, विवेक यादव, पूची यादव, मैना यादव आदि लोग मौजूद रहे।

## संकल्प और नियम से होगा अबुआ आवास : बीडीओ

# ग्रामीणों ने की शिकायत, प्रथम सूचि में योग्य लाभुकों का नाम नहीं होने पर आपत्ति जताया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड ज़हेतर के झलजमीरा व सेरेंगहातु पंचायत के ग्रामीणों ने योग्य लाभुकों को अबुवा आवास नही मिलने और वरीयता सूची में नाम नही रहने की बात बोलकर आपत्ति जताते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा से शिकायत किया। साथ ही कहा कि झालजमीरा और सेरेंगहातु तोड़ार पंचायत में जनसेवक आबूआ आवास का जियो टेग कर सत्यापन करने किस आधार से किया जा रहें हैं। जिसे गाँव के ग्रमीण अबुवा आवास सूची में नाम नही मिलने के कारण गॉव में हल्ला मचा रहें हैं। जिसे जनसेवक द्वारा अबुवा आवास की सूची नही दिखाने पर ग्रामीणो ने सूची में नाम नही मिलने पर प्रखंड कार्यालय पँहुच कर बीडीओ अशोक कुमार चोपड़ा से मिलकर शिकायत किया गया। बीडीओ श्री चोपड़ा ने कहा की सरकार के निर्देशानुसार जिन व्यक्तियों का पक्का मकान, चार पहिया वाहन, सरकारी नौकरी करने वाले, तथा जनप्रतिनिधियों को अबुआ आवास नही मिलेगा। साथ ही बताया कि पूरे प्रखंड क्षेत्र में 7500 अबुआ आवास का पंजीयन हुआ है। जिसे सभी का जियो टेग करना है जो कि प्रथम चरण में 557 आवास मिला है जो नियम अनुसार ही योग्य लाभुकों को मिलेगा। संकल्प पत्र अनुसार ग्राम सभा में ही अयोग्य लाभुकों का नाम को हटाना चाहिए था परन्तु फिर से एक बार लाभुकों का सत्यापन किया जायेगा। बीडीओ से मिलने वालों में सुदेश्वर साहु, माना उरांव, बरतु महतो, सुरेंद्र उराँव, नवलकिशोर। सिंह, राजेन्द्र उरांव, मुस्ताक अंसारी, मोतीलाल उरांव, कौशल उरांव, दीपक महली, तेतरी देवी, बानो देवी, देवन्ती उराँव, अमृत टोप्पो, विष्णु उरांव, सतन उराँव, बिहारी भगत, मुरतुजा अंसारी, संजय उराँव सहित सैकड़ों महिला पुरुष मौजूद थे।

# उपायुक्त सिमडेगा ने जनता दरबार में सुनीं लोगों की समस्याएं



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** आम जनमानस के समस्याओं के समाधान और त्वरित निष्पादन को लेकर उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह के द्वारा जनता दरबार का आयोजन किया गया।इस दौरान जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों ने जनता दरबार में आकर अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। इस दौरान उपायुक्त महोदय ने वहां उपस्थित सभी लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याएं सुनी एवं आश्वस्त किया कि संज्ञान में आए हुए सभी शिकायतों की जांच कराते हुए जल्द से जल्द समाधान किया जाएगा।उपायुक्त के जनता दरबार में जमीन बटवारा एवं अन्य विषयों से संबंधित मामले आये। उपायुक्त द्वारा जनता दरबार में शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को सुनने के पश्चात सभी संबंधित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करने हेतु अग्रसारित किया गया।

# हर्षोल्लास के साथ हुई विद्या की देवी मां सरस्वती की पूजा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** ठेठइटांगर प्रखंड मुख्यालय में सरस्वती पूजा बड़े हर्षोउल्लाश के साथ मनाया गया। जिसमें ठेठईटांगर शिव मंदिर के प्रांगण में, बाजार टोली में, जोराम बरटोली में एवं भिन्न भिन्न स्कूल में मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना कर सरस्वती मां से आशीर्वाद लिया गया साथ ही साथ ठेठईटांगर बाजार टोली में संध्या 8:00 बजे से डांस कंपटीशन का आयोजन किया गया जिसमें बतौर मुख्य अतिथि प्रखंड प्रमुख विपिन पंकज मिंज उपस्थित हुए एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया जिसमें प्रथम ऋतिका कुमारी, द्वितीय प्रिया कुमारी, एवं तृतीय संतोषी कुमारी को पुरस्कार दिया गया साथ ही सभी प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया मौके पर प्रतिभागियों का हौसला अफजाई करते हुए प्रखंड प्रमुख बिपिन पंकज मिंज ने कहा कि इस तरह का कार्यक्रम आपसी एकता सद्भावना प्रेम को दर्शाता है मां सरस्वती आप सभी को बुद्धि ज्ञान शक्ति दे पढ़ाई लिखाई के साथ-साथ खेल कूद नाच गान आदि में भी सरस्वती मां आप सबों को आशीर्वाद दे, आप सभी को आगे बढ़ाएं और शक्ति दे नृत्य प्रतियोगिता को सफल बनाने में परमानंद नून, अविनाश बड़इक, विक्की सिंह, दिलीप दास, रोहित कुमार, बिनित मिंज, आकाश कुमार, कृष कुमार, गौतम कुमार, अरमान बड़ाइक, सुभम बड़ाइक, साहुल कुमार, विशाल सिंह, नमन श्रीवास्तव, सुभाष कुमार, अंकेश कुमार, सुरज कुमार बड़ाइक, लाल बाबू एवं कमेटी के सभी सदस्यों का भरपूर सहयोग रहा।

# मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत बकरी वितरण किया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड क्षेत्र के अलग अलग पंचायत के विभिन्न ग्रामों में मुख्यमंत्री पशुधन योजना के अन्तर्गत पशुपालन विभाग की ओर बकरा विकास योजना के तहत प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी डॉ. मनोज कुमार सिंह व डॉ.रोहित कुमार की उपस्थित में चौकनी, पारही, गढ़गांव, निमटोली, मुर्की के तारा उरांव, सुमित्रा उरांव, चंद्रदेव भगत, महेंद्र टाना भगत, बिरसी उरांव, जिता भगत,दीपेश टाना भगत सहित लगभग बिस लाभुकों के बीच बकरी वितरण किया गया। वही जानकारी देते हुए पशु चिकित्सक डॉ. रोहित कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री पशुधन योजना के अन्तर्गत 2023-2024 के चयन्तित लाभुकों को बकरा विकास योजना द्वारा 4-4 बकरी व एक एक बकरा दिया जा रहा है। साथ ही कहा कि किसानों का आय वृद्धि कर आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से निःशुल्क बकरी व बकरा दिया जा रहा है। मौके पर माना देवी, असरिता देवी, गुंदरी देवी, शीलवंती देवी सहित अन्य लाभुक उपस्थित थे।


## नाम परिवर्तन

मैं सुनीता मिंज पति अनिल भगत रैंक EX. SEP आर्मी नम्बर 14665308 P ग्राम चौकनी, पोस्ट हेसवे, थाना सेन्हा, जिला लोहरदगा, झारखण्ड का निवासी हूँ, मेरा शपथ पत्र संख्या 6390 दिनांक 25.01.2024 के द्वारा मैं घोषणा करती हूं, की मेरे पति का सर्विस बुक में मेरा नाम SUNITA MINGE अंकित हो गया है, जो गलत है मेरा सही एवं वास्तविक नाम SUNITA MINZ है, जो मेरा आधार कार्ड, वोटर आईडी सहित सभी कागजात में SUNITA MINZ अंकित है, ये दोनों नाम एक ही महिला का है, जो मैं स्वयं हूँ।

## चलते चलते एक नजर

### जिले से ही मिलेगा पुलिस कर्मियों को उनका वेतन



रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता): लोकसभा 2024 चुनाव को देखते हुए 3 साल से एक ही जिला पर जमे परिचारी/पुनि, पुअनि का स्थानांतरण कर दिया गया है। लेकिन अब इसमें जो परिचारी/पुनि, पुअनि का स्थानांतरण किया गया है ,उसे वेतन उसी जिला से ही मिलेगा, इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी गई है। पत्रांक में है झारखंड पुलिस एसोसिएशन केंद्रीय कार्यालय झारखंड रांची का पंत्राक/37/ का महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक झारखंड राँची का कार्यालय ज्ञापांक - 122/पी,दिश- 15/02/24 के उक्त पत्र के आलोक में परिचारी/पुनि पुअनि का स्थानांतरण जिले के उपरांत पूर्व जिले से वेतन निकासी करने का आदेश प्राप्त हुआ । महासंघ की पूरी प्रांतीय टीम डीजीपी एवं आईजी मुख्यालय एवं डीआईजी कार्मिक का आभार प्रकट करता है। उक्त जानकारी मो महताब आलम महामंत्री झारखंड पुलिस एसोसिएशन केंद्रीय कार्यालय राँची ने दी।

### रास के उपसभापति हरिवंश ने सिविलाइज़ेशन-स्टेट्स ऑफ़ चाइना एंड इंडिया पुस्तक का किया लोकार्पण

रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता) भारत चीन के सभ्यतागत विकास से संबंधित रवि दत्त बाजपेयी की बहु प्रतीक्षित और महत्वपूर्ण पुस्तक ॐसिविलाइज़ेशन-स्टेट्स ऑफ़ चाइना एंड इंडिया- रीशेपिंग द वर्ल्ड ऑर्डरॐ का लोकार्पण 15 फरवरी 2024 को सम्पन्न हुआ। पुस्तक लोकार्पण के अवसर पर सेंट जेवियर्स कॉलेज, रांची के इतिहास विभाग द्वारा सम्मेलन का आयोजन किया गया है। लोकार्पण सम्मेलन में मुख्य अतिथि राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश ने चीन- भारत के सभ्यता गत संबंधों पा प्रकाश डाला। हरिवंश ने कहा कि अफीम युद्ध के चलते चीन में भारत के प्रति बेहद नारा?गी थी। इस समारोह में प्रमोद कुमार झा ने इस पुस्तक को समकालीन संदर्भ का एक महत्वपूर्ण दस्तावेज बताया। झा ने इस एक पुस्तक को 8 से 10 पुस्तकों के बराबर सूचनाप्रद बताया। केंद्रीय दक्षिण बिहार विश्वविद्यालय की डा अंजू बारा ने इस पुस्तक को साहसिक लेखन का अनुपम उदाहरण कहा।




# सड़क किनारे मिली नवजात बच्ची, निःसंतान दंपति ने रखा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** जिले के सतबरवा प्रखंड क्षेत्र के सेहरा और बोहिता गांव के बीच सड़क किनारे महुआ पेड़ के नीचे लावारिस अवस्था में एक नवजात बच्ची पड़ी मिली। आसपास के लोगों ने बच्ची को देखकर अन्य लोगों को सूचना दी। मौके पर पहुंचा सेहरा गांव का निःसंतान दंपति कृष्णा साव और उनकी पत्नी चिंता देवी ने बच्ची को अपना लिया। इससे पहले बच्ची का प्रारंभिक चेकअप सेहरा प्राथमिक चिकित्सा केंद्र में किया गया। ग्रामीणों को जानकारी मिली कि एनएच 75 ट्रेनिंग कॉलेज के पास से लोहड़ी, सेहरा-बोहिता होते हुए लेस्लीगंज तक जाने वाली सड़क किनारे सेहरा गांव के सुनसान जगह पर महुआ पेड़ के नीचे एक नवजात शिशु जिंदा हालत में झोले में रखा हुआ है। शिशु को सहेजकर एक कंबल में इस तरीके से रखा गया था कि उसे किसी तरह की खरोंच नहीं आ सके। खबर जंगल में आग की तरह फैल गई और देखते ही देखते लोगों का हुजूम बच्ची को देखने उमड़ पड़ा।कृष्णा साव ने कहा कि बच्ची देवी का रूप लेकर उसके पास आई है। इसे सरस्वती का रूप समझकर अपने पास रख लिया है। चिंता देवी ने कहा कि उसे बड़ी खुशी हुई कि यह बच्ची हमें सारा सुख देगी। संतानहीन दंपति के चेहरे पर खुशी साफ झलक रही थी। बोहिता की मुखिया कलावती देवी ने कहा कि नवजात शिशु का हेल्थ चेकअप सेहरा प्राथमिक चिकित्सा केंद्र से कराया गया। बच्ची की स्थिति अभी ठीक-ठाक है। गांव में लोग इस बच्ची को विद्या की देवी सरस्वती का रूप मान रहे हैं। सामाजिक कार्यकर्ता लाल बिहारी प्रसाद ने कहा कि मामले की जानकारी पुलिस को दी गई है। बच्ची को देवी का रूप मानकर हम गांववासी इसका लालन-पालन करेंगे।

## मुख्यमंत्री से मिले बीएयू के वीसी और एनसीसी के एडीजी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन से गुरुवार को झारखंड मंत्रालय में बिरसा कृषि विश्वविद्यालय (बीएयू), रांची के कुलपति डॉ. सुनील चंद्र दुबे ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री से यह उनकी शिष्टाचार भेंट थी।

इनके अलावा मुख्यमंत्री से एनसीसी बिहार-झारखंड के एडीजी मेजर जनरल एएस बजाज ने शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर एनसीसी ग्रुप कमांडर रांची, ब्रिगेडियर वीएस यादव एवं ग्रुप कमांडर हजारीबाग, ब्रिगेडियर राजेश कारेल उपस्थित रहे।

## इलेक्टोरल बांड पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला ऐतिहासिक और स्वागत योग्य : झामुमो

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के महासचिव और प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को इलेक्टोरल बॉन्ड पर बड़ा फैसला सुनाया है। इस फैसले के दायरे में सभी राजनीतिक दल आ रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने राजनैतिक पार्टियों को चुनावी बॉन्ड के जरिए मिलने वाले चंदे पर रोक लगा दी है। उन्होंने कहा कि चुनावी बॉन्ड के जरिए चंदा देने वालों के नाम, एसबीआई को चुनाव आयोग को देने होंगे और चुनाव आयोग उन नामों की लिस्ट को अपनी वेबसाइट पर साझा करेगा।

सुप्रीम कोर्ट का फैसला स्वागत योग्य है। चुनावी बॉन्ड के माध्यम से शुरू हुआ काले से सफेद के कारनामे पर लगाम लग गयी है। भट्टाचार्य गुरुवार को हर भूमि स्थित पार्टी कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि 2014 के बाद पूंजीपति लोगों की कैसे रक्षा की जाए इसके लिए चुनावी बॉन्ड की शुरुआत भाजपा की ओर से की गई। भट्टाचार्य ने कहा कि 2014 से पहले नरेन्द्र मोदी एक विशेष विमान पूरे देश का भ्रमण कर रहे थे। वह विमान एक विशेष समूह ने दिया था। उस समूह का नाम अदानी था। पूर्व वित्त मंत्री ने 2017 में एक कानून बनाया। चुनावी बॉन्ड को इस तरीके से पेश किया गया जैसे कोई क्रांतिकारी कदम है। एसबीआई को यह चुनावी बॉन्ड जारी करने का काम दिया गया था। बॉन्ड को कोई भी व्यक्ति खरीद सकता है और किसी भी पार्टी को दे सकता है। इस बॉन्ड पर सभी ने आपत्ति जताई थी।

# अकेले लड़ेंगे चुनाव : फारुक अब्दुल्ला



एजेंसी

**नई दिल्ली :** लोकसभा चुनाव 2024 से पहले इंडी गठबंधन को एक के बाद एक लगातार झटके लग रहे हैं। इस बीच अब नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष फारुक अब्दुल्ला ने इंडी गठबंधन को तगड़ा झटका दिया है। दरअसल फारूक अब्दुल्ला ने गुरुवार को घोषणा की कि उनकी पार्टी आगामी लोकसभा चुनाव में अकेले लड़ेगी। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि दोनों राज्यों में संसदीय चुनावों के साथ चुनाव शुरू होंगे। रही बात सीट बंटवारे की तो नेशनल कॉन्फ्रेंस अकेले चुनाव लड़ेगी, इसमें कोई संदेह नहीं है। कांग्रेस पर हमला बोलते हुए डीपीएपी के अध्यक्ष गुलाम नबी आजाद ने कहा कि अगर भाजपा आगामी लोकसभा चुनाव में 400 से अधिक सीटों पर जीत दर्ज कर लेती है, तो जो पार्टी विपक्षी इंडी गठबंधन का नेतृत्व करने में विफल रही। वह इसके लिए जिम्मेदार होगी। बता दें कि इससे पहले आम आदमी पार्टी ने घोषणा की थी कि वह पंजाब में अकेले ही चुनाव लड़ेगी। गौरतलब है कि बीते दिनों जनता दल यूनाइटेड भी इंडी गठबंधन से अलग हो गया था। इसके बाद बिहार में सरकार गिर गई। नीतीश कुमार और उनकी पार्टी एक बार फिर एनडीए के साथ गठबंधन में आ चुके हैं। वहीं आरएलडी प्रमुख जयंत चौधरी भी इंडी गठबंधन को छोड़कर भाजपा के साथ मिल गए हैं। ऐसे में चुनाव से ठीक पहले नेशनल कॉन्फ्रेंस का इंडी गठबंधन से निकलना विपक्ष के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है। इस बाबत जयराम रमेश ने कहा कि बातचीत जारी है। हर पार्टी की अपनी सीमाएं होती हैं। नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीडीपी इंडी ब्लॉक का हिस्सा रहे हैं और आगे भी बने रहेंगे। किसान आंदोलन को लेकर फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि हमने आवाज उठाई। लगभग 750 लोगों की जानें गईं, बिल वापस ले लिए गए। अब चुनाव आ रहे हैं, किसान फिर वापस आ गए हैं। हमें नहीं पता कि केंद्र क्या सोच रहा है। उम्मीद है कि वे इसके बारे में सोचेंगे। वहीं इलेक्टोरल बॉन्ड पर उन्होंने कहा कि हमें उम्मीद है कि पार्टियां इसपर सहमत होंगी और विवरण के साथ सामने आएंगी। लोगों को पता होना चाहिए कि धन की ताकत कहां से आ रही है। उम्मीद है कि यह सब चुनाव से पहले घोषित हो जाएगा। वहीं पाकिस्तान को लेकर उन्होंने कहा कि स्थिर पाकिस्तान पूरे भारत के लिए महत्वपूर्ण है।

# महिला सशक्तिकरण के प्रयासों को गति देने और मंथन करने को रांची में जुटे देशभर के एक्सपर्ट




प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** शहरी आजीविका पर दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला गुरुवार से रांची में होटल बीएनआर में शुरू हुआ। इस कार्यशाला में महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने और शहरों में रहने वाले गरीबों के जीवन स्तर में सुधार और गति लाने के तरीकों को गति देने की योजनाओं पर एक्सपर्ट सुझाव दे रहे हैं। कार्यशाला की शुरूआत में आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय की निदेशक शालिनी पांडेय ने शहरी आजीविका क्षेत्र में दीनदयाल शहरी आजीविका मिशन के योगदान के बारे में बताया। आने वाले समय में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका के संबंध में भी बताया। यूएनडीपी की प्रतिनिधि इसाबेले टिशान ने शहरी क्षेत्र में रहने वाली कमजोर तबके (आर्थिक तौर पर) की महिलाओं की स्थिति और उनके द्वारा किए जा रहे प्रयासों के अलावा उन्हें सशक्त किए जाने के प्रयासों और उन्हें समाज की मुख्य धारा में जोड़े जाने पर गहन चर्चा करने की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यशाला में रांची नगर निगम के स्तर से संचालित डे-एनयूएलएम से जुड़े तीन एसएचजी समूह की महिलाओं ने आर्थिक स्वावलंबन और सशक्तिकरण के लिए किए जा रहे प्रयासों से जुड़े अनुभव को साझा किया। जयपुर, राजस्थान में पिंक सिटी में महिलाओं के द्वारा संचालित ई-रिक्शा सेवा और इससे महिलाओं के सशक्तिकरण के अनुभव को भी बताया गया। चर्चा के दौरान गरीबी के बहुआयामी कारणों तथा निदान पर चर्चा की गयी। इस दौरान देशभर के अलग-अलग राज्यों से आए एक्सपर्ट्स ने शहरी गरीबी के कारणों को समझने और उसने निदान के लिए बेहतर योजना बनाए जाने पर विचार शेयर किए।कार्यशाला का आयोजन आवासन एवं शहरी विकास मंत्रालय (केंद्र सरकार) के दीनदयाल राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन पीएम स्वनिधि, यूएनडीपी तथा नगरीय प्रशासन निदेशालय, नगर विकास विभाग (झारखंड सरकार) के संयुक्त तत्वावधान में किया गया है।

## मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों में नामांकन के लिए 18 से लिए जाएंगे आवेदन फॉर्म

**रांची :** राज्य में संचालित सभी मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों में कक्षा एक, छह और नौ में नामांकन कराने के लिए 18 फरवरी से आवेदन फॉर्म जमा किए जाएंगे। आवेदन फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि तीन मार्च निर्धारित की गयी है। इन स्कूलों में विद्यार्थियों के प्रवेश के लिए जिलास्तरीय चयन समिति द्वारा परीक्षा ली जायेगी। परीक्षा के उपरांत मेधा क्रम के आधार पर नामांकन के लिए बच्चों का चयन होगा। जिलास्तरीय चयन समिति द्वारा लिए जाने वाली परीक्षा के लिए झारखंड शैक्षणिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद द्वारा प्रश्न पत्र तैयार किये जाएंगे। कक्षा छह से 12 तक के 48 मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों में कक्षा छह, कक्षा नौ से 12 तक के 27 मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों में कक्षा नौ में या कक्षा एक से संचालित होने वाले पांच मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों में कक्षा एक में वर्तमान शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए नामांकन लिया जाएगा।

## गठबंधन की सरकार के भ्रष्टाचार को शिष्टाचार बनाने के लिए न्याय चाहिए : सुदेश महतो



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा कि गठबंधन की सरकार के भ्रष्टाचार को शिष्टाचार बनाने के लिए न्याय चाहिए। सत्तारूढ़ दल अन्याय करने के लिए न्याय यात्रा पर निकला है। इन्होंने पूरे देश में राज्य के परिचय को बदल कर साख को खराब किया है। कोयला, पत्थर, बालू जैसे खनिज संपदा को बेचने वाली यह सरकार अब युवाओं की नौकरी भी बेच रही है। महतो गुरुवार को केंद्रीय कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के प्रदेश महासचिव निकेश कुमार लाल और पार्टी के केंद्रीय सदस्य अभिरंजन तिवारी के नेतृत्व में कई युवाओं और बुद्धिजीवियों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। साथ ही एप्सेंसिस ग्रुप के निदेशक और सीईओ मनीष कुमार पांडेय ने पार्टी के विचारों से प्रभावित होकर पार्टी का दामन थामा।पार्टी में शामिल हुए सभी लोगों का स्वागत करते हुए सुदेश कुमार महतो ने कहा कि आप सभी को सामाजिक दायित्व को पूरा करने के लिए राजनीतिक दायित्व और जवाबदेही को निभाना होगा। अलग-अलग पेशे के लोग आजसू से जुड़ रहे हैं। युवाओं के राजनीति में आने से अच्छा माहौल पूरे प्रदेश में विकसित हो रहा है। यह एक बड़े विचार को खड़ा करेगा। आने वाले समय में आजसू पार्टी का दायित्व बढ़ने वाला है। हमने हर विचार को जगह देने का काम किया है। राजनीति थोपी हुई विचारों से नहीं चलती है। आम विचारों को नेतृत्व करने वाली पार्टी आजसू है।निकेश कुमार लाल ने कहा कि सुदेश महतो के विचारों से पिछले कई सालों से जुड़ा हुआ हूं। राज्य की परिस्थिति और जनता की सेवा के लिए आज आजसू पार्टी में शामिल हो रहा हूं। आजसू पार्टी जो भी कार्य करने का निर्देश देगी उसका हम पालन करेंगे। राज्य को प्रगति पथ पर ले जाने के लिए सुदेश महतो के नेतृत्व की आवश्यकता है। मिलन समारोह को अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की प्रदेश अध्यक्ष अधिवक्ता प्राची नारायण, युवा प्रदेश अध्यक्ष मनीष कुमार सिन्हा, प्रो. दीपक कुमार गुप्ता, रेखा सिन्हा और मनीष कुमार पांडे ने भी संबोधित किया।

# झामुमो कार्यकर्ताओं ने एक दिवसीय आमरण अनशन का आयोजन किया




प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** झामुमो जिला अध्यक्ष मुस्ताक आलम के नेतृत्व में झामुमो कार्यकर्ताओं द्वारा एक दिवसीय आमरण अनशन का आयोजन मोरहाबादी के बापू वाटिका के समक्ष किया गया है । झामुमो रांची जिला अध्यक्ष मुस्ताक अहमद ने कहा यह केंद्र सरकार और ईडी के खिलाफ हम लोग आमरण अनशन कर रहे हैं । उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को ईडी के माध्यम से बेवजह उन्हें परेशान किया जा रहा है। यह सब बीजेपी के इशारे पर किया जा रहा है। हम लोग इसका डट कर मुकाबला करेंगे। जब तक वह रिहा नहीं हो जाते तब तक हम लोग इस तरह का प्रदर्शन करते रहेंगे । वहीं राज्यसभा सांसद डॉक्टर महुआ माजी ने कहा कि सभी लोगों को पता है कि हमारे पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन में राज्य के विकास के लिए और राज्य की जनता के लिए कितना काम किया है वह किसी से छिपी नहीं है । उनके कार्यों को देखते हुए विपक्षी पार्टी को परेशानियां हो रही है कि कैसे हुए 2024 में मुकाबला कर सकेंगे। इन सबको देखते हुए एक साजिश के तहत हमारे नेता हमारे पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जेल भेजने का काम किया गया है । कौन नहीं जानता है कि भाजपा के कई ऐसे संसद या विधायक है जिस पर कई मामले दर्ज हैं, उन पर क्यों नहीं ईडी कार्रवाई कर रही है । हम लोग इस तरह का प्रदर्शन करते रहेंगे। वहीं झामुमो नेता जितेंद्र गुप्ता ने कहा कि लाख कोशिश कर ले लेकिन बहुत दिनों तक पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को कैद नहीं रख सकेंगे। जितना परेशान कर रहे हैं आने वाले समय में सब साफ हो जाएगा, पारदर्शिता के साथ सब कुछ सामने आएगा। क्योंकि राज्य की जनता सब देख रही है और जान रही है। जनता में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का प्रति विश्वास बढ़ा है। झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रति लोगों का विश्वास बढ़ रहे हैं और लगातार झारखंड मुक्ति मोर्चा से जुड़ रहे है । इस आमरण अनशन में झारखंड मुक्ति मोर्चा के कई नेता कार्यकर्ता कारण शामिल थे।

## सस्टेनेबल ट्रांजिशन के लिए संस्थागत ढांचा तैयार करने की जरूरत : विकास आयुक्त

**रांची :** इंटरनेशनल कांफ्रेंस सस्टेनेबल जस्ट ट्रांजिशन फॉर फ्यूचर रेडी, झारखंड के दूसरे दिन गुरुवार को जस्ट ट्रांजिशन से संबंधित वैश्विक परिप्रेक्ष्य और बेस्ट प्रैक्टिसेज पर विमर्श हुआ। समापन समारोह की अध्यक्षता करते हुए विकास आयुक्त अविनाश कुमार ने सततशील विषय एवं हरित विकास के लिए एनर्जी ट्रांजिशन को अनिवार्य बताते हुए कहा कि इस प्रक्रिया में सामाजिक आकांक्षाओं, पर्यावरण संरक्षण और आर्थिक विकास के बीच संतुलन साधना आवश्यक है। उन्होंने सस्टेनेबल ट्रांजिशन से संबंधित संस्थागत ढांचा तैयार करने की जरूरत पर बल दिया। इस अवसर पर प्रधान सचिव स्वास्थ्य विभाग अजय कुमार सिंह ने कहा कि ग्रीन इकोनॉमी को बढ़ावा देने के लिए सस्टेनेबिलिटी और इन्क्लूसिविटी के उपायों में आदिवासी ज्ञान का सामवेश एवं अन्य स्टेकहोल्डर्स का क्षमतावर्द्धन आदि कदम इसे प्रभावी बनाने में सहायक होगा।

# महिला होगी आत्मनिर्भर तो समाज स्वतः होगा सशक्त : मुख्यमंत्री योगी



**मुख्यमंत्री योगी गुरुवार को योगिराज बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह में नारी शक्ति वंदन सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।**

एजेंसी

**गोरखपुर :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यदि एक महिला आत्मनिर्भर होती है तो समाज स्वतः सशक्त होता है। जिस समाज में महिला सशक्त होती है, उस समाज को आगे बढ़ने से कोई नहीं रोक सकता। वर्ष 2047 में जब देश आजादी का 100वां वर्ष पूरा करेगा तो हमें एक विकसित भारत मिलेगा, जिसमें देश की आधी आबादी अपना विकास करेगी। महिला सशक्तिकरण के लिए सरकार प्रत्येक स्तर पर प्रयास करेगी ताकि उनकी सुरक्षा, सम्मान व स्वावलम्बन का कार्य सुनिश्चित रहे। मुख्यमंत्री योगी गुरुवार को योगिराज बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह में नारी शक्ति वंदन सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) से जुड़ी लाभार्थी महिलाओं से संवाद और 3617 स्वयं सहायता समूहों को 54 करोड़ 25 लाख रुपये का अंशकालिक ऋण भी वितरित किया।कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि आधी आबादी को विकसित करके ही सरकार विकास की नई ऊंचाईयों को प्राप्त कर पायेगी।

सरकार सभी महिलाओं को आश्वस्त करती है कि उनके हितों के लिए सरकार पूरी प्रतिबद्धता से कार्य करेगी। शासन की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य पूरी जिम्मेदारी के साथ करेगी। पीएम मोदी के नारी सम्मान व सुरक्षा के विजन के अनुसार गोरखपुर के सभी महिला स्वयं सहायता समूहों एवं एनजीओ, राष्ट्रीय ग्रामीण आजिविका मिशन के तहत अपने पैरों पर खड़ा होकर स्वावलम्बन का जीवन व्यतीत कर रही है। सीएम योगी ने कहा कि पिछले लोकसभा सत्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकसभा व विधानसभा में महिलाओं के प्रतिनिधित्व को बढ़ाने के लिए नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित किया। इसके तहत अब लोकसभा व विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण का लाभ प्राप्त होगा। विगत समय से लोकसभा व विधानसभाओं में देश की आधी आबादी का प्रतिनिधित्व बहुत कम था। अब बिना किसी भेदभाव के उनका 33 प्रतिशत स्थान आरक्षित रहेगा।मुख्यमंत्री ने कहा कि पीएम मोदी ने महिला सशक्तिकरण के लिए विभिन्न कार्यक्रम शुरू किये हैं। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, मातृ वंदना योजना आदि की केन्द्र बिन्दु महिलाएं रही हैं।